CMYK

अधिकतम :27°C
न्यूनतम: 12°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, बुधवार 12 नवम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 88 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 20 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




महाभारत सर्किट के विकास के लिए दो करोड़ का बजट स्वीकृत पेज 2




सम्राट राणा ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक खेल टाइम्स



बिहार में चुनाव और दिल्ली में विस्फोट सम्पादकीय



इस्लामाबाद कोर्ट कैंपस ब्लास्ट में 12 की मौत, 36 लोग घायल पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### आजम खां भड़काऊ भाषण केस में बरी नहीं मिल पाए साक्ष्य

**रामपुर।** सिविल लाइंस थाने में छह साल पहले सपा नेता आजम खां पर दर्ज भड़काऊ भाषण के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। मंगलवार को हुई सुनवाई में साक्ष्य के अभाव में आजम खां को बरी कर दिया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में तत्कालीन एसडीएम सदर पीपी तिवारी की ओर से सपा नेता आजम खां के खिलाफ भड़काऊ भाषण का मामला दर्ज कराया गया था। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन था। इस मामले में अभियोजन और बचाव पक्ष की ओर से अंतिम बहस पूरी हो चुकी थी। मंगलवार को इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के लिए सपा नेता आजम खां दोपहर में कोर्ट पहुंचे, जहां पर मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट शोभित बंसल ने साक्ष्य के अभाव में सपा नेता को बरी कर दिया।

### बीजापुर में मुठभेड़ छह माओवादी ढेर हथियार बरामद

**बीजापुर।** बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुबह 10 बजे से सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ हुई। जानकारी के अनुसार अब तक 6 माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। मौके से ऑटोमैटिक हथियार, इंसॉस राइफल, स्टेनगन, .303 राइफल, विस्फोटक सामग्री सहित भारी मात्रा में माओवादी सामग्री भी जब्त की गई है। माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने मंगलवार सुबह सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान नेशनल पार्क क्षेत्र में माओवादियों से मुठभेड़ शुरू हुई, जो सुबह 10 बजे से रुक-रुक कर जारी है।

### दिल्ली कार धमाके के बाद पाकिस्तानी वायुसेना अलर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली धमाके के बाद पाकिस्तान ने घबराहट में राजस्थान से लगी सीमा पर वायु सेना की पेट्रोलिंग शुरू करा दी। उसकी तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने एक इमरजेंसी बैठक की। पीएम शहबाज शरीफ भी एनएसए और डीजी आईएसआई के साथ देर रात तक बैठकें करते रहे। इसी बीच जैसलमेर के बाड़मेर में सेना का युद्धाभ्यास ऑपरेशन त्रिशूल चल रहा है। इसमें पाकिस्तानी सीमा के पास हाईवे पर जगुआर फाइटर जेट उतारा गया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह सबसे बड़ा युद्धाभ्यास है।

### तमिलनाडु- बंगाल में SIR, सुप्रीम कोर्ट ने ईसी से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर चुनाव आयोग (ईसी) से अलग-अलग जवाब मांगे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ईसी से दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। दोनों राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ डीएमके, सीपीआई (एम), पश्चिम बंगाल कांग्रेस इकाई और टीएमसी नेताओं ने याचिकाएं दाखिल की थीं। कोर्ट ने तमिलनाडु में एसआईआर का समर्थन करने वाली एआईएडीएमके पार्टी की याचिका को भी सुनवाई में शामिल करने की परमिशन दी।

# 16 एग्जिट पोल में बिहार में एनडीए सरकार

पटना/नई दिल्ली, वार्ता

- 154 सीटों के साथ एनडीए को बहुमत, महागठबंधन 83 सीटों पर सिमट रहा, पीके की जन सुराज बेअसर
- पिछले दो चुनावों में गलत साबित हुए थे एग्जिट पोल, बिहार में एग्जिट पोल पूरी तरह भरोसेमंद नहीं रहे



**बिहार चुनाव** के एग्जिट पोल में एनडीए की बड़ी बढ़त के संकेत मिले हैं। 16 एजेंसियों के पोल ऑफ पोल्स में एनडीए को 154 सीटें मिलने का अनुमान है। महागठबंधन 83 सीटों पर सिमटता दिख रहा है, जबकि अन्य के खाते में 5 सीटें जा सकती हैं। पहली बार चुनाव में उतरी प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी बेअसर नजर आ रही है। उसे 3-5 सीटें मिलने का अनुमान है।

पिछले चुनाव में एनडीए को 125, महागठबंधन को 110 और अन्य को 8 सीटें मिली थीं। यानी इस बार एनडीए को करीब 29 सीटों का फायदा, जबकि महागठबंधन को 28 सीटों का नुकसान होता दिख रहा है। राज्य में 243 सीटों पर 2 फेज में चुनाव हुआ। पहले फेज में 121 सीटों पर 65 फीसदी वोटिंग हुई है। वहीं दूसरी फेज में रिकॉर्ड 68.5 फीसदी मतदान हुआ है। रिजल्ट 14 नवम्बर को आएगा। पिछले 3 विधानसभा चुनावों (2010, 2015, 2020) के एग्जिट -**शेष पृष्ठ दो पर**



### आजादी के बाद पहली बार 68.55% मतदान

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 सीटों पर बंपर वोटिंग हुई है। शाम पांच बजे तक ही मतदाताओं ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। मतदान खत्म होने के बाद 68.55 फीसदी वोटिंग हुई। आजादी के बाद पहली बार इतना मतदान हुआ है। गया के नक्सल प्रभावित इलाके में भी सफल मतदान संपन्न हुआ। एक समय यहां नक्सल दस्ते की सक्रियता इतनी थी कि वर्ष 2016 में डुमरी नाला ब्लास्ट में 10 कोबरा जवान शहीद हुए थे। लेकिन अब यह इलाका नक्सल मुक्त घोषित किया जा चुका है। इस क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर उल्लेखनीय मतदान हुआ।

### दिल्ली में ग्रैप-3 लागू, 5वीं तक के स्कूल होंगे ऑनलाइन/ऑफलाइन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने ग्रैप- 3 लागू होने के बाद दिल्ली में पांचवीं कक्षा तक के स्कूलों को ऑनलाइन/ऑफलाइन करने का निर्णय लिया है। सीएक्यूएम ने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर ग्रैप- 3 लागू कर दिया है। सीएक्यूएम ने कहा कि राजधानी दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में हवा की गुणवत्ता को और बिगड़ने से रोकने के प्रयास में ग्रैप-3 के सभी उपायों को तुरंत लागू करने का फैसला किया है। दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने सीएक्यूएम के आदेश का हवाला देते हुए 5वीं कक्षा के स्कूलों को ऑनलाइन/ऑफलाइन रूप से संचालित करने का निर्णय लिया है।

# डा.उमर का दोस्त डा. सज्जाद गिरफ्तार

## करीब 20 घंटे बाद एनआईए को सौंपी जांच, मृतक संख्या बढ़कर 12 हुई, दो महिलाएं भी शामिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार शाम हुए कार ब्लास्ट की जांच करीब 20 घंटे बाद एनआईए को सौंप दी गई। इस बीच ब्लास्ट में मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 12 हो गई। इनमें 2 महिलाएं हैं। 20 घायलों का इलाज जारी है। लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास सोमवार शाम करीब 6.52 बजे हुए ब्लास्ट में जिस सफेद आई-20 कार का इस्तेमाल हुआ, उसका सीसीटीवी फुटेज मंगलवार को सामने आया। मेट्रो स्टेशन की पार्किंग से निकल रही कार में काला मास्क पहने एक शख्स बैठा दिखाई दिया।

पुलिस के मुताबिक कार में बैठे शख्स का नाम डा. मोहम्मद उमर नबी है। वह पुलवामा का रहने वाला है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक उसने विस्फोटकों से खुद को उड़ा लिया था। उसके डीएनए टेस्ट के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुलवामा में उसके माता-पिता और दो भाइयों को हिरासत में लिया है। पुलवामा से ही उमर के दोस्त डा. सज्जाद को भी हिरासत में लिया गया। उसकी एक दिन पहले ही शादी हुई है। इधर हरियाणा के फरीदाबाद से एक महिला डा. शाहीन शाहिद की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस के मुताबिक शाहीन भारत में जैश-ए-मोहम्मद की महिला विंग जमात-उल-मोमीनात की हेड थी। पाकिस्तान में आतंकी अजहर मसूद की बहन सादिया इसकी चीफ है। फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीमों ने ब्लास्ट वाली जगह से सबूत जुटाए हैं। यहां से कई सैंपल लिए गए हैं। ब्लास्ट के वाहनों के हिस्से कई मीटर दूर जाकर गिरे थे। ब्लास्ट की तीव्रता इतनी तेज थी कि धमाके वाली जगह से काफी दूर खड़ी एक कार के दोनों एयर बैग ऑटोमैटिक खुल गए थे। कार की विंडशील्ड भी क्षतिग्रस्त हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लालकिले के पास ब्लास्ट को अंजाम देने वाला डा. मोहम्मद उमर नबी 3 दिन से अंडरग्राउंड था। तब से उसे पता चला था कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने फरीदाबाद में डा. मुजम्मिल को गिरफ्तार किया है। तब से ही वो गायब था। उसने अपना मोबाइल भी ऑफ कर लिया था। परिवार से भी उसका कोई संपर्क नहीं हुआ था। दिल्ली विस्फोट के बाद उत्तर प्रदेश के बहराइच में भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इंडो-नेपाल बॉर्डर पर एसएसबी ने व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया है। दिल्ली में बम ब्लास्ट के बाद राजस्थान में भारत- पाकिस्तान बॉर्डर से सटे सीमावर्ती जिलों में बीएसएफ (बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स) ने चौकसी बढ़ा दी है।

### दिल्ली ब्लास्ट: डीएनए टेस्ट के लिए भाई व मां-बाप हिरासत में, फरीदाबाद से डा. शाहीन जैश महिला विंग की हेड गिरफ्तार




### सीसीटीवी में पुलवामा का डाक्टर कार चलाते दिखा

- दावा: फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा था, तीन डाक्टरों की गिरफ्तारी के बाद किया धमाका

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार शाम लालकिला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास सफेद रंग की जिस हुंडई आई-20 कार में धमाका हुआ, उसका एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में काले रंग का मास्क पहने एक शख्स पार्किंग एरिया से कार लेकर निकलता दिखाई दिया।

सूत्रों के अनुसार, कार में बैठे संदिग्ध व्यक्ति का चेहरा पेशे से डा. मोहम्मद उमर नबी से मेल खाता है। डाक्टर उमर पुलवामा का रहने वाला है। उस पर जैश-ए-मोहम्मद आतंकी मॉड्यूल से जुड़े होने का आरोप है। सुरक्षा एजेंसियों को शक है वह फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा था।

### दिल्ली धमाके में यूपी के पांच लोगों की मौत

**लखनऊ।** लालकिला मेट्रो स्टेशन के नजदीक कार में हुए धमाके में 12 लोगों की मौत हुई, जिसमें से पांच लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। इन पांच लोगों में दो अमरोहा जिले के अशोक, लोकेश, मेरठ के मोहसिन, श्रावस्ती के दिनेश और शामली के नोमान हैं। शामली के झिंझाना निवासी 22 वर्षीय नोमान अंसारी कस्बे में कास्मेटिक की दुकान करता था। सोमवार शाम वह अमन के साथ सामान खरीदने दिल्ली गया था। पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने के बाद वहां से निकल रहे थे कि इस दौरान तेज धमाका हुआ, जिसमें नोमान की मौत हो गई, जबकि उसका भाई अमन गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलने पर सीओ कैराना, झिंझाना पुलिस भी नोमान के घर पहुंची और मामले की जानकारी ली। वहीं, मेरठ के न्यू इस्लामनगर गली नंबर-28 निवासी मोहसिन पुत्र रफीक दो साल पहले पत्नी सुलताना दो बच्चों के साथ दिल्ली में जामा मस्जिद स्थित पत्ता मोहल्ले में किराये के मकान में रहता था। रोजाना की यह सोमवार को ई रिक्शा चलाने के लिए गया था। शाम को एक कार में धमका हुआ, जिसकी चपेट में मोहसिन भी आ गया था और उसकी मौत हो गई। मोहसिन के भाई का कहना है कि करीब तीन घंटे तक तलाश के बाद भाई का शव मिला। अमरोहा के हसनपुर निवासी खाद विक्रेता लोकेश अग्रवाल अपनी समधन शशि अग्रवाल का कुशलक्षेम जानने दिल्ली पहुंचे थे।

# दिल्ली धमाके के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा: मोदी

**थिम्फू।** भूटान के दो दिवसीय दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में हुई कार विस्फोट की घटना पर दुख व्यक्त किया और साथ ही ये भी कहा कि इस घटना के जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने दिल्ली विस्फोट की घटना को साजिश करार दिया।

उन्होंने ये भी कहा कि वे बीती रात जांच एजेंसियों के संपर्क में रहे और धमाके से जुड़ी जानकारी लेते रहे। सोमवार शाम दिल्ली में बम धमाका हुआ और पीएम मोदी तय कार्यक्रम के अनुसार, मंगलवार सुबह भूटान पहुंचे। यहीं उन्होंने दिल्ली विस्फोट की घटना पर बयान दिया। पीएम मोदी ने थिम्फू में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज मैं यहां बहुत भारी मन से आया हूं। सोमवार शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी के मन को व्यथित कर दिया है। मैं पीड़ित



- इसकी तह तक जाएंगे, भूटान में बोले प्रधानमंत्री

परिवारों का दुख समझता हूं। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। मैं सोमवार रातभर इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ, सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ संपर्क में था। हमारी एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी। इसके पीछे के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### दिल्ली ब्लास्ट की जांच तीन एंगल पर कर रही पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास धमाके से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज मंगलवार को सामने आने के बाद पुलिस की जांच 3 एंगल (डा. उमर के मूवमेंट, फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल और विस्फोटक) पर फोकस हो गई है। दरअसल, ब्लास्ट में जिस सफेद आई-20 कार का इस्तेमाल हुआ था, उसके एक सीसीटीवी फुटेज में डा. मो. उमर नबी नजर आया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, उमर ने आत्मघाती धमाका किया। विस्फोट में अमोनियम नाइट्रेट, फ्यूल और डेटोनेटर का इस्तेमाल किया गया था। दिल्ली में धमाके से एक दिन पहले, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने फरीदाबाद में एक आतंकी मॉड्यूल से जुड़े 3 तीन डाक्टरों सहित 8 लोगों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 2,900ाह विस्फोटक बरामद हुआ था।

# निठारी कांड का दोषी सुरेंद्र कोली बरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** निठारी हत्याकांड के दोषी ठहराए गए सुरेंद्र कोली को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मंगलवार को उच्चतम न्यायालय ने कोली की क्यूरेटिव याचिका स्वीकार कर ली, जिसके बाद अब वह जेल से बाहर आ सकेगा, क्योंकि बाकी सभी मामलों में वह पहले ही बरी हो चुका है।

यह आदेश मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने दिया, जिसने कोली की याचिका पर खुले कोर्ट में सुनवाई की थी। अदालत ने कोली की सजा को रद्द करते हुए कहा कि अगर वह किसी



- सुप्रीम कोर्ट ने कोली की क्यूरेटिव याचिका स्वीकारी, 18 साल बाद रिहाई का रास्ता हुआ साफ

और मामले में वांछित नहीं हैं, तो उसे तुरंत रिहा किया जाए। यह फैसला उन परिवारों और कानूनी हलकों के लिए अहम है, जो पिछले 18 वर्षों से इस मामले पर नजर रखे हुए थे। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि अभियोजन पक्ष सुरेंद्र कोली के खिलाफ ठोस और विश्वसनीय सबूत पेश नहीं कर पाया। अदालत ने माना कि जांच के दौरान कई गंभीर प्रक्रियागत खामियां रहीं, जिसके चलते दोषसिद्धि बरकरार नहीं रखी जा सकती। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि किसी व्यक्ति को सिर्फ परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर उम्रकैद या फांसी नहीं दी जा सकती, जब तक कि आरोप बिना किसी संदेह के साबित न हों। सुरेंद्र कोली 2006 के नोएडा निठारी कांड में मुख्य आरोपी था। उस वक्त निठारी गांव में बच्चों के गायब होने और फिर उनके शवों के मिलने से पूरे देश में सनसनी फैल गई थी।

# ट्रम्प भारत पर धीरे-धीरे टैरिफ घटाएंगे

वाशिंगटन, वार्ता

- कहा: नई ट्रेड डील जल्द, भारतीयों को मुझसे अभी प्यार नहीं, लेकिन फिर से करने लगेंगे, मोदी के साथ मेरे शानदार संबंध

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि भारत और अमेरिका एक नए व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत पर लगे टैरिफ को धीरे-धीरे कम करेगा।

यह बयान भारत में नए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान ओवल आफिस में दिया गया। ट्रम्प ने कहा कि वे मुझसे अभी प्यार नहीं करते, लेकिन वे मुझसे फिर प्यार करेंगे। हमें एक अच्छा सौदा मिल रहा है। भारत पर टैरिफ कम करने के सवाल पर ट्रम्प ने कहा कि भारत पर ऊंचे टैरिफ रूसी तेल खरीदने की वजह से लगाए गए थे, लेकिन अब भारत ने रूसी तेल की खरीद बहुत कम कर दी है। उन्होंने कहा कि हां, हम टैरिफ कम करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है, दुनिया का सबसे बड़ा देश है और इसकी



आबादी 1.5 अरब से ज्यादा है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के साथ हमारे शानदार संबंध हैं और सर्जियो ने इसे और बढ़ाया है। ट्रम्प ने आगे कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला वर्ग भी है, और यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण आर्थिक और रणनीतिक सुरक्षा साझेदार है। राजदूत के रूप में सर्जियो हमारे देश के बंधन को मजबूत करने, प्रमुख अमेरिकी उद्योगों में निवेश को बढ़ावा देने, अमेरिकी ऊर्जा निर्यात को बढ़ाने और हमारे सुरक्षा सहयोग का विस्तार करने के लिए काम करेंगे। भारत के कामर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने 5 नवम्बर को कहा था कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। हालांकि उन्होंने कहा था कि कुछ संवेदनशील मुद्दे अभी बाकी हैं, इसलिए समय लग रहा है। फरवरी 2025 में शुरू हुए इस समझौते का लक्ष्य है कि 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार 191 अरब डॉलर से बढ़कर 500 अरब डॉलर हो जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### महाभारत सर्किट के विकास को दो करोड़ का बजट स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने महाभारत सर्किट के अंतर्गत मेरठ जिला स्थित परीक्षितगढ़ के श्रृंगी ऋषि आश्रम के समेकित पर्यटन विकास की महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी दी है। इसके लिए राज्य सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इस परियोजना के लिए दो करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। श्रृंगी ऋषि आश्रम के संबंध में यह मान्यता है कि यहीं से कलियुग की शुरुआत हुई थी। महाभारत काल की कई प्रमुख घटनाएं इसी क्षेत्र से जुड़ी मानी जाती हैं। यह स्थल ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मेरठ के इस प्राचीन स्थल पर ऋषि श्रृंगी और ऋषि शमीक की प्रतिमाएं स्थापित हैं, जो पर्यटकों में विशेष आकर्षण का केंद्र हैं।

### चीनी उत्पादन में दर्ज हो सकती है दो प्रतिशत की बढ़ोतरी

**लखनऊ।** गन्ने के रकबे में मामूली गिरावट के बावजूद उत्तर प्रदेश में चीनी उत्पादन लगभग स्थिर रहने की संभावना है। भारतीय चीनी मिल संघ के शुरुआती अनुमानों के अनुसार, 2025-26 में राज्य में चीनी उत्पादन में करीब दो प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हो सकती है। अधिकारियों के मुताबिक हालांकि यह वृद्धि यूपी को देश का शीर्ष उत्पादक राज्य बनाए रखने के लिए पर्याप्त नहीं होगी, क्योंकि महाराष्ट्र में उत्पादन में भारी उछाल का अनुमान लगाया गया है। आईएसएमए ने देशभर में चीनी उत्पादन में 18-5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 39 प्रतिशत तक बढ़ सकता है, जो पिछले साल की तुलना में जयादा है।

# लेसा में 5600 पद खत्म योगी से हस्तक्षेप की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ की बिजली व्यवस्था को बचाने के लिए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, यूपी के केंद्रीय पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है।

समिति ने आरोप लगाया है कि रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर लेसा (लखनऊ इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई एडमिनिस्ट्रेशन) में 5606 पद समाप्त कर दिए गए हैं, जिससे सभी वर्गों के बिजली कर्मियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि प्रबंधन द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, लेसा में कुल 5606 पद खत्म किए गए हैं, जिनमें 3305 संविदा कर्मियों

**रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर समाप्त कर दिए पद**

और 2301 नियमित कर्मचारियों के पद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर यह कदम निजीकरण की तैयारी जैसा है, जो राजधानी की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह पटरी से उतार देगा। उन्होंने कहा कि इस आदेश का सबसे बड़ा असर संविदा कर्मियों पर पड़ा है। 15 मई 2017 के शासनादेश के अनुसार शहरी क्षेत्र के प्रत्येक विद्युत उपकेंद्र पर 36 कर्मचारी होने चाहिए, जबकि लखनऊ में 154 उपकेंद्र हैं। इस आधार पर 5544 संविदा कर्मियों की आवश्यकता है, लेकिन नई व्यवस्था में यह संख्या घटाकर केवल 2239 कर दी गई है।

## शाह इस्तीफा देकर घर चले जाएं: राय

**लखनऊ।** दिल्ली के लाल किले के सामने हुए धमाके के बाद यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि वो तो कहते हैं कि कोई घुसपैठिया नहीं घुस रहा, तो ये घटनाएं कैसे हो रही हैं।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कुछ दिन पहले पहलगाम में हमारे बच्चों की हत्या कर दी गई। वो देख रहे हैं कि क्या हो रहा है, फिर भी कहते रहते हैं कि वो सब ठीक कर देंगे। इससे पहले 2019 के चुनावों से ठीक पहले पुलवामा में घटना हुई थी, इस हमले की भी कोई जांच नहीं हुई। पूरा देश तनाव में है, कई निर्दोष लोग मारे गए हैं। अब इस घटना की जिम्मेदारी कौन लेगा? इसके लिए सीधे तौर पर अमित शाह जिम्मेदार हैं, उन्हें तुरंत इस्तीफा देकर घर जाना चाहिए। ये सीधे तौर पर सरकार की विफलता है।

# दिल्ली धमाकाः सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न

## लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोट की घटना अति-दुखद : मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट की घटना को अत्यंत दुखद और निदनीय बताया है।

उन्होंने कहा कि यह घटना देश की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। मायावती ने इस हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सरकार से घायलों के समुचित इलाज और पीड़ित परिवारों की हरसंभव मदद की मांग की है। मंगलवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मायावती ने पंजाब, हरियाणा, पश्चिम बंगाल और उड़ीसा राज्यों में पार्टी संगठन की



समीक्षा बैठक की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ जमीनी स्तर पर पार्टी के जनाधार के विस्तार के लिए कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। मायावती ने कहा कि इन राज्यों में गरीब, किसान और आम जनता की स्थिति चिताजनक है। भाजपा शासित प्रदेशों में लोगों की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, जिससे साबित होता है कि सरकारें बदलने से भी जनता की स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बीएसपी अपने सिद्धांतों और डा. भीमराव अंबेडकर के मिशन पर अडिग है और समाज के कमजोर वर्गों, गरीबों और किसानों की आवाज उठाती रहेगी। मायावती ने बताया कि आगामी छह दिसम्बर को पार्टी डा. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगी। जो देशभर में समान रूप से मनाया जाएगा, ताकि समाज में समानता और बंधुत्व के मूल्यों को सशक्त किया जा सके। मायावती ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता दें और संविधान की भावना के अनुरूप देश सेवा में समर्पित रहें।

### बम धमाके की घटना दुखदः फारूक

**श्रीनगर।** मीरवाइज उमर फारूक ने सोमवार शाम दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास कार बम विस्फोट पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। मीरवाइज ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली में हुए कार बम विस्फोट से दुखी हूं, जिसमें कई लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए।' शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। ईश्वर इस त्रासदी के सभी पीड़ितों को धैर्य प्रदान करें।

## बाराबंकी में परियोजनाओं के शिलान्यास पर बोले योगी

# वंदे मातरम के विरोधियों को पहचानें

बाराबंकी, वार्ता

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाराबंकी के फतेहपुर तहसील क्षेत्र के झांसापुरवा गांव पहुंचे। यहां सीएम योगी ने 1734 करोड़ रुपये की 254 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जिले को बड़ी सौगात दी।

सीएम ने कहा कि आज भी कुछ लोग हैं, जो रहेंगे हिंदुस्तान में, खाएंगे हिंदुस्तान में, लेकिन वंदे मातरमनहीं गाएंगे, हम उनकी मंशा को समझें। जो लोग वंदे मातरम का विरोध कर रहे हैं, वे भारत माता का विरोध कर रहे हैं। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से



पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, फिर जनसभा स्थल पर सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार काशी विश्वनाथ की तर्ज पर महादेवा कॉरिडोर बनाने का कार्य कर रही है। योगी ने कहा कि जो लोग वंदे मातरम का विरोध करते हैं, वे भारत माता का विरोध कर रहे हैं। ऐसे लोगों के लिए इस देश में कोई स्थान नहीं होना चाहिए. जो योजनाओं के लाभ लेने के लिए पहली लाइन में खड़े होते हैं, वही वंदे मातरम गाने से इन्कार करते हैं। हमें ऐसे चेहरों को पहचानने की जरूरत है। योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सभी धर्मस्थलों के विकास के लिए कार्य कर रही है।

### पटेल ने रियासतों को एकसूत्र में बांधा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक ओर भारत की अखंडता के शिल्पकार सरदार पटेल की जयंती के 150 वर्ष पूरे हुए हैं, वहीं वंदे मातरम गीत की रचना के भी 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की एकता को अंग्रेजों ने तोड़ने की साजिश रची थी, लेकिन सरदार पटेल की सूझबूझ से देश की रियासतें एक धागे में बंध सकीं।

### राष्ट्रीय एकता के लिए एकजुट हों

सीएम ने कहा कि बाराबंकी के प्रगतिशील किसान इतिहास रच रहे हैं, औद्योगिक विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने केडी सिंह बाबू की हवेली को म्यूजियम के रूप में विकसित करने की जानकारी दी। सीएम योगी ने आगे कहा कि राष्ट्रीय एकता के लिए सबको अपने मनमुटाव छोड़कर एकजुट होना होगा, जब देश एक होगा, तभी विकास की गति और तीव्र होगी।

## जल पुरस्कार घोषित, राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी सम्मानित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय में राष्ट्रीय जल पुरस्कार तथा जल संचयन में उल्लेखनीय योगदान के लिए 2024 के पुरस्कारों की घोषणा की है। जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील ने इन पुरस्कारों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 नवम्बर को राष्ट्रीय राजधानी के विज्ञान भवन में विजेताओं को एक समारोह में पुरस्कार प्रदान करेंगी। जलशक्ति मंत्री ने बताया कि इस वर्ष, राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के साथ-साथ, जल संचय जन भागीदारी के विजेताओं को भी पुरस्कार प्रदान करेंगी। जल संचय के क्षेत्र में पुरस्कारों का पहला संस्करण है। मंत्रालय का मानना है कि पुरस्कार विजेताओं के प्रयास नागरिकों को जल संरक्षण और प्रबंधन में योगदान देने के लिए और प्रोत्साहित करेंगे।

# बिहार चुनाव में भाजपा हार की ओर : अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पहले चरण के मतदान से ही यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा बिहार में चुनाव हार रही है।

मंगलवार को पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बात. चीत में अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण में लगभग आधा मतदान हुआ था, जिसमें जनता ने अपना रुख साफ कर दिया है। बिहार की जनता बदलाव चाहती है और महागठबंधन बहुमत से आगे निकल जाएगा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी विभाजन की राजनीति के खिलाफ है और वह एकजुटता, विकास और समावेशी सोच की



**दिल्ली धमाके की जांच सामने आनी चाहिए**

राजनीति करती है। उन्होंने बताया कि पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दे रही है ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची में पात्र लोगों के नाम जुड़वाने और संगठन को मजबूत करने का काम करें। दिल्ली विस्फोट पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जांच का भरोसा दिया है, अब पूरे देश को इंतजार है कि सच्चाई सामने आए।



सेंसेक्स 83535.35
निफ्टी 25574.35



सोना रु. 122494
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 150660
प्रति किलो



# ट्रम्प के बयान से चढ़ा शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत के साथ व्यापार समझौता जल्द होने के बयान से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही।

शुरुआती कारोबार में गिरावट में रहने के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 335.97 अंक (0.40 प्रतिशत) की बढ़त के साथ बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 120.60 अंक यानी 0.47 प्रतिशत उछलकर 25,694.95 अंक पर पहुंच गया। आईटी और ऑटो सेक्टरों में सबसे अधिक लिवाली देखी गई। धातु, एफएमसीजी और निजी बैंकों के समूहों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। वित्तीय सेवाओं, सार्वजनिक बैंकों और रियलिटी सेक्टरों के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत और



अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द होने की उम्मीद है। इससे शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजबूत हुई। हालांकि छोटी कंपनियों में निवेशक बिकवाल रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.58 प्रतिशत मजबूत हुआ जबकि निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.21 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में जिन 3,203 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही उनमें 1,562 में गिरावट और 1,561 में तेजी रही। वहीं, 80 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 24 कंपनियों के शेयरों में तेजी और शेष छह में गिरावट रही। बीईएल का शेयर सबसे अधिक 2.52 प्रतिशत की बढ़त में रहा। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2.40 फीसदी, अडानी पोर्ट्स का 2.11 प्रतिशत और एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.89 प्रतिशत चढ़ा।

इटरनल का शेयर 1.44 फीसदी, इंफोसिस का 1.06, भारती एयरटेल का 1.06 और सनफार्मा का 1.01 प्रतिशत मजबूत हुआ। एलएंडटी, हिंदुस्तान यूनीलिवर, अल्ट्राटेक सीमेंट ट्रेंट, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी हरे निशान में रहे। एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। जापान का निक्केई 0.14 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.39 प्रतिशत टूट गया। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 0.18 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ।

यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.11 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.83 प्रतिशत की बढ़त में था।

## सोना 1.24 लाख प्रति 10 ग्राम , चांदी भी महंगी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में मंगलवार को बढ़त देखी गई । इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम सोना 1,688 रुपए बढ़कर 1,24,129 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी 3,117 रुपए बढ़कर 1,54,760 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गई है।

इस साल अब तक सोने की कीमत 47,967 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,24,129 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 68,743 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,54,760 रुपए प्रति किलो हो गई है। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में सोने के दामों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। हालांकि शादियों का सीजन चालू हो चुका है इससे सोने को सपोर्ट मिलेगा। इससे आने वाले दिनों में इसकी कीमत फिर एक बार 1.25 लाख रुपए तक जा सकती है। ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

# अमेरिका में 15 प्रतिशत घटी भारतीय कपड़ों की मांग

**नई दिल्ली।** अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर अगस्त में दो बार में उत्पाद शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने के कारण जुलाई-सितम्बर की तिमाही में कपड़ों के निर्यात में 15 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन के को-चेयरमैन भद्रेश डोढ़िया ने बताया कि पिछली तिमाही जुलाई-सितम्बर में अमेरिका को किया जाने वाला कपड़ा निर्यात 15 प्रतिशत घटा है। अक्टूबर-दिसम्बर तिमाही में इसमें और गिरावट की आशंका है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जनवरी तक अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता हो जाएगा और भारत की बाजार हिस्सेदारी पहले की तरह कायम रहेगी। यूरोपीय बाजार के बारे में श्री डोढ़िया ने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता द्धएफटीएऋ पर बात चल रही है। यह समझौता होने के बाद भारतीय उत्पाद बांग्लादेश के उत्पादों से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। इसके साथ ही बांग्लादेश में जारी राजनीतिक अशांति का लाभ भी भारत को मिलेगा और कुल मिलाकर 20 से 25 प्रतिशत मांग बांग्लादेश से भारत की तरफ स्थानांतरित होने की उम्मीद है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कपड़ों पर करों में कमी के बारे में उन्होंने कहा कि

**भारत टेक्स ट्रेड के को-चेयरमैन भद्रेश डोढ़िया ने दी जानकारी**

कपड़ा उद्योग के लिए जीएसटी के दो पहलू हैं - एक है कपास और दूसरा मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ)।

### भारत मंडपम में होगा भारत टेक्स 2026 का आयोजन

**नई दिल्ली।** वैश्विक टेक्सटाइल प्रदर्शनी 'भारत टेक्स 2026' का आयोजन अगले साल जुलाई में दिल्ली के भारत मंडपम में किया जाएगा। प्रदर्शनी के आयोजक भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन के को-चेयरमैन भद्रेश डोढ़िया ने बताया कि 'भारत टेक्स 2026 का आयोजन 14 से 17 जुलाई तक होगा। यह इसका तीसरा संस्करण होगा। उन्होने बताया कि इस आयोजन का सबसे बड़ा कार्यक्रम वैश्विक टेक्सटाइल परिचर्चा 2026 जिसमें अन्य लोगों के साथ उद्योग के शीर्ष अधिकारी, नीति निर्माता और सतत विकास के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**16 एग्जिट...**

पोल्स के रुझान बताते हैं कि सर्वे एजेंसियां वोटर्स का मूड ठीक से पकड़ नहीं पाईं। 2015 में ज्यादातर एग्जिट पोल्स ने एनडीए यानी भाजपा+ को बढ़त दी थी, जबकि नतीजों में महागठबंधन (राजद-जेडीयू-कांग्रेस) ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया। वहीं, 2020 में तस्वीर उलटी रही। इस बार कई एजेंसियों ने महागठबंधन की जीत का अनुमान लगाया, लेकिन परिणामों में एनडीए ने 125 सीटें जीतकर सरकार बनाई। यानी ज्यादातर पोल्स फिर गलत साबित हुए। सर्वे में एनडीए को 145-160 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं, महागठबंधन को 73-91 और अन्य को 5-10 सीटें मिलने का अनुमान है। इस पोल के मुताबिक, बीजेपी को 72-82 सीटें, जेडीयू को 59-68 सीटें, एलजेपी को 4-5 सीटें और हम 5-5 सीटें मिल सकती हैं। महागठबंधन में आरजेडी को 51-63, कांग्रेस को 12-15, सीपीआईएमएल को 6-9, वीआईपी को 0, सीपीआई को 2, सीपीएम को 1, आईआईपी को 0-1 सीटें मिलने का अनुमान है। चाणक्य के एग्जिट पोल में बिहार में एनडीए को 130-138 सीटें दी गई हैं। महागठबंधन को 100 से 108 सीटें मिलती दिखाई गई हैं। अन्य को 3 से 5 सीटें मिल सकती हैं। पीपुल पल्स के एग्जिट पोल में बिहार में एनडीए की सरकार बनती नजर आ रही है। यहां इसे 133 से 159 सीटें मिलती दिख रही हैं। महागठबंधन 75-101 सीटों पर सिमटता नजर आ रहा है। अन्य को 2 से 13 सीटें मिल सकती हैं। बिहार में एग्जिट-पोल्स पूरी तरह भरोसेमंद कभी नहीं रहे। सीटों को लेकर हर बार इनका गणित बिगड़ा है। हालांकि कुछ एग्जिट पोल में वोट प्रतिशत अनुमान करीब रहा है, लेकिन कितनी सीटें किस गठबंधन को मिलेंगी, ये बताने में नाकाम रहे। बिहार से बाहर काम करने वाले लाखों प्रवासी वोट देने के बाद लौटने की जल्दबाजी में होते हैं। ऐसे में उन्हें एग्जिट पोल सैंपल में शामिल करना मुश्किल होता है। बिहार में जातीय समीकरण जटिल है और एग्जिट पोल्र्स अक्सर छोटे सैंपल साइज के कारण निचली जातियों के शिफ्ट को मिस कर देते हैं।

### पंडित नेहरू ने दोस्ती मजबूत करने को जानवरों से भूटान की यात्रा की थी : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भूटान दौरे से प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की 1958 की वह ऐतिहासिक यात्रा फिर केन्द्र बिन्दु में आ गई है जब पंडित नेहरू ने दोस्ती मजबूत करने के लिए जानवरों से भूटान की यात्रा की थी ।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने 67 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की भूटान यात्रा की याद दिलाते हुए कहा कि उनकी पांच दिन तक चली 50 किलोमीटर की भूटान यात्रा अत्यंत चुनौतीपूर्ण थी। यही यात्रा भारत और भूटान के बीच विशेष राजनयिक संबंधों की आधारशिला बनी।

# यूपी एससीआर में बनेगा नैमिष धाम विशेष कॉरिडोर

**लखनऊ।** यूपी की राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) परियोजना के तहत एक बड़ा और महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। अब नैमिष धाम से चंद्रिका देवी मंदिर तक एक विशेष कॉरिडोर बनाया जाएगा। यह कॉरिडोर दोनों प्रमुख तीर्थ स्थलों को सड़क और जलमार्ग से जोड़ेगा।

इससे श्रद्धालुओं को आने-जाने में आसानी होगी और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह जानकारी लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से दी गई है। गौरतलब है कि नैमिष धाम सीतापुर जिले में स्थित है। यह हिंदू धर्म में बहुत पवित्र स्थान माना जाता है। यहां भगवान विष्णु का प्राचीन मंदिर है और वेदों की रचना यहीं हुई थी। हर साल

**सड़क व जलमार्ग से जुड़ेगा चंद्रिका देवी मंदिर**


लाखों यात्री यहां आते हैं। दूसरी ओर चंद्रिका देवी मंदिर लखनऊ शहर में है। यह मां दुर्गा का प्रसिद्ध शक्तिपीठ है। दोनों जगहों की दूरी करीब 100 किलोमीटर है। अभी तक नैमिष धाम से चंद्रिका देवी मंदिर तक सड़क से जाना पड़ता है। ट्रैफिक और खराब रास्ते की वजह से मुश्किल होता है। इस कॉरिडोर की योजना बनाने के लिए सरकार ने एक कंसल्टेंट नियुक्त किया था। कंसल्टेंट ने विस्तृत प्लान तैयार किया, जिसमें सड़क और जलमार्ग दोनों को शामिल किया गया। सड़क मार्ग को चौड़ा और मजबूत बनाया जाएगा, हाईवे की तरह सुविधाएं होंगी, जैसे टोल फ्री रोड, सर्विस सेंटर और सुरक्षा व्यवस्था। जलमार्ग के लिए गोमती नदी का उपयोग होगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि राज्य राजधानी क्षेत्र को लेकर अलग-अलग प्रस्ताव कंसलटेंट दे रहे हैं, जिसमें यह भी एक बड़ा प्रस्ताव है। अब जल्द ही नैमिष धाम से चंद्रिका देवी मंदिर तक एक कॉरिडोर बनाने का काम शुरू हो जाएगा। यह कॉरिडोर लखनऊ को आसपास के जिलों से जोड़ेगा। इससे न सिर्फ धार्मिक महत्व बढ़ेगा, बल्कि आर्थिक विकास भी होगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। पर्यटक ज्यादा आएंगे, तो व्यापार बढ़ेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार धार्मिक स्थलों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# चांदपुर के एजाज हत्याकांड में तीन को आजीवन कारावास

## 77 हजार रुपये का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने चांदपुर के बहुचर्चित एजाज हत्याकांड में जावेद, नौशाद व बाबू को आजीवन कारावास एवं 77 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चांदपुर के मौहल्ला कटारमल निवासी हाफिज अहमद पुत्र शफीक अहमद ने बीस दिसम्बर, 2016 को चांदपुर थाने में तहरीर दी थी कि अभियुक्तगण जावेद पुत्र माजिद एवं नौशाद उर्फ सागर पुत्र भूरे निवासीगण मौहल्ला कटारमल तथा बाबू उर्फ राशिद पुत्र शफीक अहमद निवासी ग्राम हताई, थाना हल्दौर ने उसके पुत्र एजाज की गला दबा कर एवं धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 982/16 धारा 302, 201 व 34 आईपीसी में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने फौरन कार्यवाही करते हुए जावेद को वारदात में इस्तेमाल अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया था। अभियोग में धारा 4/25 आयुद्ध अधिनियम की वृद्धि करते हुए अलग से मुकदमा अपराध संख्या 983/16 पंजीकृत किया गया था। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी। न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आज तीनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास एवं जावेद को 27 हजार, नौशाद उर्फ सागर को 25 हजार एवं बाबू चाय वाला उर्फ राशिद को 25 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

# डिवाइडर से टकराकर युवक की मौत



**अफजलगढ़।** धामपुर मार्ग एनएच 74 पर ग्राम आलमपुर गांवड़ी के समीप बाइक सवार उदय भान (25 वर्ष) की बाइक डिवाइडर से टकराने से युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर परिजनों को मिलते ही परिजन अस्पताल में पहुंच गए। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन अस्पताल में रोने बिलखने लगे। सूचना मिलते ही ग्राम में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष राम प्रताप सिंह का कहना है कि जांच की जा रही है। बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही बताया जाएगा। ग्राम निवासी आसफाबाद चमन उदयभान के पिता राजेंद्र सिंह ने बताया कि वह दोपहर डेढ़ बजे घर से बाइक द्वारा गया था। उन्होंने बताया कि वह अपनी मेहनत मजदूरी के सिलसिले में घर से धामपुर की ओर जा रहा था। अचानक ग्राम आलमपुर गांवड़ी के समीप उदयभान की बाइक डिवाइड से टकराने से उदयभान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

# बढ़ापुर के चेयरमैन मौ. दिलशाद ने नगर पंचायत की व्यवस्था में किया बड़ा सुधार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बढ़ापुर नगर पंचायत के चेयरमैन मौ. दिलशाद विकास कार्यों के प्रति बेहद गंभीर है। वह कम खर्च में ज्यादा काम कराने पर विश्वास रखते है और उनकी पूरी कोशिश है कि नगर की जनता को नगर पंचायत के द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाएं समय पर मिल जाए।

गौरतलब है कि पूर्व में नगर पंचायत कार्यालय में न तो पारदर्शिता बरती जाती थी और न ही जनता की सुनवाई होती थी। विभिन्न आरोपों को लेकर नगर पंचायत कार्यालय चर्चित था। जिसमें सरकारी जमीन को ठिकाने लगाने जैसा गंभीर आरोप भी शामिल था। विकास कार्यों में भेदभाव भी बरता जाता था। लेकिन चेयरमैन बनने के बाद मौ. दिलशाद ने नगर पंचायत की व्यवस्था में काफी बड़ा बदलाव करा दिया है। पूर्व में जल आपूर्ति के लिए जनरेटर चलाए जाने के नाम पर काफी मोटी रकम डीजल पर खर्च होती थी। इसे लेकर आरोप भी लगते थे। लेकिन चेयरमैन मौ. दिलशाद ने ट्यूबवैलों पर बिजली का कनेक्शन कराने का काम किया है। जिससे डीजल की फिजूल खर्ची पर रोक लगी है। उनके इस कार्य की पूरे बढ़ापुर नगर में सराहना हो रही है। साथ ही अन्य पालिकाओं व नगर पंचायतों में भी उनकी मिसाल दी जा रही है।

उन्होंने कार्यालय में नई कार्य संस्कृति को बढ़ावा दिया है। अब कार्यालय में अनुशासन रहता है और जनता की सुनवाई होती है। उन्होंने कहा कि जनता को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। जनशिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाता है। स्थानीय स्तर की सभी समस्याओं का पूरी निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ समाधान कराने में चेयरमैन मौ. दिलशाद के द्वारा पूरी दिलचस्पी ली जाती है। उनका मानना है कि स्थानीय जनता को कार्यालय के चक्कर लगाने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए।

भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में भी वह कामयाब हुए है। उन्हें सबसे अच्छा चेयरमैन माना जाता है। नगर पंचायत में भ्रष्टाचार के मामले पूर्व की तरह से अब सामने नहीं आते है।

## जनशिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर हो रहा समय से समाधान

चेयरमैन मौ. दिलशाद के ऊपर कोई भी आरोप नहीं लगा सकता है। वह सभी को साथ लेकर चलने पर विश्वास रखते है। कोई भी उनके पास अपनी समस्या लेकर पहुंच सकता है। पूर्व में देखा गया है कि चेयरमैन आम जनता के बीच उपलब्ध नहीं रहते थे। जिससे जनता परेशान रहती थी। अब चेयरमैन मौ. दिलशाद जनता के बीच ही रहते है। कोई भी उन से कभी भी मिल सकता है। किसी के लिए कोई रोक-टोक भी नहीं है। जिसकी वजह से जनता उनसे बेहद खुश है।

# किशोरी के साथ रेप कर नीरज ने खींची फोटो

## इंस्टाग्राम पर कर दिया वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाज में इतनी ज्यादा बुराईयां आ गई है कि संगीन अपराध करने से भी डर नहीं लगता है। खासतौर पर किशोरियों की इज्जत लूटने के बाद उसकी वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल करने का चलन काफी ज्यादा बढ़ गया है।

ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला बिजनौर में सामने आया है। शहर कोतवाली के ग्राम मोमिनपुर दर्गो निवासी नीरज पुत्र श्याम बहादुर ने पहले तो एक किशोरी की इज्जत लूट ली। उसके साथ बलात्कार करने के दौरान फोटो खींचकर उसे इंस्टाग्राम पर वायरल भी कर दिया। पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी गई। वादिनी ने आरोपी के खिलाफ शहर कोतवाली में तहरीर दी। जिस पर मुकदमा अपराध संख्या 933/2025 धारा 74, 115 (2), 351 (2) व 352 बीएनएस एवं 7/8 पॉक्सो अधिनियम पंजीकृत किया गया। अभियोग में साक्ष्य संकलन के आधार पर धारा 3/4 पॉक्सो अधिनियम की वृद्धि की गई। साथ ही 67 आईटी एक्ट भी लगाया गया। उपनिरीक्षक सुरेश पाल सिंह ने नीरज को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से वारदात में इस्तेमाल रियल मी कम्पनी का मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

## इज्जत का लुटेरा हरि सिंह अरेस्ट

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम चाहड़वाला निवासी हरि सिंह पुत्र बैजू सिंह को गिरफ्तार किया है। ग्राम चाहड़वाला (मंडावर) निवासी पीड़िता ने शहर कोतवाली में सात नवम्बर को तहरीर दी थी कि हरि सिंह ने शादी का झांसा दे कर उसकी इज्जत लूट ली। अभियुक्त के परिजनों के द्वारा उसके साथ गाली-गलौच व मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

# अधिक मूल्य पर खाद बेचने का आरोप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** क्षेत्र के सरकारी कृषि निवेश भंडार पर किसानों से खाद के अधिक दाम वसूलने का मामला सामने आया है। स्थानीय किसानों ने कृषि निवेश भंडार किरतपुर के कर्मचारी रितेश कुमार पर सरकारी दर से ज्यादा मूल्य लेकर खाद बेचने का आरोप लगाया है।

किसान चौधरी अवनीश निर्वाल, उपेन्द्र निर्वाल और विपिन कुमार निर्वाल के अनुसार, उन्होंने यूरिया खाद का मूल्य पूछा तो कर्मचारी ने निर्धारित दर से अधिक कीमत बताई। जब किसानों ने इस पर आपत्ति जताई और समाचार पत्र में प्रकाशित सरकारी दरें दिखाईं, तो कर्मचारी ने दर घटाने से इंकार कर दिया और मनमाने दाम पर खाद देने की बात कही।

किसानों का कहना है कि मजबूरीवश उन्हें सरकारी मूल्य से अधिक दर पर खाद खरीदनी पड़ी। यह सीधा-सीधा सरकार द्वारा तय दरों का उल्लंघन है। उन्होंने इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी, बिजनौर को शिकायत पत्र भेजकर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने कहा कि यदि सरकारी केंद्रों पर ही इस तरह से अधिक वसूली की जाएगी तो किसान हितों की रक्षा कैसे होगी। इस पूरे मामले से संबंधित खाद की बोरी का फोटो और समाचार पत्र की कटिंग किसानों के पास साक्ष्य के रूप में मौजूद है।

# मिशन शक्ति के तहत छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर मिशन शक्ति-5 के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी द्वारा एमएम इंटर कॉलेज में हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा और साइबर अपराध से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान, छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, एम्बुलेंस सेवा 108 और साइबर हेल्पलाइन 1930 शामिल थे। महिला सुरक्षा दल ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति या उत्पीड़न की घटना में इन नंबरों पर तुरंत संपर्क किया जा सकता है। सीओ डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में भी बताया। उन्हें अजनबियों से ऑनलाइन बातचीत से बचने और संदिग्ध लिंक या कॉल से सतर्क रहने की सलाह दी गई। सभी छात्र-छात्राओं को जागरूक नागरिक बनने और अपने आसपास होने वाले अपराधों की सूचना पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल शाहिद अली गौहर, शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पुलिस टीम ने अंत में सभी प्रतिभागियों को महिला सुरक्षा और साइबर जागरूकता का संकल्प दिलाया।

# प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने सुनील




**मंडावर।** चंदक प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ पत्रकार सुनील पाल मनोहारिया को सर्वसम्मति से चुना गया। यह चुनाव डॉ. अशोक के क्लीनिक पर आयोजित पत्रकारों की विशेष बैठक में हुआ। बैठक की अध्यक्षता योगेश कुमार उर्फ बंटी ने की। जबकि संचालन सर्वेंद्र चौधरी ने किया। बैठक में उपस्थित सभी पत्रकारों ने एक स्वर से सुनील पाल मनोहारिया को क्लब का नया अध्यक्ष नियुक्त करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आबिद अंसारी, रविन्द्र राजपूत, मिर्जा अफजल बेग, सचिन चौधरी, जगमोहन शर्मा, कामेंद्र शर्मा, अवनीश, विशाल पाल, राहुल, पंकज शर्मा, अनित देशवाल, महताब राना, रणवीर सिंह सहित अन्य पत्रकारगण उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील पाल मनोहारिया ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और क्लब को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। यह चुनाव क्षेत्रीय पत्रकारिता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# पाशा ने रखा अफसरों का मान पुलिस करेगी अब पूरा सम्मान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**बिजनौर।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने दिल्ली में हुए विस्फोट के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के द्वारा आज धरना प्रदर्शन न करने के अनुरोध पर उसे टाल दिया। पुलिस अफसरों ने कहा कि पुलिस उनका पूरा मान-सम्मान रखेगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्योहारा के थाना प्रभारी के द्वारा राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा के मान-सम्मान को ठेस पहुंचाई गई थी। उनको लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक बहस भी कराई गई थी। स्योहारा के थाना प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों के सामने दुर्घटना को लेकर गलत तथ्य रखे थे। जब पाशा ने सीसीटीवी फुटेज अधिकारियों को दिखाई, तो थाना प्रभारी की कलई खुल गई थी। थाना प्रभारी को हटाए जाने की मांग को लेकर उन्होंने आज जनपद मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। बड़ी संख्या में दिव्यांग व पीड़ित जनपद मुख्यालय के लिए कूच कर रहे थे। इस बीच वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने दिल्ली में विस्फोट का हवाला देते हुए धरना-प्रदर्शन न करने का अनुरोध किया और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मांगा। जिसके बाद प्रदर्शन टाल दिया गया। प्रतिनिधिमंडल ने बिजनौर में वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता की। जिसके बाद पाशा व उनकी टीम का पूरा मान-सम्मान रखे जाने की बात कही गई। धरना टलने से पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## दिल्ली में विस्फोट के चलते धरना-प्रदर्शन नहीं किया आज

# स्वास्थ्य केंद्र झालू खुद बीमार

## सप्ताह में सिर्फ तीन दिन ड्यूटी कर रहे डॉक्टर, दवा वितरण ठप











**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगर के बाहर स्थित सरकारी स्वास्थ्य केंद्र अब खुद मरीज बन चुका है। जहां लोगों को राहत और इलाज मिलना चाहिए, वहीं अव्यवस्था और लापरवाही ने पूरी व्यवस्था को बीमार कर दिया है।

हर दिन करीब 130 से 150 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, लेकिन डॉक्टर केवल सप्ताह में तीन दिन ही ड्यूटी पर आते हैं। वहीं, फार्मासिस्ट के ट्रांसफर के बाद दवा वितरण पूरी तरह ठप पड़ा है, जिससे मरीजों को बिना इलाज के खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। मरीजों की परेशानी बढ़ने पर भाजपा नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी खुद स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र से फोन पर बात कर स्थिति से अवगत कराया। सीएमओ ने बताया कि डॉक्टर सप्ताह में तीन दिन सेवाएं देंगे और नए फार्मासिस्ट दीपक को तैनात कर दिया गया है, जो सात दिन में कार्यभार संभालेंगे।

हालांकि, वार्ड बॉय की नियुक्ति को लेकर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। स्थानीय लोगों ने कटाक्ष करते हुए कहा कि 'जब खुद स्वास्थ्य केंद्र बीमार है, तो मरीजों की सेहत कौन संभालेगा?' ग्रामीणों ने प्रशासन से डॉक्टर, फार्मासिस्ट और वार्ड बॉय की नियमित तैनाती की मांग की है, ताकि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को फिर से स्वस्थ किया जा सके।

भाजपा सरकार में बना यह स्वास्थ्य केंद्र झालू और आसपास के ग्रामीणों के लिए राहत का केंद्र माना गया था, लेकिन आज यह अपनी ही बदहाली पर आंसू बहा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा देते हों, पर अधिकारियों की लापरवाही और पुरानी मानसिकता के चलते झालू का स्वास्थ्य केंद्र अब भी सुधार का इंतजार कर रहा है।

## लोकेंद्र चौधरी सक्रिय, अब मुख्यमंत्री से करेंगे मुलाकात



**बिजनौर।** झालू नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा को लेकर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से हाल ही में मुलाकात की थी। उन्होंने विभागीय स्तर पर स्वास्थ्य केंद्र की खामियों पर लिखित शिकायत भी दर्ज कराई थी। लोकेंद्र चौधरी का कहना है कि झालू स्वास्थ्य केंद्र जनता की बुनियादी जरूरत है। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि अब वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सीधे मुलाकात कर विभाग की खामियों पर चर्चा करेंगे, ताकि झालू की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा जल्द मिल सके। ग्रामीणों ने तंज कसते हुए कहा कि जब स्वास्थ्य केंद्र ही अस्वस्थ है, तो आम मरीजों को स्वस्थ कौन करेगा? स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि डॉक्टर, फार्मासिस्ट और वार्ड बॉय की नियमित तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं फिर से पटरी पर लौट सकें।

## सुधार की राह देख रहा है इलाज का मंदिर

**बिजनौर।** भाजपा सरकार में बना यह स्वास्थ्य केंद्र झालू और आसपास के ग्रामीणों के लिए कभी राहत का केंद्र माना जाता था, लेकिन आज यह अपनी ही बदहाली पर आंसू बहा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा देते हों, पर अधिकारियों की पुरानी मानसिकता और लापरवाही के चलते झालू का स्वास्थ्य केंद्र अब भी सुधार की राह देख रहा है। झालू का स्वास्थ्य केंद्र इस समय सिर्फ एक इमारत बनकर रह गया है। जहां उम्मीदें बीमार हैं और दवा खत्म। जनता चाहती है कि सरकार सिर्फ घोषणाएं न करें। बल्कि सिस्टम की सर्जरी कर के इसे फिर से स्वस्थ बनाए।

## एक नजर

### बिजनौर में बॉबी कुमार अरेस्ट

**बिजनौर।** शहर कोतवाली में वादिनी ने तहरीर दी थी कि ग्राम तिमरपुर निवासी बॉबी कुमार पुत्र सतवीर उर्फ सत्तू ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ अश्लील हरकतें की। साथ ही शिकायत करने पर अभियुक्त के परिजनों द्वारा वादिनी व उसके पति के साथ गाली-गलौच व मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 74, 115 (2), 351 (2) व 352 एवं 7/8 पॉक्सो अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज की थी। महिला उपनिरीक्षक रूची ने बॉबी कुमार को अरेस्ट कर लिया है। उसके खिलाफ पूर्व से ही शहर कोतवाली में एक अभियोग पंजीकृत है।

### शराब के साथ अमित अरेस्ट



**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने अमित कुमार तिवारी पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी ग्राम पलिया, थाना मनगवां, मध्य प्रदेश तथा हाल निवासी पक्का फाटक वाली रोड, मनीष कुमार निवासी पानीपत, हरियाणा को गिरफ्तार किया है। उसके पास से महिंद्रा एसयूवी 500 कार बरामद की गई। जिसमें 48 पेटी शराब रखी हुई थी। उसके पास से मोबाइल भी बरामद किया गया। बताया जाता है कि उपनिरीक्षक तेजवीर सिंह के द्वारा गंगा बैराज बैरियर पर चैकिंग के दौरान अमित कुमार तिवारी को पकड़ा गया। उसकी कार की चैकिंग की गई, तो भारी मात्रा में शराब मिली। उसका साथी पानीपथ निवासी सुभाष मौके से भाग गया।

### सैकड़ों वाहनों के चालान

**बिजनौर।** यातायात माह के अंतर्गत वाहनों की चैकिंग का अभियान जारी है। यातायात पुलिस ने आज जनपद में आज बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाने पर 317 चालान किए है। सीट बैल्ट न पहनने पर 35 चालान किए गए। वाहन चलाने के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने पर 16 चालान किए गए। रॉग साइड के 22 वाहनों के चालान किए गए। दुपहिया वाहन पर तीन सवारियां बैठाने पर 72 चालान किए गए। बिना बीमा के 23 वाहनों के चालान किए गए। बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के 27 वाहनों के चालान किए गए। लाइसेंस के बिना वाहन चलाने पर 57 के चालान किए गए। नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर 37 के चालान किए गए। मोडीफाइड साइलेंसर वाले 17 वाहनों के चालान किए गए। जबकि सात वाहन सीज किए गए। इतने ज्यादा चालान होने के बावजूद यातायात नियमों का उल्लंघन लगातार किया जा रहा है।

### नूरपुर में शौर्य गिरफ्तार

**बिजनौर।** नूरपुर थाने में मौहल्ला रामनगर निवासी रामपाल सिंह पुत्र निहाल सिंह ने सात नवम्बर को तहरीर दी थी कि अभियुक्त शौर्य उर्फ नानू पुत्र दिनेश निवासी मौहल्ला रामनगर ने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मिल कर उसके घर का ताला तोड़ दिया और घर में रखे लगभग एक लाख रुपए नकद, लैपटॉप, कंगन, अंगूठी एवं गले की चैन आदि चोरी कर ली। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने शौर्य उर्फ नानू को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पूर्व से एक अभियोग पंजीकृत है।

### हाथी के बच्चे का शव मिला

**बढ़ापुर।** डीएफओ नजीबाबाद अभिनव राज ने जानकारी देते हुए बताया कि बढ़ापुर वन विभाग की टीम रेंज के अंतर्गत ढकरीया बीट में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान टीम को एक हाथी के बच्चे का शव पड़ा मिला है, जिसकी उम्र लगभग चार से पांच वर्ष की है। प्रथम दृष्टया हाथियों के आपसी संघर्ष व बीमार होने के चलते मौत होना प्रतीत हो रहा है। बुधवार को पशु चिकित्सकों की टीम को बुलाकर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मौत के सही कारणों का पता तभी लग पायेगा। वहीं इस संबंध में जब बढ़ापुर वन क्षेत्राधिकारी रमेश सिंह से जानकारी की गई तो उन्होंने दो टूक कहा कि इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है। गौरतलब बात यह है कि जिस वन क्षेत्राधिकारी के क्षेत्र में इतनी बड़ी घटना हो गई और उनको कोई जानकारी नहीं है जबकि जिला मुख्यालय पर बैठे वन अधिकारियों को इस संबंध में जानकारी है।

### विनय चौधरी ने जिले का मान बढ़ाया

**बिजनौर।** वीएसडी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल विनय चौधरी ने दुबई, यूएई में हुए सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स 2025 के पहले इंटरनेशनल और 31वें नैशनल कॉन्फ्रेंस में बिजनौर जिले से एकमात्र प्रिंसिपल के तौर पर शामिल होकर संस्थान और पूरे जिले का मान बढ़ाया है। यह प्रतिष्ठित भागीदारी उनके दूरदर्शी नेतृत्व, शिक्षा में बेहतरीन काम करने की प्रतिबद्धता और शिक्षा के क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के प्रति उनके समर्पण को दिखाती है। श्री विनय चौधरी की यह शानदार उपलब्धि उनके अथक प्रयासों, प्रगतिशील सोच और क्वालिटी एजुकेशन के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

### लापता महिला देहरादून मिली

**किरतपुर।** ग्राम सुक्खा शाहपुर निवासी दीपचंद की पत्नी आज सुबह घर से एक बाल्टी में कूड़ा लेकर गांव के बाहर फेंकने गई थीं। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने आसपास तलाश शुरू की। कुछ दूरी पर महिला की कूड़े की बाल्टी और शॉल पड़ी मिली, लेकिन महिला का कोई पता नहीं चला। घटना की खबर फैलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि कहीं महिला को गुलदार उठाकर न ले गया हो, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचीं और तलाशी अभियान शुरू किया। बाद में देर शाम यह राहत भरी सूचना मिली कि महिला देहरादून में सकुशल मिली हैं। यह खबर सुनकर परिजनों और पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### हादसे में दो बाइक सवार घायल

**नगीना।** फोर लेन हाईवे पर एक कार के यूटर्न लेते समय एक बाइक के कार के पीछे से भिड़ जाने से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। नगीना-धामपुर मार्ग पर रामलीला ग्राउंड से थोड़ी दूरी पर फोर लेन को जोड़ने वाले तिराहे पर एक कार चालक जब अपनी कार को यूटर्न लेते समय बैक कर रहा था, तभी वहां से गुजर रही एक बाइक के अचानक कार के पीछे से भिड़ जाने के कारण बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पर भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। बताते चलें कि बाइक के कार में पीछे से भिड़ जाने के कारण जहां दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कार भी पीछे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार चालक परवेज पुत्र मुस्तफा अपनी भांजी के साथ दिल्ली से शादी कार्यक्रम में जा रहा था। वहीं दोनों बाइक सवार मौ. जान (22 वर्ष) पुत्र अली नूर निवासी ठाकुरद्वारा और उसका एक साथी मोंटी बाइक से नगीना के मौहल्ला काजीसराय में एक शादी में दिल्ली से आए थे। हादसे के समय बाइक सवार शेरकोट जा रहे थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### दिल्ली धमाके बाद पुलिस का पैदल गश्त



**नगीना।** दिल्ली में हुए धमाके के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। इसी क्रम में नगीना प्रशासन ने भी अपनी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी व कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अवनीत मान ने भारी पुलिस बल के साथ नगर के प्रमुख इलाकों का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस बल को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी ने विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं पर कड़ी नजर रखने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था को किसी भी कीमत पर बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। आम जनता से अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मुंसफी, तहसील, रजिस्ट्री तहसील, अस्पताल, बाजार और धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस पूरी तरह अलर्ट पर है और इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। सीओ व प्रभारी निरीक्षक के साथ पुलिस टीम ने तहसील, मेन बाजार और चित्तौड़गढ़ फाटक इलाके में पैदल गश्त की।

### यातायात पुलिस ने किया जागरुक



**नगीना।** यातायात माह के अंतर्गत पुलिस ने छात्रों, शिक्षकों और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई की भी जानकारी दी गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी द्वारा थाना नगीना पुलिस टीम के साथ यह अभियान चलाया गया। थाना नगीना क्षेत्र में स्थित गोयल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी द्वारा उन्हें दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, तेज गति से वाहन न चलाने और मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण यातायात नियमों के बारे में बताया गया। इस दौरान यातायात नियमों से संबंधित पैम्फलेट्स भी वितरित किए गए और सभी को नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। अभियान के तहत प्रभारी यातायात ने क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर सघन चेकिंग भी की। इस दौरान बिना नंबर प्लेट वाले ट्रक और डंपर जैसे वाहनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त थाना क्षेत्र के विभिन्न चौराहों, तिराहों और स्थानीय बाजारों में आमजन को एकत्र कर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

### वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक

**नगीना।** कृषि विज्ञान केन्द्र पर 30 वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ से आये डा. पी.के. सिंह, निदेशक प्रसार, डा. यू.पी. शाही, निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण, डा. पी.के. सिंह, प्राध्यापक एवं डा. एस.के. त्रिपाठी, प्राध्यापक उपस्थित रहे। इनके अलावा जिला स्तर से जिला कृषि अधिकारी जसवीर तेवतिया, उप कृषि निदेशक डा. घनश्याम वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी आर.एन. वर्मा, उप पशु चिकित्साधिकारी डा. रजनीश, वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक राजेश सिंह एवं वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सम्मानित सदस्य तथा एफ.पी.ओ. के डायरेक्टर व अन्य कृषकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यो की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी वर्ष 2026 हेतु कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र के वैज्ञानिक डा. शिवांगी, डा. प्रतिमा, डा. पिन्टू कुमार, डा. भूपेंद्र कुमार, ई. शैलेंद्र कुमार, सेवाराम आर्य एवं अनिल कुमार प्रमुख रूप से रहे। कार्यक्रम के अन्त में केंद्र के प्रभारी डा. के.के.सिंह ने सभी आगन्तुकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### अन्नदाता किसान यूनियन की बैठक



**नगीना।** नगर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में अन्नदाता किसान यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले व तहसील स्तर के पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गये। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष आलमगीर उस्मानी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की और नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर अन्नदाता किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आलमगीर उस्मानी, शहबाज मलिक, मौ. सलीम, उबैद मलिक जिला उपाध्यक्ष, मौ. शाहनवाज, अब्दुल हमीद, मौ. कैसर, अर्शी खान जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, मंतशा जिला सचिव, फरहा नाज जिला महासचिव आदि के अलावा बड़ी संख्या में किसान यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मातृभूमि का रक्षक ड्यूटी पर पंचतत्व में विलीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शिवाला कलां।** यह एक ऐसी खबर है जिसने न केवल शिवाला कलां क्षेत्र के ग्राम मुरहट को बल्कि मुरादाबाद में कार्यरत बिजली विभाग के सहकर्मियों को भी स्तब्ध कर दिया है। सेना से सेवामुक्त होने के बाद देश की सेवा में जुटे 42 वर्षीय पूर्व सैनिक जितेंद्र सिंह गुर्जर का कल शाम ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया।



मुरादाबाद में बिजली विभाग की एक इकाई में गार्ड के तौर पर कार्यरत जितेंद्र सिंह, एक दिन पहले शाम को अपनी नियमित ड्यूटी पर थे, जब अचानक उन्हें सीने में दर्द महसूस हुआ। सहकर्मियों द्वारा तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। मुरहट निवासी जितेंद्र सिंह गुर्जर अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, जिसमें उनकी पत्नी, तीन बेटियां और एक छोटा बेटा शामिल है। इस असामयिक मृत्यु ने परिवार पर दुखों का पहाड़ तोड़ दिया है। बड़े भाई कपिल कुमार ने भारी मन से बताया कि अभी मौत के वास्तविक कारण की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होनी बाकी है। इस उम्र में हृदय गति का रुकना कई सवाल खड़े कर रहा है, जिनकी जांच होनी चाहिए। जितेंद्र सिंह ने भारतीय सेना में एक लंबा समय देश की निःस्वार्थ सेवा में बिताया था और सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्होंने एक निजी संस्थान में सुरक्षा गार्ड की जिम्मेदारी को पूरी कर्तव्यनिष्ठा से निभाया। आज उनके पैतृक ग्राम मुरहट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जहां हजारों की संख्या में स्थानीय निवासी और उनके पुराने साथी उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे।पूर्व सैनिक वीर गुर्जर संगठन के कार्यकर्ताओं ने विशेष रूप से उन्हें अंतिम सलामी दी। संगठन के प्रमुख सदस्यों- नरेन्द्र सिंह, पावन कुमार, विनोद कुमार, जसवीर सिंह, अर्जुन सिंह, राजीव कुमार, वरन सिंह और आजाद सिंह ने मृतक के पार्थिव शरीर पर फूल मालाएं अर्पित करते हुए कहा, जितेंद्र सिंह देश के एक सच्चे सपूत थे, जिन्होंने अपनी अंतिम सांस भी कर्तव्य पथ पर ही ली। संगठन इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़ा है।

पूरे मुरहट ग्राम में मातम पसरा हुआ है, और हर कोई उनकी कर्तव्यनिष्ठा और सरल स्वभाव को याद कर रहा है।

## शफीक अहमद का ब्रेन हेमरेज से इंतकाल

**अफजलगढ़।** नगर के मौहल्ला मझौली में युवक शफीक अहमद (42 वर्ष) का अचानक ब्रेन हेमरेज से इंतकाल हो गया। इंतकाल की सूचना नगर वासियों को मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। शफीक अहमद एक निहायत शरीफ इंसान थे। पांच वक्त नमाज पढ़ते थे। सामाजिक थे। मिलनसार व्यक्ति थे। वह भरे परिवार को इस दुनिया से अलविदा कह गए। उनके छोटे भाई अतीक ने बताया शफीक अहमद ठीक-ठाक चल फिर रहे थे। अचानक बीपी बढ़ने के द्वारा ब्रेन हेमरेज से शफीक अहमद की मृत्यु हो गई। छोटे भाई अतीक ने बताया कि उनके दो बेटे व एक बेटी है। शफीक अहमद की मृत्यु से बच्चों के सामने दुखों का पहाड़ खड़ा हो गया। बच्चे रोने बिलखने लगे। उनके छोटे भाई अतीक ने बताया उनके अचानक ब्रेन हेमरेज होने के बाद आनंद-फानन में जमुना नगर के एक निजी अस्पताल में दिखाया। जहां पर थोड़ी देर के बाद शफीक अहमद ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर परिवार वालों को मिलते ही परिवार वालों में हड़कंप मच गया। नगर में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन रोने बिलखने लगे। मंगलवार को बाद नमाज जौहर शफीक अहमद की जनाजे की नमाज मझौली वाली मस्जिद में अदा की गई। मझौली वाले कब्रिस्तान में उनको सुपर्द खाक कर दिया गया। नमाज जनाजे में शिरकत करने वालों में मौलाना शफीक, चेयर पर्सन पति जावेद अहमद, पूर्व चेयर पर्सन पति सलीम अंसारी, पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी, अतीक अहमद, शमीम अहमद, शकील अहमद, मौलाना अब्दुल रहीम, शरीफ अहमद, अब्दुल मोईद, आसिफ नम्बर दार, सभासद पुत्र इरफान अहमद, भाकियू नगर अध्यक्ष अब्दुल बारी, नदीम अहमद, कमर हसन, सलीम अहमद, नेता इस्लामुद्दीन, शेख अब्दुल्लाह एड., समीउल्लाह आदि सैकड़ों लोग जनाजे में शामिल रहे।

## मतदाता सूची सत्यापन में सभासद अकरम अल्वी की अग्रणी भूमिका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मौहल्ला शेखान वार्ड नंबर 4 में मतदाता सूची फॉर्म के सत्यापन व सुधार कार्य को लेकर बीएलओ द्वारा चलाए जा रहे अभियान में सभासद मौहम्मद अकरम अल्वी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपने निवास स्थान पर मौहल्ले के नागरिकों को बुलाकर स्वयं उनके फार्म भरवाने में सहयोग किया।

उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या सुधार का कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना लोकतंत्र की बुनियादी जिम्मेदारी है। इसलिए कोई भी नागरिक इस प्रक्रिया से वंचित न रहे कार्यक्रम के दौरान बीएलओ ने भी लोगों को फार्म भरने की पूरी जानकारी दी। मौहम्मद अकरम अल्वी ने सभी से अपील की कि जिन लोगों का नाम अभी तक सूची में शामिल नहीं हुआ है वे जल्द से जल्द अपने दस्तावेजों के साथ फार्म भरवाएं ताकि किसी को भी मतदान से वंचित न रहना पड़े। मौहल्ले के लोगों ने भी उनके प्रयासों की सराहना की। सभासद ने स्वयं उपस्थित रहकर हर नागरिक की समस्या सुनी और मौके पर समाधान कराया। सभासद मौहम्मद अकरम अल्वी ने कहा कि वह आगे भी नगर के हर वार्ड में इस अभियान को सफल बनाने के लिए जनजागरण करते रहेंगे ताकि स्योहारा का हर योग्य नागरिक मतदाता सूची में दर्ज हो सके और लोकतंत्र को मजबूती मिले।

## बीएलओ घर-घर जाकर बांट रहे गणना फार्म

**नजीबाबाद।** एसआईआर का कार्य शुरू होते ही नगर में सभी क्षेत्रों में बीएलओ गणना फार्म बांटने में जुट गए है। बूथ लेवल ऑफिसर नजीबाबाद में घर-घर जाकर फार्म बांटने के साथ उन्हें भरने का काम कर रहे है। नगर के मौहल्ला सेवाराम के बीएलओ आमिर रात-दिन यह कार्य कर रहे है। गहनता से फार्म भरे जा रहे व बांटे जा रहे है। भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रांति अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतजार मूसा के घर पहुंचे बीएलओ आमिर ने उनका फार्म भरा। उन्होंने कहा जल्दी ही वो अपने वार्ड के सभी फार्म बांट देंगे व उन्हें भरवा कर अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ



**नगीना।** भारत सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा यातायात पुलिस के सहयोग से सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया है। यह आयोजन सड़क हादसों को कम करने और जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ यातायात सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल सचिन कुमार, पूर्व नगर अध्यक्ष नीरज विश्नोई, ट्रस्ट के संस्थापक मंजीत बिश्नोई, राष्ट्रीय महासचिव सलाउद्दीन सिद्दीकी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अमन जोशी और नगर प्रचार मंत्री नितिन पाल की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर मकसूद उस्मानी और निखिल भटनागर सहित अन्य अधिकारी, संस्था के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। उपस्थित सभी लोगों ने सुरक्षित ड्राइविंग, यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया।

## उद्दीपन परिवर्तन कौशल पर व्याख्यान

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज बिजनौर के शिक्षा विभाग में आज उत्साह के साथ सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला को प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार, कॉलेज प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया।

कार्यशाला के दूसरे दिन का प्रारंभ प्रवक्ता सुनील कुमार चौहान ने उद्दीपन परिवर्तन कौशल के साथ किया। सबसे पहले उन्होंने पीपीटी के माध्यम से उद्दीपन परिवर्तन कौशल पर व्याख्यान दिया। बाद में इसके एक-एक घटक को उदाहरण के साथ समझाया गया एवं स्वयं पाठ योजना के माध्यम से करके दिखाया- जैसे मुख मुद्रा, शारीरिक संचालन, भाव भंगिमा, मौन एवं विराम का प्रयोग आवाज में उतार-चढ़ाव आदि। इसके बाद विद्यार्थियों ने भी उद्दीपन परिवर्तन कौशल पर आधारित अपने-अपने विषय की पाठ योजना बनाकर भूमिका निर्वाह शिक्षण के द्वारा अभ्यास किया।

कार्यशाला में मध्यांतर के बाद बी.एड. के विभाग अध्यक्ष एम.एस. अंसारी के द्वारा पाठ प्रस्तावना कौशल एवं श्यामपट् कौशल कि गहराई से बारीकियां को समझाया तथा उनके अपने-अपने विषय पर एक-एक पाठ योजना को बनवाकर सूक्ष्म शिक्षण के माध्यम से अभ्यास कराया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन के अंत में विद्यार्थियों में आत्मविश्वास उत्साह एवं कौशल को सीखने के बाद संतुष्टि की झलक उनके चेहरे पर स्पष्ट दिखाई दी। कार्यशाला के दूसरे दिन को सफल बनाने में अन्य प्रवक्ता सुनील कुमार, सुश्री प्रतिमा एवं श्रीमती अंशिका राव का विशेष योगदान रहा।

# बढ़ापुर में जाम लगने से भारी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** कस्बे में आए दिन लगने वाले जाम से कस्बेवासी परेशान हैं। राहगीर व स्कूली बच्चे घंटों जाम में फंसे रहते है। कस्बेवासियों ने संबंधित अधिकारियों से जाम से निजात दिलाने की मांग की है।



**जाम से निजात दिलाने की मांग**

बढ़ापुर की जनता आए दिन लगने वाले जाम से परेशान है। बिजली घर से लेकर सब्जी मंडी तक घंटों जाम ही जाम लगा रहता है। राहगीरों के साथ-साथ स्कूली बच्चे भी जाम में फंसे रहते है और स्कूल देरी से पहुंचने पर शिक्षकों की डांट खानी पड़ती है। वही आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से बाजार में खरीदारी के लिए आए लोग भी जाम में फंसे रहते है। रास्ता तंग होने, ज्यादा संख्या में ई-रिक्शा होने व भारी वाहनों के गुजरने से आए दिन जाम लगा रहता है। कुंजैटा तिराहे पर भारी जाम लगा रहता है। यहां से गन्ने से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली व भारी वाहनों का गुजरना होता है।

बाइकें सड़क किनारे दुकानों के सामने खड़ी होती है, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों की ई-रिक्शाएं अपने निर्धारित मार्गों पर नहीं चलकर कस्बे में चलाई जाती है, जिस कारण हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है।

इस संबंध में एसडीएम नगीना नितिन कुमार ने बताया कि नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी बढ़ापुर से जाम की समस्या के बारे में जानकारी प्राप्त कर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## सैंट मैरी में खेलकूद प्रतियोगिता

**नजीबाबाद।** सेंट मैरीस इंटर कॉलेज मंडावली के मैदान में हाउस वाइज खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों को चार बराबर-बराबर हाउस में करके उनके बीच खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित कराई गई।

प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंधक फादर जोंस आलूकल ने किया। सर्वप्रथम विद्यार्थियों ने अपना ध्वज लेकर मार्च पास्ट किया। मार्च पास्ट की सलामी फादर जोस आल.ूकल ने ली। इसके बाद विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर शीबा अगस्ती ने खेलकूद प्रारंभ की घोषणा की। उप प्रधानाचार्य सिस्टर शांता मरिया ने मशाल जलाई व उस मशाल को लेकर विद्यालय की छात्रा स्नेहा फिलमन, अदीबा ने मैदान में चक्कर लगाया। उसके बाद मशाल प्रज्वलित कर दी गई। सर्वप्रथम 1500 मीटर वर्ग की सीनियर वर्ग की दौड़ कराई गई। इसके बाद अन्य दौड़ कराई गई। मुख्य आकर्षण छोटे बच्चों की बोरी दौड़ रही। विद्यार्थियों ने गोला फेंक, लंबीकूद, गेंद फेंक, चम्मच दौड़ आदि में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

प्रतियोगिताओं में लाल हाउस प्रथम, नीला हाउस द्वितीय, हरा हाउस तृतीय व पीला हाउस चौथे स्थान पर रहा।

**आदेशानुसार न्यायालय सिविल जज जू.डि. बिजनौर**

ओएम 68/25

**महेश सिंह बनाम अनुप कुमार**

महेश सिंह उम्र 54 वर्ष पुत्र सुक्के सिंह निवासी ग्राम उलकपुर उर्फ शर्मावाला, पोस्ट स्वाहेड़ी, तहसील व जिला बिजनौर।

**बनाम**

1- अनुप कुमार उम्र 51 वर्ष पुत्र सुक्के सिंह निवासी म.न.- 529 आवास विकास कॉलोनी, बिजनौर।

2- सर्वेश रानी उम्र 48 वर्ष पत्नी सुदेश कुमार फुलसन्दा गगदास, परगना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर, हाल निवासी म.न. 108/57 आवास विकास कॉलोनी, बिजनौर, जिला बिजनौर।

चूंकी उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्षित करने के लिए 14.11.25 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक:- 14.11.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि.**
**बिजनौर।**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद नजीबाबाद, जनपद-बिजनौर**

पत्रांक:- 111/न.पा.परि. नजी./ पुनः ई-निविदा/ 2025-26 दिनांक:- 11/11/2025

**-: अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना:-**

नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद (बिजनौर) द्वारा निम्नलिखित नियम व शर्तों के अधीन पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत राज्य वित्त आयोग/ पालिका निधि की धनराशि से वार्षिक रख रखाव के लिये दरें प्राप्त करने हेतु निम्नलिखित ई-निविदा पुनः आमंत्रित की जाती है। जो पूर्व में दिनांक 27.09.2025 से दिनांक 24.10.2025 तक जिसका रेफरेंस संख्या 110/न.पा.परि.नजी./ई.निविदा/ 2025-26 था आमंत्रित की गई थी, जो कोई भी बिड न आने के कारण निरस्त कर दी गई थी, पुनः आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट https://etender.up.nic.in से दिनांक- 12.11.25 को 10.00 बजे से दिनांक-24.11.25 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है, जो दिनांक- 24.11.25 को अपराह्न 03.00 बजे से पालिका कार्यालय में ऑनलाईन खोली जायेगी। विस्तृत निविदा सूचना https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। किसी प्रकार की भूलवश टंकणीय/लिपिकीय त्रुटि के संशोधन के लिए उपरोक्त वेबसाइट को निरन्तर देखते रहे।

| (मुक्ता सिंह) | (इंजीनियर मुअज्जम) |
| --- | --- |
| अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| नगर पालिका परिषद | नगर पालिका परिषद |
| नजीबाबाद (बिजनौर) | नजीबाबाद (बिजनौर) |

**आदेशानुसार न्यायालय सिविल जज जू.डि. बिजनौर**

ओएम 91/25

**अजय सिंह बनाम अभय सिंह**

अजय सिंह उम्र 50 वर्ष पुत्र स्व. रघुनाथ सिंह, निवासी मौहल्ला मोलवियान, कस्बा झालू, परगना दारानगर, तहसील व जिला बिजनौर

**बनाम**

अभय सिंह उम्र 70 वर्ष पुत्र रघुनाथ सिंह निवासी मौहल्ला मोलवियान, कस्बा झालू, परगना दारानगर, तहसील व जिला बिजनौर।

चूंकी उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्षित करने के लिए 14.11.25 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक:- 14.11.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि.**
**बिजनौर**

## एक नजर

### आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग



**नहटौर।** ग्राम सलारपुर सफ्फकतपुर निवासी अब्दुल कलाम ने 20 अक्टूबर को थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि गांव के ही जमील, अबुजर तथा सादान ने पुरानी रंजिश के चलते उसके पुत्र उजैर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। लेकिन आज भी आरोपी उसे धमकी देते हुए खुलेआम घूम रहे हैं। शिकायत पुलिस से की गई। पीड़ित ने बिजनौर पुलिस को एक्स पर ट्वीट कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

### अटल बिहारी वाजपेयी को दी पुष्पांजलि



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी समारोह के उपलक्ष में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। असिस्टेंट प्रोफेसर मौहम्मद आरिफ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री के रूप में अटल के सुशासन और उनके द्वारा देशहित में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के कुछ विद्यार्थियों ने अटल जी की प्रेरक कविताओं का वाचन भी किया, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने श्री वाजपेयी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने विशेष रूप से छात्र-छात्राओं को वर्तमान में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा अटल जी के नाम पर चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल



**नहटौर।** कोतवाली देहात मार्ग पर ग्राम अम्बरपुर मच्छमार निवासी विपिन (30 वर्ष) पुत्र कमल सिंह देर शाम बाइक से आ रहा था। बताया जाता है कि गांव दरबारपुर के पास एक अन्य बाइक सवार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें विपिन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरी बाइक सवार मौके से फरार हो गए। डा. आशीष आर्य का कहना है कि घायल विपिन को गंभीर हालत होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है के मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर भेजी गई है।

### सम्मान समारोह एवं मुशायरा 14 को

**जलालाबाद।** पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में 14 नवंबर को शाम 6 बजे नगर पंचायत साहनपुर के निकट स्थित होटल इंद्रलोक में एक सम्मान समारोह एवं मुशायरे का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी, बिजनौर के पूर्व जिला अध्यक्ष जमील अहमद अंसारी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के टॉपर्स स्टूडेंट्स को सम्मानित किए जाने के साथ ही मिनी मुशायरे में अना देहलवी, निकहत अमरोहवी एवं सज्जाद रुड़कवी सहित कई शायर भाग ले रहे हैं।

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**बिजनौर।** आज सुबह पुलिस को सूचना मिली की झालू रेलवे फाटक से कुछ दूरी पर रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और उसकी शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन कोई उसे पहचान नहीं सका। मृतक की आयु 55 वर्ष के बीच है। अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी मृत्यु ट्रेन की चपेट में आकर हुई होगी। यह भी हो सकता है कि वह चलती ट्रेन से गिरा हो। मृतक का एक पैर धड़ से अलग था। उसकी गर्दन भी टूटी हुई थी। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### दिल्ली में आतंकी हमला निंदनीय

**नजीबाबाद।** आम आदमी पार्टी जिला बिजनौर के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अबरार अहमद ने दिल्ली के लाले किला क्षेत्र में हुए आतंकी बम धमाके की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह बहुत ही घिनौनी हरकत है। इस घिनौनी हरकत करने के जुर्म में जो भी शामिल हैं। इन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। यह इंसानियत के दुश्मन, इस धरती पर रहने लायक नहीं हैं। उन्होंने सरकार से इस घटना के दोषियों को जल्दी से जल्दी पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाने की मांग की।

**संस्था पंजीकरण हेतु सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि हम निम्नलिखित सदस्यों द्वारा एक नई संस्था का गठन किया जा रहा है, जिसका नाम 'संस्था सैफ ईदगाह कमेटी' रखा गया है। यह संस्था उत्तर प्रदेश सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकरण हेतु प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था या विभाग को उक्त नाम से कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 (तीस) दिवस के भीतर अपनी आपत्ति सहायक निबंधक, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, मुरादाबाद मंडल, मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। ईद गाह की जमीन के गाटा संख्या यह हैं- 625, 626, 629, 630 संस्था का पता- ग्राम एवं पोस्ट-खारी, तहसील- बिजनौर, जनपद-बिजनौर (उत्तर प्रदेश)

संस्थापक सदस्यगण: 1. मोहम्मद आदिल, 2. मो. अय्यूब 3. मौ : जुनैद आदि।

दिनांक: 11/11/2025

**हस्ताक्षर:**
**(मोहम्मद आदिल)**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र सलमान व पुत्रवधू सानिया मेरे कहने सुनने में नहीं है तथा आयेदिन मेरे साथ गाली-गलौच व मारपीट करते रहते है। मेरे समझाने पर बात नहीं सुनते है और मेरी जायदाद हड़पने के चक्कर में है। मैंने उपरोक्त पुत्र व पुत्रवधु को काफी समझाया, लेकिन वह किसी भी प्रकार सुनने व मानने के लिए तैयार नहीं है तथा मेरे द्वारा मना करने पर मेरे साथ मारपीट व गाली गलौच करते है। जिस कारण मैं इनकी हरकतों से अत्यधिक परेशान हो गया हूं। मैंने इन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से 24.10.2025 को बेदखल कर दिया है। अब मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इनसे किसी प्रकार का संबंध नहीं रहा है। यदि यह किसी भी प्रकार के कृत्य को अंजाम देते है, तो उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की नहीं होगी। **वकील अहमद पुत्र शफीक अहमद निवासी ग्राम हर्षवाड़ा, थाना व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अमित कुमार व पुत्रवधू राखी चौहान के गलत संगत में पड़ जाने व आयेदिन गाली गलौच व मारपीट करते रहने के कारण दोनों जनों को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी लेन-देन व मुकदमे के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **लेखराज सिंह पुत्र सीताराम सिंह व धनेश्वरी पत्नी लेखराज सिंह, निवासी ग्राम मकरन्दपुर मानक उर्फ कलाली, थाना नहटौर, परगना व तहसील धामपुर, जनपद-बिजनौर**

# खाना बनाते समय चूल्हे में गिरी महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र के गांव बेरखेड़ा में खाना बनाते समय चूल्हे में गिरकर झुलसी एक महिला की मौत हो गई। हादसे के वक्त घर में कोई मौजूद नहीं था गंभीर रूप से झुलसी महिला को इलाज के लिए दिल्ली ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

ग्राम बेरखेड़ा निवासी दयावती (60) पत्नी गोपाल रविवार को घर में चूल्हे पर खाना बना रही थी। तभी अचानक उन्हें दौरा पड़ गया और वे सीधे जलते चूल्हे में गिर पड़ीं कुछ देर बाद देवर का बेटा घर पहुंचा तो उसने देखा कि दयावती आग की लपटों में घिरी हुई हैं। उसने शोर मचाया तो आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े और किसी तरह आग बुझाकर महिला को बाहर निकाला।

परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें एक निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया। जहां से हालत गंभीर बताकर दिल्ली रैफर कर दिया गया। लेकिन दिल्ली पहुंचने से पहले ही दयावती ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया

## बेटे की शादी की खुशियां मातम में बदली

**स्योहारा।** दयावती की मौत ने पूरे परिवार और गांव को गमगीन कर दिया। बताया गया कि उनके बड़े बेटे का रिश्ता तय होने वाला था, जिसकी तैयारियां घर में चल रही थीं। शादी से कुछ दिन पहले ही मां की मौत से खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। दयावती के पांच बेटियां और दो बेटे हैं। बेटियां विवाहित हैं जबकि दोनों बेटे अविवाहित हैं।

# ब्लॉक परिसर में भाकियू की बैठक

## धान क्रय केंद्र पर तौल शुरू कराने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ब्लॉक परिसर में भाकियू टिकैत की बैठक में शुगर मिल की पर्ची पर गन्ने का मूल्य अंकित कराए जाने, स्मार्ट मीटर न लगाए जाने व धान क्रय केंद्र पर तौल शुरू कराने आदि की मांग की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकट की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पहुंचे विद्युत विभाग के जेई चेतराम सिंह व खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह से किसानों ने कहा कि स्मार्ट मीटर न लगाया जाए और जर्जर विद्युत तारों को शीघ्र बदलवाया जाए। इसके अलावा फसलों को नुकसान कर रहे निराश्रित गोवंश को पकड़वा कर गौशाला भिजवाया जाए। गांव नारायण खेड़ी व चौहड़पुर में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरे लगवाए जाएं और शुगर मिल की गन्ना पर्चियों पर गन्ना मूल्य अंकित कराया जाए। नहटौर क्षेत्र में धान क्रय केंद्र स्थापित कराने व तहसील स्तर पर बनाए गए धान क्रय केंद्र पर तौल शुरू कराने आदि मांगे पूरी किए जाने मांग की गई। इस मौके पर भाकियू टिकैत के जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मुनेश अहलावत, संरक्षक महेंद्र सिंह, पूर्व जिला कार्यालय प्रभारी बिजनौर रोहित राणा, अमित चौधरी, देवेंद्र प्रताप, पदम सिंह, शेखावत चौहान, शैंकी चौधरी, लोकेंद्र चौधरी, प्रीतम सिंह प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# गला दबाकर की गई थी सलमान की हत्या, सिर पर भी चोट के निशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम बूढ़ेरन में 22 वर्षीय सलमान पुत्र नफीस की हत्या का रहस्य गहराता जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि युवक की मौत गला दबाने से हुई जबकि सिर और हाथ पर भारी वस्तु से प्रहार के गहरे निशान पाए गए हैं। रिपोर्ट से स्पष्ट है कि हत्या बेहद निर्ममता से की गई थी।

घटना के तीन दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस को अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है। हत्या के खुलासे के लिए दो विशेष जांच टीमों का गठन किया गया है। पुलिस सर्विलांस, फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड की मदद से लगातार जांच कर रही है। कई संदिग्धों से पूछताछ भी की गई लेकिन अब तक कोई निर्णायक सफलता नहीं मिली है।

## तीन दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ

थाना प्रभारी सतेन्द्र कुमार द्वारा घटना की हर एंगल से बारीकी से जांच की जा रही है। पुलिस प्रेम प्रसंग, आपसी रंजिश और अन्य संभावित कारणों पर फोकस कर रही है। उन्होंने कहा कि मृतक का मोबाइल फोन अब तक बरामद नहीं हुआ है, जिससे यह आशंका और गहरी हो गई है कि हत्या किसी अन्य स्थान पर की गई और शव को बाद में आम के बाग में लाकर फेंका गया। मृतक सलमान की शादी करीब पांच माह पूर्व खेड़ा अपरोला थाना नौगांवा सादात गांव में हुई थी। चार दिन पहले ही वह अपनी पत्नी को उसके मायके छोड़कर लौटा था। रविवार सुबह जब मुनीश त्यागी के आम के बाग में उसका खून से लथपथ शव मिला तो पूरे गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों के बीच चर्चाओं का विषय है कि सलमान की किसी से पुरानी जान-पहचान या किसी तरह का विवाद हो सकता है, जिस पर पुलिस अब गहराई से जांच कर रही है। गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक के पिता नफीस और परिजन का रो रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

थाना प्रभारी सतेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस हर बिंदु पर गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही इस जघन्य हत्या का पर्दाफाश कर हत्यारों को कानून के शिकंजे में लाया जाएगा।

# पशु अस्पताल के लैब कक्ष को कर्मचारी ने बनाया निजी आवास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** पशु अस्पताल में विभागीय लापरवाही और सरकारी नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। अस्पताल परिसर में पशुओं की जांच के लिए बनाए गए लैब कक्ष पर एक कर्मचारी ने कब्जा जमाकर उसे अपने निजी आवास में बदल दिया है। यह न केवल शासन के निर्देशों की खुली धज्जियां उड़ाता है, बल्कि सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग का भी स्पष्ट उदाहरण है।

जानकारी के अनुसार, पशु अस्पताल परिसर में करीब सात वर्ष पूर्व लाखों रुपये की लागत से लैब कक्ष का निर्माण कराया गया था, ताकि पशुओं के रक्त, दूध, चारा आदि की जांच की जा सके। लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते लैब कभी शुरू ही नहीं हो पाई। इसी का फायदा उठाकर एक कर्मचारी ने उक्त कक्ष को अपने परिवार सहित रहने के

## नागरिकों ने की डीएम से की कार्रवाई की मांग

लिए कब्जा लिया है। बताया जा रहा है कि यह कर्मचारी लंबे समय से उसी लैब कक्ष में निवास कर रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में पशु उपचार के लिए आने वाले लोगों को कई बार असुविधा का सामना करना पड़ता है। लैब कक्ष में परिवार के रहने से अस्पताल की साफ-सफाई और कार्यप्रणाली पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लोगों ने सवाल उठाया है कि सरकारी संपत्ति को निजी आवास में तब्दील करने की अनुमति आखिर किसने दी?

सूत्रों के अनुसार, इस पूरे प्रकरण की जानकारी विभागीय अधिकारियों को भी है, लेकिन अब तक किसी ने कोई कार्रवाई नहीं की है। नगर वासियों ने जिलाधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से मामले की गंभीर जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. लोकेश अग्रवाल ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पशु चिकित्सक डॉ. अनुराग का कहना है कि मेरे कार्यभार ग्रहण करने से पहले से ही उक्त कर्मचारी अपने परिवार सहित इसी लैब में रह रहा है।

नगरवासियों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को विवश होंगे। उनका आग्रह है कि लैब को कब्जे से मुक्त कराकर उसे अपने मूल उद्देश्य पशुओं की जांच के लिए पुनः संचालित किया जाए।

# मयंक गोयल को चार्टर्ड अकाउंटेंट की उपाधि

## नगरवासियों में हर्ष का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के लिए गौरव का विषय है कि भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान ने धामपुर निवासी मयंक गोयल को परीक्षा परिणाम के अंतर्गत चार्टर्ड अकाउंटेंट की उपाधि प्रदान की है।

मौहल्ला गुजरातियान निवासी समाजसेवी व व्यापारी अखिलेश कुमार गोयल एवं राजरानी गोयल के पुत्र मयंक गोयल की इस उल्लेखनीय सफलता की जानकारी मिलते ही नगरवासियों में हर्ष का माहौल है।



मयंक की इस उपलब्धि पर परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों तथा समाजसेवियों ने गोयल परिवार को हार्दिक बधाई दी है। लोगों ने कहा कि मयंक ने न केवल अपने परिवार का बल्कि पूरे धामपुर नगर का नाम रोशन किया है।

# एनसीसी कैडेट्स ने निकाली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को एमक्यू इंटर कॉलेज एवं आरएसपी इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक भव्य रैली का आयोजन किया गया।

यह रैली 32 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी धामपुर के कमान अधिकारी के दिशा-निर्देशन में तथा एमक्यू इंटर कॉलेज के कैप्टन मौहम्मद यूनुस एवं आरएसपी इंटर कॉलेज के लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा के नेतृत्व में निकाली गई।

07 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की रचना को 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस गीत की रचना



**वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम**

बंकिम चंद्र चटर्जी ने 7 नवंबर 1875 ई में संस्कृत भाषा में की थी। इसे पहली बार वर्ष 1882 में उनके प्रसिद्ध उपन्यास आनंद मठ में प्रकाशित किया गया था। वर्ष 1896 में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कांग्रेस अधिवेशन में इसे पहली बार गाया था। 24 जनवरी 1950 को वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत के रूप में स्वीकार किया गया। आजादी के समय यह गीत देश भक्ति का प्रतीक रहा है और आज भी राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल करता है।

राष्ट्रीय गीत के प्रचार-प्रसार हेतु भारत सरकार द्वारा पूरे देश में रैली, पोस्टर प्रतियोगिता व नाटक आदि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्योहारा में आयोजित यह रैली आरएसपी इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर बिरला कन्या इंटर कॉलेज, ठाकुर मंदिर मार्ग होते हुए पुनः आरएसपी इंटर कॉलेज पर समाप्त हुई।

रैली के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने अपने हाथों में वंदे मातरम से संबंधित तख्तियां थाम रखी थी और वंदे मातरम के जयघोष से वातावरण गुंजायमान कर दिया।

# कृष्णा कालेज में तीन दिवसीय सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज के शिक्षा विभाग में आज उत्साह के साथ सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला को प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके डा. परवेज अहमद कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य के द्वारा किया गया किया गया।

कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डा. परवेज अहमद ने विद्यार्थियों को बताया कि जितना आवश्यक आपके लिए सैद्धांतिक ज्ञान है, उतना ही आवश्यक आपके लिए यह प्रयोगात्मक ज्ञान है। सूक्ष्म शिक्षण न केवल आपके आत्मविश्वास को आगे ले जाकर आपको एक अच्छा शिक्षक बनने में सहायता करेगा, इसके अतिरिक्त यह आपके आत्म विश्लेषण के आत्म सुधार के अवसर प्रदान करके भविष्य



में आपको एक अच्छा शिक्षक के रूप में में सम्मान प्राप्त करने में आपकी मदद करेगा।

इसके बाद सूक्ष्म शिक्षण के महत्व को बताते हुए पाठ प्रस्तावना कौशल के विभिन्न घटकों को विस्तार पूर्वक समझाया।

एमएस अंसारी के बाद सुनील कुमार चौहान ने श्यामपट कौशल व उसके विभिन्न घटकों को विस्तार पूर्वक समझाया- जैसे लेखन की स्पष्टता, सुपाठ्यता, स्वच्छता, सामग्री की प्रभावशीलता, सामग्री की प्रासंगिकता आदि आदि घटकों का प्रयोग अपने पाठ योजना में किस प्रकार से करना है। कार्यशाला के प्रथम दिन को सफल बनाने में अन्य प्रवक्ता सुनील कुमार, सुश्री प्रतिमा एवं श्रीमती अंशिका राव का विशेष योगदान रहा।

# चीनी मिल में कैम्प लगा कर ट्रक ड्राइवरों का नेत्र परीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** चीनी मिल में यातायात सुरक्षा माह के अन्तर्गत एक निःशुल्क नेत्र परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें डा. अशोक शर्मा तथा डा. विनीत कुमार (प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र) द्वारा ट्रक ड्राईवरों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें चीनी मिल के डा. कमल पंवार तथा उनके सहयोगी विजय कुमार व कविता रानी ने सहयोग किया।

अभय कुमार पाण्डेय पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर ने सभी ट्रक ड्राईवरों, ट्रांसपोर्टरों व चीनी मिल के स्टॉफ को यातायात के नियमों तथा नये संशोधित कानूनों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। समस्त वाहनों पर रिफ्लेक्टर व लाल कपड़ा लगाने का परामर्श दिया गया, जिससे सड़क पर चलने वाले वाहनों की दृश्यता बनी रहे और दुर्घटनाओं की



सम्भावना कम हो सके।

निष्काम गुप्ता उपाध्यक्ष चीनी मिल द्वारा सभी ट्रक ड्राईवरों, ट्रांसपोर्टरों व चीनी मिल के स्टॉफ को यह परामर्श दिया गया कि कोई भी व्यक्ति मदिरा का सेवन करके वाहन न चलाये, अपने वाहन निर्धारित गति सीमा में ही चलाये, स्वयं व आम जन-मानस को सुरक्षित रखे। यह कार्यकम मृदुल कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना धामपुर, प्रदीप कुमार खोकर चौकी प्रभारी, विजय गुप्ता मुख्य महाप्रबंधक प्रशासन तथा ओमवीर सिंह महाप्रबंधक गन्ना की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर चीनी मिल का स्टॉफ मनोज चौहान वरिष्ठ प्रबंधक, दिनेश राजपूत, राजेश यादव, संजीव शर्मा, ट्रांसपोर्टर- तुषार दहिया, पदम सिंह, अनीस अहमद, इन्द्रेश शर्मा, रोशन सिंह, मौ. इदरीश, लाल बहादुर सिंह तथा कपिल कुमार उपस्थित रहे।

# बाजार में जर्जर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर के बाजार कल्लूगंज में चर्च के पास अचानक सड़क के ऊपर से गुजर रही जर्जर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर सड़क पर गिर पड़ा। जिससे उधर से गुजर रहे काफी राहगीरों व ई-रिक्शा चालक चपेट में आने से बाल-बाल बच गए।

जब इसकी सूचना देने के लिए साहनपुर के जेई राहुल श्रीवास्तव के मोबाइल पर कॉल की गई, तो उन्होंने फोन उठाना गंवारा नहीं किया। बाद में लाइनमैन रजत कुमार को सूचना

## बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बचा

दी गई, जिसके बाद उन्होंने तुरंत लाइट बंद कराने के बाद मौके पर पहुंचकर हादसा होने से बचाया। उल्लेखनीय है कि कल्लूगंज व मछली बाजार में खुले बिजली के जर्जर तार चल रहे है। यह तार आए दिन टूटकर गिरते रहते है, जिससे बिजली व्यवस्था बाधित होने के साथ हादसे का खतरा रहता है। जबकि शासन से सभी स्थानों पर जर्जर तार हटाकर मोटा तार डालने के आदेश है।

# कृषि निवेश भंडार पर किसानों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर में स्थित कृषि निवेश भंडार में कुछ किसानों को गेहूं बीज में अधिक रुपये वसूलने को लेकर भाकियू अराजनैतिक कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया।

कृषि निवेश भंडार पर अंकुल कुमार, विजेंद्र सिंह आदि किसान गेहूं बीज लेने पहुंचे। आरोप है कि कृषि निवेश भंडार पर मौजूद सहायक कृषि अधिकारी नरेंद्र मलिक ने किसानों से 936 रुपये के स्थान पर 1000 रुपये लिए। मामले की सूचना मिलने पर भाकियू अराजनैतिक के वरिष्ठ नेता हुकुम सिंह व नौबहार सिंह कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे और हंगामा कर धरना प्रदर्शन किया। उक्त पदाधिकारियों का कहना है कि किसानों का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सहायक कृषि अधिकारी नरेंद्र मलिक ने अपने ऊपर लगे



आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि किसानों ने न तो हस्ताक्षर किए और न ही अंगूठा लगाया है। इस अवसर पर विपिन कुमार, राजन कुमार, अर्जुन कुमार, अशोक कुमार बब्लू आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कालेज में सांप मिलने से मचा हड़कंप



**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के ग्राम शाह अलीपुर निचल उर्फ मन्धोरा स्थित दयावती आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज में उस समय हड़कंप मच गया, जब प्रार्थना स्थल के ठीक बगल में लगभग 5 फीट का जहरीला किंग कोबरा फन फैलाये बैठा था। गनीमत रही कि छात्र-छात्राएं प्रार्थना के बाद कक्षाओं में जा चुके थे। वरना कोई अनहोनी हो सकती थी। शिक्षकों के अनुसार जब छात्र छात्राएं प्रार्थना के उपरांत अपनी अपनी कक्षाओं में चले गए तो वहां फन फैलाये बैठे सांप पर विद्यालय प्रबंधक की नजर पड़ गई। विद्यालय में सांप होने की सूचना वन विभाग को दी गई लेकिन आरोप है कि वन विभाग का कोई कर्मचारी मौके पर नही आया। शिक्षकों ने हिम्मत दिखाते हुए बाम. ुश्किल सांप को एक कमरे में बन्द किया। घंटों बाद बुलाए गए एक लोकल सर्प मित्र ने सांप को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा।

### विद्यालय में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम



**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामलीला बाग में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती मृदुला शर्मा ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रतिभा चक्रवर्ती और अध्यक्षता श्रीमती रितु गर्ग ने की। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती डॉ ललिता शर्मा रहीं। श्रीमती आशा महेश्वरी जी कार्यक्रम की संरक्षिका के रूप में रही। श्रीमती फूलमाला वर्मा ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका के विषय में जानकारी दी। श्रीमती रजनी टॉक जी ने वक्ता के रूप में कुटुम्ब एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टि का विषय लिया। कार्यक्रम में श्रीमती दीपा शर्मा, श्रीमती पुष्पा लाहोटी, श्रीमती संगीता जैन, श्रीमती विशाखा मित्तल को समाज में अपने विशेष कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय की बहनों के द्वारा रानी लक्ष्मीबाई, रानी अहिल्याबाई होलकर, रानी जीजाबाई, डॉ आनंदी बाई जोशी की सुंदर झाकियां प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में कुल 101 अभिभावक माताओं ने प्रतिभाग किया।

### सपा की नई टीम का गठन



**धामपुर।** समाजवादी पार्टी ने संगठन को मजबूती देने के लिए नई टीम का गठन किया है। मोहल्ला बन्दूकचियान स्थित अजीम राणा के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सपा के जिला अध्यक्ष आसिफ अंसारी ने कई पदाधिकारियों की घोषणा की। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में नगीना निवासी मीर सराई को जिला महासचिव नियुक्त किया गया। वहीं आसिफ मालिक को महासचिव, रफीक कुरैशी (शेरकोट) को जिला सचिव, नदीम जर्मन (स्योहारा) को जिला उपाध्यक्ष, शारिक जैदी (हबीबवाला) को जिला सचिव, फैजान (शेरकोट) को नगर अध्यक्ष, हाफिज मौहम्मद शाद (धामपुर) को नगर अध्यक्ष, मौहम्मद सानू को नगर महासचिव और मौहम्मद इमरान को नगर सचिव के रूप में मनोनीत किया गया।कार्यक्रम में पूर्व नगर अध्यक्ष नसीम राणा, सराफत अली, नवनीत राणा, कमल चौहान, व्यापार सभा अध्यक्ष पप्पू, शुऐब मैक्स, गौरव चौहान, अंकुर सिंह, निसार खान, मजाहिर हुसैन, आफताब कामरेड, नासिर अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### 15 नवम्बर तक बंद रहेगा नहटौर रेलवे फाटक



**धामपुर।** नहटौर रेलवे फाटक पर मरम्मत कार्य के चलते यातायात प्रभावित रहेगा। रेलवे प्रशासन ने इस फाटक को 15 नवंबर तक बंद रखने का निर्णय लिया है। सोमवार से इस रूट पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है, जो लगातार अगले कई दिनों तक जारी रहेगा। रेलवे विभाग ने बताया कि फाटक की स्लीपर और ट्रैक मरम्मत के कारण क्रॉसिंग पूरी तरह से बंद रखी जाएगी। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि मरम्मत कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए लोग वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। फिलहाल राहगीरों और वाहनों को ओवरब्रिज अथवा जैतरा रेलवे फाटक के रास्ते से गुजरना होगा। स्थानीय लोगों ने इस अस्थायी बंदी से परेशानी जताई है। खासकर उन लोगों को जो प्रतिदिन इसी मार्ग से शहर या बाजार की ओर आते-जाते हैं। जानकारी के अनुसार इस मार्ग पर रोजाना करीब 180 रेलगाड़ियों का आवागमन (अप एवं डाउन दोनों दिशा में) होता है। सुरक्षा और रखरखाव को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने यह निर्णय लिया है ताकि आने वाले समय में किसी भी प्रकार की दुर्घटना या तकनीकी समस्या से बचा जा सके। स्थानीय नागरिकों ने रेलवे विभाग से मरम्मत कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की है, ताकि राहगीरों को राहत मिल सके।

### नगर पालिका की टीम ने जीता मैच

**नजीबाबाद।** क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला पोस्ट ऑफिस व नगर पालिका की टीम के बीच खेला गया। जिसमें ऑफिस कप्तान अवधेश त्यागी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पोस्ट ऑफिस की टीम ने अपने सभी विकेट खोकर निर्धारित 20 ओवर में 115 रन बनाए। पोस्ट ऑफिस की ओर से 57 रन शुभम ने जोड़े, जवाब में नगर पालि. का की टीम 11 ओवर में अपना लक्ष्य पूरा करते हुए तीन विकेट खोकर फाइनल मुकाबला जीत गई। सात विकेट से नगर पालिका की टीम ने मैच जीत लिया। मैच अंपायर ऋषभ त्यागी व मौहम्मद फरहान खान रहे व मैन ऑफ द मैच नगर पालिका की टीम के मौहम्मद रियासत को दिया गया। रियासत ने अपनी टीम के लिए 23 रन बनाए तथा चार विकेट खोकर 15 रन देकर छह विकेट भी लिए, उन्हें मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। इस मौके पर मौहम्मद अल्ताफ, मौहम्मद फैज, रियासत, वाणी अग्रवाल, विशाल चंद्र संतोष, सौरभ, संजय अग्रवाल, निशांत, मौहम्मद अहसान, आलोक त्यागी, मौहम्मद फैजादी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम व ईओ अनूप रावत ने विजेता टीम को 21000 तथा उपविजेता टीम को 11000 तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

सम्भल-विस्फोट में मार गए लोगों को कैन्डिल जलाकर श्रृद्धांजलि देते हाजी नुसरत इलाही





सम्भल- जनपद स्तरीय सिंचाई समिति की बैठक लेते उपाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू।

# पूर्व चेयरमैन ने समर्थकों संग विस्फोट घटना में मरने वालों को केंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** दिल्ली में हुए ब्लास्ट में मारे गए लोगों को कैंडल जलाकर श्रृद्धांजलि देने का सिलसिला जारी है। पूर्व चैयरमेन ने अपने सर्मथकों संग बम विस्फोट की घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त किया और मारे गए लोगों को कैन्डिल जलाकर श्रृद्धांजलि दी।

मंगलवार को भारतीय सद्भावना मंच गौ प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक एवं नगर पालिका परिषद सम्भल के पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही के नेतृत्व में उनके सिरसी रेलवे क्रॉसिंग स्थित कोल्ड स्टोर के कार्यालय पर इकटठा हुए कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने दिल्ली में हुए ब्लास्ट पर गहरा दुख प्रकट किया और मारे गए लोगों के प्रति कैंडल जलाकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रृद्धांजलि दी गई। हाजी नुसरत इलाही जामई ने बोलते हुए कहा कि यह घटना बेहद दुख भरी घटना है और हम गृहमंत्री से मांग करते हैं कि वह इस मामले में कड़े कदम उठाएं और दोषियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए जिन्होंने भी इस तरह की घटना को अंजाम दिया है। दुआ करते हैं कि हमारे मुल्क हमारे शहर और देश के कोने-कोने में अमन शांति और भाईचारा बना रहे। उन्होने कहा कि आतंकी का कोई मजहब नहीं होता है। आतंक फैलाने वालों को किसी धर्म में कोई स्थान नहीं होता। उन्होने देश के प्रधानमंत्री और ग्रहमंत्री से इस दुस्साहसिक घटना को अंजाम देने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर रिजवान चंदायन, अशरफ सैफी, महबूब, अनवर, अरकान आदि मौजूद रहे।

## दूसरे दिन भी जनपद में बरती गई पूरी सतर्कता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** दिल्ली के लालकिला में हुई बम विस्फोट की घटना को लेकर जिले भर में दूसरे दिन भी पूरह तरह से सर्तकता बरती है। पुलिस कर्मी जगह-जगह तैनात रहकर हर आने जाने वाले की गतिविधियों पर नजर बनाये रखे रहे। जबकि सार्वजनिक और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी रही। इसके अलावा रोडवेज बस अडडा और अन्य स्थानों पर सर्तकता बरती गई जबकि वाहनों की चैकिंग गहनता से की।



सम्भल- चमन सराय में मांस दुकानों का औचक निरीक्षण करते खाद्यय सुरक्षा अधिकारी।

# जनपद में नहर का कार्य हो शीघ्र पूरा: हरेन्द्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद स्तरीय सिंचाई समिति की बैठक का आयोजन कर विभिन्न बिंदुओं पर चचा की गई।

कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय बंधु समिति के उपाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू की अध्यक्षता में सिंचाई बंध की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटा ने लघु सिंचाई के संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि लघु सीमांत कृषकों की सुविधाओं को लेकर विशेष ध्यान दिया जाए। शासन की प्राथमिकता के अनुसार कृषकों के साथ अच्छा व्यवहार हो तथा आईजीआरएस शिकायतों के अन्तर्गत अच्छे से सुनवाई हो। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी संवेदनशील बनें जनसुनवाई के अन्तर्गत जनसामान्य की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। मुख्य विकास अधिकारी ने लघु सिंचाई से संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जल संरक्षण को लेकर कार्य किया जाए, जल संरक्षण को समझना आवश्यक है। सभी विभाग जल संरक्षण को लेकर कार्य करें। रेनवाटर हार्वेस्टिंग पर भी कार्य किया जाए। भूगर्भ जल को अधिक से अधिक बचाने तथा जल का सदुपयोग करने को लेकर भी चर्चा की गयी। सिंचाई बंधु जिला स्तरीय समिति के उपाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने कहा कि सभी लोग अपने अपने कार्यों के प्रति सजग रहें। विद्युत विभाग सजगता के साथ कार्य करे। उन्होंने कहा कि जनपद में नहर का कार्य शीघ्रता के साथ पूर्ण हो उसके लिए प्रयास किये जाएं। अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार ने बैठक में आये सभी लोगों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बैठक के अन्तर्गत जो भी दिशा निर्देश दिए हैं उनका अक्षरश: पालन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, चंद्रसेन राणा, विद्युत विभाग से एसडीओ बहजोई अखिलेश कुमार व सिंचाई विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# मांस दुकानों पर सफाई नहीं मिली संतोषजनक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मांस की दुकानों का निरीक्षण करने पहुंची खादय सुरक्षा विभाग को परिसर में साफ-सफाई संतोष जनक नहीं मिली। टीम ने दुकानदारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। जवाब संतोष जनक नहीं मिलने पर कार्यवाही की चेतावनी दी।

मंगलवार की दोपहर खाद्यय सुरक्षा विभाग की टीम अचानक चमन सराय मं स्थित मांस की दुकानों का निरीक्षण करने पहुंची। टीम ने मांस दुकानों का बारीकी से निरीक्षण किया जबकि मांस दुकानों पर बिक्री ओर लाईसेंस की शर्तों का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं निरीक्षण किया। इस दौरान टीम को मांस दुकान परिसर में गंदगी मिली। जबकि साफ-सफाई संतोष जनक

**0टीम ने अचानक किया दुकानों का निरीक्षण, दुकानदारों को नोटिस जारी कर मांगा जवाब**

नहीं मिलने पर मांस दुकानदारों से आवश्यक अभिलेख मांगे लेकिन मांस दुकानदार अभिलेख उपलब्ध नहीं करा सके। टीम ने चमन सराय में स्थित आजम मीट शॉप, शाह आलम मीट शॉप, जावेद मीट शॉप, फैजान मीट शॉप, फैजल मीट शॉप, अंसार प्रेश बफैलो मीट शॉप, साबरी प्रेश बफैलो मीट शॉप की दुकानों का निरीक्षण किया। खाद्यय सुरक्षा टीम का नेतृत्व कर रहे मुख्य खाद्यय सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सभी मीट शॉप परिसर में साफ सफाई संतोषजनक न पाए जाने एवं आवश्यक अभिलेख उपलब्ध न कराए जाने पर सभी को नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस का जवाब संतोषजनक न दिए जाने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान मानवेन्द्र सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य)राहुल सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, राजेश कुमार, सुधीर कुमार, राजीव कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# आज फिर लोगों ने हाथों में उठा लिए पत्थर

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** बज्मे तरब के तत्वधान में एक तरही मुशायरा उस्मान अन्सारी के रूकनुद्दीन सराय स्थित आवास पर आयोजित किया गया। जिसमे शहर के शायरो ने अपने कलाम पेश कर सभी को वाह-वाह करने पर मजबूर कर दिया। नौशाद सम्भली ने नाते पाक पेश कर मुशायरे की शुरुआत की बहारिया दौर का आगाज करते हुए उन्वान सम्भली ने कहा कि:-जब बना सकते नहीं आप किसी के खदो खाल। आप को मसनदे शाही से उतर जाना था।। वसीम अख्तर सम्भली ने कहा कि:-उम्र भर साथ रहा जिसके हुजूमे दुनिया आखरी वक्त में वह शख्स मगर तन्हा था।। फहीम साकिब ने कहा कि:-हाए तकदीर जमाने ने उसे छीन लिया। जिन्दगी करके फना हमने जिसे पाया था।। मुजाहिद नादान ने कहा कि:-नॉव कागज की भला तैरती रहती कब तक।। इक न इक रोज तो अफसाने में रंग आना था।। नौशाद सम्भली ने कहा कि:-इसलिए मुझसे कभी मिलने नहीं आया वह रहगुजर मे मेरी रख्खा हुआ आइना था।। मुशायरे के कन्वीनर उस्मान अंसारी ने कहा कि:-मुझको जरुमो की नुमाइश का कोई शौक नही। जख्म अपनो ने जो दिया वह बहुत गहरा था।। अतहर सम्भली ने कहा कि:-सुन के रूदाद मेरी अब वह बहुत हसता है। वह जो माजी में कभी मेरा हुआ करता था।। बेदिल सम्भली ने कहा कि:- आज फिर लोगो ने हाथो में उठा लिए पत्थर। आज फिर बस्ती में एक कैस नजर आया था।।अध्यक्षता करते हुए हुसैन अफसर ने कहा कि:-खूब दोनो ने मुहब्बत का सिला पाया था। मुजतरीब हीर इधर थी तो उधर राँझा था।। नवाब शुजा अनवर ने कहा कि:- तुझसे ऐ जाने का पूछता हूँ एक सवाल। क्या वह सचमुच तेरी सूरत की तरह सादा था।। इन्तेखाब हुसैन ने कहा कि:-थी कोई वात अगर मुझसे शिकायत करता। गैर थे लोग सभी में तो तेरा अपना था।। अफजाल अंसारी ने कहा कि:-जाने क्यू तरके ताआल्लुक पे तुला है जालिम। जिसको अफजाल ने खुद से भी सिवा सोचा था।। तरही मुशायरे में इसके अलावा हाजी इस्लाम, मौ. जुनैद, जियाउर रहमान एड., मौ. कासिम एड., मौ. जमील एड. मौ. कासिम, फैजान पाशा, मौव रिजवान, फैजान सैफी अनस मजीदी आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता सैयद हुसैन अफसर तथा संचालन हकीम बुरहान सम्भली ने किया।।



सम्भल-रूकनुददीन सराय में तरही मुशायरे में कलाम पेश करते शायर।

## सम्मेलन में होमगार्डस जवानों की स्वास्थ्य जांच के साथ किया जागरूक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** होमगार्ड्स सैनिक सम्मेलन एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में होमगार्डस जवानों की स्वास्थ्य जॉच के साथ मानसिक रूप से जागरूक किया गया।

हिंद स्टेडियम में आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि मुरादाबाद डिवीजन के डिविजनल कमांडेंट (होमगार्ड्स) राम नारायण रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि चिकित्सा अधिकारी डा. नीरज शर्मा रहे। कार्यक्रम में जिला कमांडेंट होमगार्डस ज्ञान प्रकाश ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य जिले के सभी होमगार्ड्स जवानों को स्वास्थ्य जांच के साथ मानसिक व शारीरिक रूप से जागरूक बनाना है। उन्होंने कहा कि होमगार्ड्स समाज की सेवा में हर समय तत्पर रहते हैं, इसलिए उनका स्वस्थ रहना और प्राथमिक चिकित्सा का ज्ञान होना बेहद जरूरी है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जवानों की ब्लड प्रेशर, शुगर और सामान्य स्वास्थ्य जांच की। इसके साथ ही तनाव प्रबंधन, जीवनशैली संबंधी बीमारियों की रोकथाम और प्राथमिक चिकित्सा के महत्व पर कार्यशाला भी आयोजित की गई।

# राष्ट्रीय चेतना का अधिकार है वंदे मातरम: यतेन्द्र वर्मा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय इतिहास संकलन समिति के तत्वावधान में द गुरुकुल भवानीपुर में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का आस्था और श्रृद्धा के साथ सामूहिक गायन हुआ। राष्ट्रीय गीत को राष्ट्रीय चेतना का आधार बताकर उसके महत्व और इतिहास पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया।

भवानीपुर पुल के निकट संचालित विद्यालय द गुरुकुल में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का छात्र-छात्राओं, शिक्षक मंडल, प्रबंध समिति तथा भारतीय इतिहास संकलन समिति के सदस्यों ने सामूहिक रूप से आस्था और श्रृद्धा के साथ गायन किया। द गुरुकुल के प्रबंधक यतेंद्र वर्मा ने कहा कि भारत की राष्ट्रीय चेतना का आधार वंदे मातरम है। वंदे मातरम का गायन करते ही अजीब स्फूर्ति और ऊर्जा प्राप्त होती है। देश की बलिवेदी पर न्योछावर होने की प्रेरणा भी मिलती है। इतिहास संकलन समिति के लेखक प्रमुख उमेश श्रीमाली ने वंदे मातरम का अर्थ बताते हुए उसके इतिहास पर प्रकाश डाला और बताया कि 1875 से वर्तमान तक भारतीयों के दिल और दिमाग पर प्रभावी रहने वाला राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम हमें अपने देश के लिए बहुत कुछ कर गुजरने की शिक्षा देता है। समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा लिखित वंदे मातरम की 150 वर्ष की सफलतम यात्र को अद्भुत समर्पित और प्रेरक बताते हुए सभी उपस्थित सदस्यों को वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मयंक अग्रवाल, ममता सिंह, चंद्रशेखर तिवारी, तबस्सुम जहरा, मयंक अग्रवाल, विनीत शर्मा, मीनू, हिना खानम, ममता सिंह, इशिता सक्सेना, अविनाश शुक्ला आदि ने वंदे मातरम के परिपेक्ष में अपने सार गर्भित विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन द गुरुकुल की प्रधानाचार्या सुनीता वर्मा ने किया।

## एक नज़र इधर भी

### दिल्ली लाल किला क्षेत्र में घटना की कड़ी निंदा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** दिल्ली के लालकिला क्षेत्र में हुई विस्फोटक घटना पर राजनैतिक दलों, सामाजिक संगठनों व धर्मगुरूओं ने गहरा दु:ख जताते हुए कहा कि वे बेगुनाहों की जान लेना कोई भी धर्म नहीं कहता नगर पंचायत चैयरमेन कौसर अब्बास, चौ. हसन आरिफ, हाजी तसद्दुक अंसारी, शबीह अब्बास नकवी आदि के अलावा धर्म गुरूओं ने भी दु:खद व जान लेवा घटना की कड़ी निंदा करते हुए इस घटना को इंसानियत के मुंह पर तमाचा बताते हुए कहा कि घटना में जो लोग मारे गए हैं। उनपकी भरपाई तो नहीं की जा सकती, लेकिन हम सब दुखी परिवारों के गम में बराबर के शरीक है और ऊपर वाले से दुआ करते हैं कि वे अपने दिल के टुकड़ों को खोने वालों को हिम्मत व सब्र दे।



बबराला- गंगाघाट राजघाट पर बढ़ते जल स्तर पर उफान लेती गंगा नदी।

### धूमधाम से मना एपीजे कलाम का जन्मदिन

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** देश के प्रथम शिक्षामंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद का जन्म दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मनाया गया। नवाब महमूद अंसारी गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित जन्म दिवस कार्यक्रम में मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के महान कार्यों पर चचा की। छात्राओं से उनके ज्ञानवर्धक मार्ग पर चलने को कहा। प्रधानाचार्य रफत जहां ने बताया कि मौलाना अबुल कलाम आज़ाद एक प्रसिद्व लेखक के साथ साथ अच्छे राजनीतिक भी थे। वे कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष भी बनाये गये। उन्होने महातमा गांधी के साथ आज़ादी की लड़ाइ लड़ी। विद्यालय संयोजक सईद अख्तर इसराईली ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आज़ाद को शिक्षा अत्यंत लगाव था। इसलिए उन्हे शिक्षा मंत्री भी बनाया गया। उनका जन्म दिन राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होने एक ऐंसे भारत की अथक कवालत की जिसमें हिंदू-मुस्लिम एक होकर रहे। कार्यक्रम में छात्राओं के साथ-साथ समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



बबराला- गुन्नौर कोतवाली में भरा बारिश का पानी।

### संगोष्ठी में बच्चों से किए प्रशनोत्तर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** यातायात माह नवंबर के तहत संगोष्ठी का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी और बच्चों से प्रश्नोत्तर किए गए।पुलिस अधीक्षक के के विशनोई एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक तिवारी के नेतृत्व में विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शंकर भूषण इंटर कॉलेज, में आयोजित की गई संगोष्ठी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा संकेतों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों से प्रशनोत्तर किए गए तथा सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को क्षेत्रधिकारी यातायात श्री दीपक तिवारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन दुष्यंत बालियान, प्रभारी यातायात द्वारा किया गया। इस अवसर पर बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने, यातायात नियमों का पालन करने एवं दूसरों को भी जागरूक किया।

# सड़क हादसे में होटल मालिक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** कस्बे के रेलवे क्रासिंग पर बाइक ट्रक की टक्कर में बाइक सवार होटल मालिक की मौत हो गई। परिजनों ने कोइ कारवाई व पीएम कराने से इंकार कर दिया। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।



बताते चलें कि सम्भल कोतवाली क्षेत्र के चौधरी सराय निवासी मौ. उमर (35) पुत्र मजीद का थाना मैनाठेर के ग्राम डींगरपुर में खाने का होटल है। बताया जाता है कि वे होटल बन्द कर रात दो बजे बाइक से घर वापस जा रहा था कि कस्बे के रेलवे क्रासिंग के पास समाने जा रहे ट्रक से टक्कर हो गयी। जिसमें बाइक सवार गम्भीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों द्वारा किसी तरह की कार्रवाई व तहरीर न देने पर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

**0परिजनों ने पीएम कराने और कार्रवाई करने से किया इंकार**

# मां गंगा को निर्मल बनाए रखना हमारा परम कर्तव्य

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** दिव्य गंगा सेवा मिशन के बैनर तले एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भारतीय संस्कृति को बचाने के लिए गंगा के संरक्षण, स्वच्छता और श्रृद्धा को आवश्क बताया।

तिरंगा मार्केट में आयोजित बैठक में मां गंगा एवं मां शारदे के चित्र पर दीप प्रज्वलन करके, शिवेश्वर पाण्डेय, सुभाष चंद्र शर्मा एवं मीनू रस्तोगी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संरक्षक शिवेश्वर पांडेय ने मां गंगा को भारत देश के लिए एक अद्भुत वरदान स्वीकारते हुए, भारतीय संस्कृति को बचाने के लिए गंगा के संरक्षण, स्वच्छता और श्रृद्धा को आवश्यक बताया। जनपद सम्भल में समाजसेवी अजय कुमार शर्मा की सनातनी सेवाओं को देखते हुए संस्था ने उनकी सेवाएं लेने का निर्णय लिया है, जिसके तहत अजय कुमार शर्मा का मनोनयन, दिव्य गंगा सेवा मिशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में किया गया है। ज्ञात हो कि अजय कुमार शर्मा ने सम्भल की चौबीस कोसीय परिक्रमा एवं तीर्थोद्वार के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य शिवशंकर शर्मा ने मां गंगा के महत्व को दर्शाते हुए कहा कि हमारे कृषि प्रधान देश में नदियों का विशेष योगदान है लेकिन मां गंगा ने जितना हमारे किसानों के लिए अपना आशीर्वाद प्रदान किया है, उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता, मां गंगा को निर्मल बनाए रखना हमारा परम कर्तव्य है। साहित्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार दीक्षित एवं जिलाध्यक्ष दिनेश पाल सिंह दिलकश ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त भक्तों को मां गंगा की सेवा करने एवं उसको निर्मल बनाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर डा. रीता सिंह, ज्ञानप्रकाश उपाध्याय, दीपक गोस्वामी चिराग, अवधेश विद्यार्थी, विकास मिश्रा आदि ने विचार व्यक्त किए।



सम्भल- हल्लू सराय में श्रीशिव पुराण कथा में कथा का श्रवण करते श्रृद्वालु।

## रेलवे लाइन विस्तारीकरण की मांग को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मानव विकास जनसेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने गजरौला तक रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। समिति के सदस्यों ने नई तहसील स्थित उपजिलाधिकारी प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष डा.मौ. नाजिम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से रेल विस्तारीकरण योजना में हस्तक्षेप करने की मांग की।समिति ने बताया कि सम्भल में रेल विस्तारीकरण की यह मांग कोई नई नहीं, बल्कि लगभग पांच दशक पुरानी है।क्षेत्र की जनता लंबे समय से इस परियोजना की प्रतीक्षा कर रही है, लेकिन अब तक इसे लेकर ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ज्ञापन में कहा गया कि सम्भल का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है, इसे पर्यटन नगरी घोषित किए जाने की बात चल रही है।

# शारीरिक खेल के लिए प्रतिदिन खेल ज़रूरी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** एम जी एम महाविद्यालय में बेडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. योगेंद्र सिंह ने फीता काट कर किया कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डा.योगेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों के जीवन में खेल के महत्व को बताया और अपने महाविद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं को प्रतिदिन अपने लिए एक घंटा खेल और शारीरिक श्रम के लिए देने की अपील की जिससे फिट इंडिया मोमेंट को तेजी मिल सकें। मुख्य नियंता एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डा राघवेंद्र प्रताप सिंह ने सरकार की खेलों इंडिया पहल मे योगदान के लिए बैडमिंटन खेल को सभी शिक्षकों के शामिल होने तथा प्रतिदिन खेलने की सलाह दी और खेल से केरियर निर्माण पर प्रकाश डाला। समाज शास्त्र विभाग से डा. अमृतेश अवस्थी ने खेल को सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण के लिऐ महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में डा. संजय बाबू दुबे, डा. शशिकांत गोयल,डा. अजय कुमार ,डा. विकास सिंह यादव , डा. रितु भटनागर, डा. इमरान खान, डा. फहीम अहमद, डा. मौ. अहमद, डा. धीरेन्द्र सिंह, डा. नीलेश कुमार डा. निलेश द्वितीय डा. दुष्यंत मिश्र आदि शिक्षक साथी तथा छात्र-छात्रायें मौजूद रहीं।

## पूजा-अर्चना के साथ पैराई सत्र शुरू

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** असमोली स्थित धामपुर शुगर मिल का विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना कर हवन में मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां दी और गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ किया गया। डीएम ने मिल में गन्ना डालकर सत्र का आरंभ किया। इस मौके पर जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने गन्ना लेकर आए किसानों को माला पहनकर स्वागत किया, मिल में आयोजित हवन में विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर आहुति दी गई और चेन में गन्ना डालकर पेराई सत्र की शुरुआत कर दी गई, डीएम एवं यूनिट हैड ने किसानों से मिल में गन्ना आपूर्ति की अपील की। इस अवसर पर एसडीएम रामा अनुज त्रिवेदी, गन्ना अधिकारी परवीन कुमार, डोली सागर, हरपाल सिंह, अरविंद सिंह,नागेंद्र सिंह,आदि मौजूद रहे। यूनिट हेड संजय शर्मा ने कहा कि इस बार चीनी मिल अपनी बढ़ी हुई पेराई क्षमता पर पेराई की जाएगी।

# कम रैंक आने पर प्रधानाचार्यों को होंगे नोटिस जारी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सीएम डैशबोर्ड पर समीक्षा बैठक में डीएम ने सूक्ष्म स्तर पर कार्य करने व ग्राउंड लेवल पर कर्मचारियों को सक्रिय करने के निर्देश दिए। जबकि छात्रवृत्ति में कम रैंक आने पर सम्र्बंधित प्रधानाचार्यो को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यो की समीक्षा को आयोजित बैठक में जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं एवं उनकी रैंक तथा प्रगति के विषय में जिलाधिकारी को अवगत कराया। उद्यान विभाग के अंतर्गत माइक्रो इरिगेशन पर ड्रॉप मोर क्रॉप को लेकर जानकारी ली तथा कम रैंक पर संबंधित अधिकारी का स्पष्टीकरण जारी करने के कि साथ दैनिक विद्युत आपूर्ति को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतें ,विद्युत बिल में सुधार हेतु आवेदन आदि पर भी चर्चा की गयी। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अंतर्गत पूर्व दशम छात्रवृत्ति कक्षा 9 से कक्षा 10 में रैंक कम होने पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने संबंधित प्रधानाचार्यों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। पिछड़ा वर्ग विभाग के अंतर्गत पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना को लेकर जानकारी प्राप्त की गई रैंक कम होने पर छात्रवृत्ति से संबंधित आवेदनों की जांच के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में ओडीओपी वित्त पोषण योजना पर भी चर्चा की गई तथा कम रैंक आने पर संबंधित अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आदि पर भी चर्चा की गईएवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सूक्ष्म स्तर पर कार्य करें अपने अधीनस्थ ग्राउंड लेवल के कर्मचारियों को सक्रिय करें। पूर्वी फाउंडेशन से विनीत कश्यप द्वारा उनकी टीम द्वारा तालाबों के जीर्णोद्वार पर किये जा रहे कार्यों पर अपना प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरूण पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## सेक्टर अल्फा टू से 30 अवैध खोखे जब्त

नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग की तरफ से सेक्टर अल्फा -टू में अवैध रूप से लग रहे अतिक्रमण पर मंगलवार को स्थानीय पुलिस की मदद से कार्रवाई की गई, जिसमें लगभग 30 काउंटर जब्त कर लिए गए। सड़क किनारे एवं दुकानों के सामने बने इन अवैध काउंटर से लोगों को आवाजाही में दिक्कत हो रही थी। सेक्टर के लोग इन्हें हटाने की मांग कर रहे थे।

**सम्बंध विच्छेद**

मेरी सगी पुत्री नूरबानो पुत्री भूरा उर्फ शाकिर ने अपनी मर्जी से गुलरेज नि. रामपुर जिला रामपुर से शादी कर ली थी और मेरे घर से चली गई थी। अब आये दिन नूरबानो मेरे घर आकर मेरे साथ गाली-गलौच ओर मेरे व मेरे परिवार के साथ आमाद फसाद रहती है। मैने अपनी पुत्री को बहुत समझाया, मगर नूरबानों अपनी हरकत से बाज नहीं आयी। मजबूर होकर मैने अपनी पुत्री नूरबानो को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं अब मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का नूरबानो से कोई ताल्लुक वास्ता नहीं रहा न आईंदा होगा।

**यासमीन पत्नी भूरा उर्फ शाकिर**
नि.मौ. नवादा सरायतरीन तह. व जि. सम्भल।

# रिटायर्ड आर्मी कर्मी ने खुद को गोली मारकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र के रिलायंस पेट्रोल पंप के पास स्थित बिजली घर में उस समय सनसनी फैल गई, जब वहां तैनात एक संविदा कर्मी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग और विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान एक रिटायर्ड आर्मी कर्मी के रूप में हुई है, जो पूर्व सैनिक कल्याण निगम के माध्यम से संविदा पर गार्ड के पद पर कार्यरत था। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि मृतक ने अपनी लाइसेंसी गन से खुद को गोली मारी। घटना के समय बिजलीघर में मौजूद अन्य कर्मचारियों ने गोली चलने की आवाज सुनते ही पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची मझोला थाना पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस अधिकारियाँ का कहना है कि जांच की जा रही है और परिवारजनों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि आत्महत्या की असली वजह का पता चल सके।विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता रजनीश कुमार ने बताया कि मृतक पूर्व सैनिक कल्याण निगम के माध्यम से गार्ड के पद पर तैनात था और अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा से निभा रहा था। विभाग ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



# स्पोर्ट्फेस्ट के दूसरे दिन हावर्ड कान्वेंट स्कूल में खेलों का हुआ आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल गढ़ी में चल रहे पांच दिवसीय स्पोर्ट फेस्ट के दूसरे दिन विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीन से पांच तक के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट कलाओं का प्रदर्शन करते हुए खेलों के अंतर्गत खो खो, कबड्डी, टग ऑफ वार, एवं साधारण रेस, बैलेंसिंग रेस, सैक रेस, जैसे मनोरंजक एवं उत्साह वर्धक खेलों में प्रतिभाग किया। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह और प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि न केवल पुस्तक ज्ञान हमारे जीवन में आवश्यक है बल्कि इसके साथ-साथ हमें जीवन में खेलों का ज्ञान होना भी आवश्यक है। खेलों को सफल बनाने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।



## एक नजर

### जनपद के राशन डीलरों ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी से मिलकर बताई समस्याएं



**कांठ ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** जनपद के कोटेदारों का एक शिष्ट मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण माथुर के नेतृत्व में दुर्गेश प्रसाद जिला खाद्य विपणन अधिकारी एस आर ओ से मिला और कोटेदारों के अवशेष कमीशन के लिए तथा जनपद के अन्य ब्लॉकों के रुके हुए कमीशन के संबंध में वार्ता की। अधिकारियों द्वारा इसमें सुधार करके जो भी कोटेदार बच गए हैं।

उनका कमीशन उनके खातों में पहुंच जाने तथा जो प्रथमा ग्रामीण बैंक के खाता लगे हुए हैं उनको दोबारा चालू कराए जाने की मांग की गई कहा कि कोटेदार धैर्य बनाए रखें शीघ्र उनके खातों में उनकी बकाया धनराशि पहुंच जाएगी शिष्ट मंडल में प्रदेश साचिव बिजेंद्र चौधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रेहान अहमद खान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजीव पथिक जिला अध्यक्ष चौधरी तेजपाल सिंह संजीव कुमार ठाकुरद्वारा महानगर अध्यक्ष सीताराम महामंत्री महिपाल सिंह एव सहयोगी रोहिताश राजपूत मजहर हुसैन एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

### बौद्ध मंदिर रास्ता निर्माण में रुकावट डालने वालों की एसडीएम-सीओ से की शिकायत



**कांठ( शाह टाइम्स )** ढकेडा गांव के बौद्ध मंदिर पर जाने वाले रास्ते के निर्माण में रुकावट डालने वालों के खिलाफ ट्रस्टी योगेंद्र कुमार ने एसडीएम और पुलिस क्षेत्राधिकारी से शिकायत कर जांच उपरांत कार्रवाई कराई जाने की मांग उठाई। बौद्ध संतों के साथ योगेंद्र कुमार तहसील पहुंचे और एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर घटनाक्रम से अवगत कराया उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के द्वारा रास्ते का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन गांव के कुछ लोग इसमें अवरोध पैदा कर रहे हैं जिससे निर्माण कार्य रुक गया है।

इसके साथ-साथ उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी से भी ऐसे दबंग लोगों के खिलाफ शिकायत कर कार्यवाही की मांग उठाई उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की वजह से उन्हें और संतों को भी जान व माल का खतरा पैदा हो गया है। एसडीएम ने लेखपाल को इस मामले की जांच कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

### परिषदीय विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का 28 नवम्बर से होगी आयोजित

**कांठ( शाह टाइम्स )** परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा 28 नवंबर से आयोजित की जाएगी। कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों की परीक्षा तीन दिसंबर तक दो पालियों में आयोजित की जाएगी।बेसिक शिक्षा विभाग ने परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम व दिशा-निर्देश जारी किए। इसके अनुसार कक्षा एक की परीक्षा मौखिक होगी। कक्षा दो से पांच की परीक्षा लिखित व मौखिक दोनों रूप में होगी। कक्षा दो व तीन में लिखित व मौखिक परीक्षा का अधिभार 50-50% होगा। 4 व 5 में लिखित अधिभार 70 और मौखिक का 30% होगा। कक्षा 6 से 8 की पूरी परीक्षा लिखित होगी। लिखित परीक्षा दो घंटे की होगी और मौखिक के लिए प्रधानाध्यापक समय तय करेंगे। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल के मुताबिक परीक्षा के लिए मॉडल प्रश्न पत्र जिला स्तर पर संबंधित जिले की डायट द्वारा तैयार कराते हुए बीएसए को उपलब्ध कराया जाएगा

### स्कूल के बच्चों का लिफ्ट मांगना न बन जाए किसी परेशानी का सबब

**कांठ( शाह टाइम्स )** स्कूल के बच्चों का लिफ्ट मांगना किसी दिन परेशानी का सबब ना बन जाए इसकी आशंका बढ़ गई है बतादे कि ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में छात्र और छात्राएं नगर के स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं लेकिन छुट्टी के उपरांत स्कूल के बच्चे रेलवे फाटक या इधर-उधर अपने गांव जाने वाले मार्गों पर खड़े होकर अनजान लोगों से लिफ्ट मांगते हैं यह अनजान लोग किसी दिन इन बच्चों के लिए मुसीबत भी बन सकते हैं कुछ जागरूक लोगों का कहना था कि बच्चों का इस तरह अनजान लोगों से लिफ्ट मांगना सुरक्षित नहीं है उन्होंने स्कूलों को भी इस और ध्यान दिए जाने के लिए आगाह किए जाने की बात कही उनका कहना था कि अनजान लोगों के साथ बच्चों को बैठकर जाना किसी हादसे का सबब भी बन सकता है उन्होंने बताया कि वह स्कूलों में जाकर स्कूल संचालकों को इस और आगाह करने का काम करेंगे उन्होंने छात्र-छात्राओं से अनजान लोगों से लिफ्ट मांग कर उनके साथ बैठकर ना जाने का भी आह्वान किया है।

# खंबे के पास खड़े लोगों पर गिरा बिजली का तार, बाल-बाल बची जान

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सुबह मिश्री बेगमपुर रोड पर मंजरा मिश्रीपुर के निवासी महेंद्र सिंह के घर के सामने उनके भतीजे सोनू एवं अन्य लोग खड़े हुए थे, सोनू के सिर पर अचानक 11 हजार की लाइन का तार टूट कर सिर पर गिर गया। जिससे वहां खडे लोगों में भगदड़ मच गई, जिस समय तार गिरा उस समय बिजली आ रही थी।

लेकिन कोई हादसा नही हो पाया। सूचना मिलते ही अंकुश चौहान ने बिजली घर सलेमपुर एवं जई सलेमपुर को सूचित कर लाइट को बंद कर कराया। बतादे की बिजली के तार पुराने होने के कारण इससे आए दिन हादसो का खतरा बना रहता है तार टूटने और खम्बो में करंट उतरने के कारण कई बार पशुओं की भी जान चली जाती है गांव के लोगों ने पुराने बिजली के तारों को बदलवाकर नए लगवाए जाने की मांग उठाई है।



# प्रतियोगताओं में विजेता बच्चों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** मूंढापांडे न्याय पंचायत लालाटीकर में खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ सामुदायिक चिकित्सा अधिकारी डॉ शरूप खान ने 50 मीटर प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग की दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व सभी खिलाड़ियों को नोडल संकुल शिक्षक डॉ हरनन्दन प्रसाद ने सभी खिलाडियों को खेल को खेल भावना के साथ खेलने की शपथ दिलाई, खेलो में प्राथमिक स्तर की50 मीटर बालिका वर्ग रसूलपुर नगली की हुमैरा प्रथम व अनीता द्वितीय रही, वही बालक वर्ग में असद रसूलपुर नगली प्रथम, यश मोहम्मदपुर द्वितीय रहे। 100 मीटर बालि. का वर्ग में रसूलपुर नगली की हुमैरा प्रथम, तैय्यबा द्वितीय, बालक वर्ग में असद रसूलपुर नगली प्रथम अरुण रोंडा द्वितीय रहे,200 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग में रसूलपुर नगली की सपना प्रथम, हुमैरा द्वितीय रही। वही बालक वर्ग में रसूलपुर नगली के असद प्रथम व आकाश द्वितीय रहे,जूनियर वर्ग की दौड़ में 100 मीटर बालिका वर्ग में क्रांति लालाटीकर प्रथम, सोनी चंदनपुर द्वितीय , बालक वर्ग में अरविंद लालाटीकर प्रथम, मनीष रोंडा द्वितीय रहे। 200 मीटर बालिका वर्ग में संगीता चंदनपुर प्रथम, सलोनी चंदनपुर द्वितीय , बालक वर्ग में ऋतिक रोंडा प्रथम सचिन चंदनपुर द्वितीय रहे। 400 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में संगीता चंदनपुर प्रथम, सलोनी चंदनपुर द्वितीय रही। वही बालक वर्ग में सनी चंदनपुर प्रथम, रोहित रोंडा द्वितीय रहे। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में लंवी कूद में आक. ाश रसूलपुर नगली प्रथम,द्वितीय अशद रसूलपुर नगली द्वितीय, बालिका वर्ग में साक्षी रोंडा प्रथम, दिव्यांशी लालाटीकर द्वितीय रही,जूनियर स्तर की बालक वर्ग में लंवी कूद में रोहित रोंडा प्रथम, शनि चंदनपुर द्वितीय रहे। बालिका वर्ग में क्रांति लालाटीकर प्रथम, सलोनी चंदनपुर द्वितीय रही। प्राथमिक स्तर की कबड्ड़ी में बालक व बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर नगली की टीम विजेता बनी ,जूनियर स्तर बालक वर्ग कबड्ड़ी में जूनियर हाई स्कूल गोविन्दपुर कला, व बालिका में जूनियर हाई स्कूल लालाटीकर विजेता बनी। सभी विजेता खिलाड़ियों को यूपी ग्रामीण बैंक लालाटीकर के शाखा प्रवन्धक राकेश कुमार ने प्रमाण पत्र व पेन देकर सम्मानित किया,उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए ब्लॉक व जनपद स्तर के खेलों में क्षेत्र का नाम रोशन करने का आहान करते हुए खेलो को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की,समापन मोके पर खिलाडियों को संबोधित करते हुए नोडल संकुल प्रभारी डॉ हरनन्दन ने कहा कि खेलों को जीवन का अंग बनाकर स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाएं,इस मौके पर अजय कुमार, जोगेन्द्र सिंह, सुनील केमवाल, शिवानी जिंदल, प्रीति , अंशुल सुमन, सुमित्रा पंवार, कविता , रामगुलाम सिंह, वीरपाल सिंह, विपिन कुमार, मौ शादाब,आशीष तोमर, लेखराज सिंह आदि का सहयोग रहा।



## किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा हरिद्वार स्थित अनाथालय को वस्त्र दान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी (रजि०) द्वारा प्राचीन शिव शक्ति शिशु आश्रम, भारत माता मंदिर रोड, हरिद्वार (उत्तराखंड) को संस्थान की ओर से लिहाफ, गरम चादर, स्वेटर, जैकेट, पैंट-शर्ट आदि सामग्री दान की गई। सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. नीलम वार्ष्णेय ने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर विभिन्न गरीब संस्थाओं एवं अनाथालयों के लिए वस्त्र एवं आवश्यक सामग्री का वितरण किया जाता है।

इस अवसर पर मुकेश कुमार अग्रवाल, सौरभ वार्ष्णेय, डॉ. नीलम वार्ष्णेय, पलक वार्ष्णेय, भक्ति वार्ष्णेय, पूजा शर्मा, सुधा वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

# रोस्टर के हिसाब से 30 नवम्बर को छोड़ा जाएगा नहर में पानी, निर्माण कार्यों में लापरवाही पर जताई नाराजगी

**कांठ( शाह टाइम्स )** सिंचाई खंड मुरादाबाद की मासिक बैठक का आयोजन मंडल कार्यालय में किया गया जिस पर अध्यक्ष मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई ने दो नलकूपों पर निर्माण कार्य शुरू न होने पर नाराजगी जताई और कहा कि छजलेट माईनर नींगू नगला और शहीद राम प्रकाश महाविद्यालय पर बाउंड्री वाल का काम तुरंत होना चाहिए उन्होंने कहा कि सिल्ट सफाई का काम चल रहा है जिसे 30 नवंबर से पहले पूरा करते हुए रोस्टर के मुता. बिक ही नेहरो में पानी दिया जाएगा बताया कि मात्र एक नलकूप विद्युत दोष एवं चार अन्य दोषो के कारण बंद है जिन्हें जल्दी ठीक करा कर चालू कराया जाएगा। लघु सिंचाई के अंतर्गत किसानों को सब्सिडी देने का आदेश भी पारित किया गया कहा कि किसानों को शीघ्र चेक वित. रित किए जाएंगे।



उन्होंने ट्यूबवेल की विद्युत लाइन में हो रही ट्रिपिंग की समस्या को भी दूर करने का निर्देश दिया बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई रवि प्रकाश सिंह एग्रीकल्चर अमित कुमार पूजा कुमारी श्रद्धा भट्ट राकेश कुमार अजय कुमार गौतम सुशील कुमार सुशील कुमार यादव राणा मनोविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश एवं संचालन प्रमोद कुमार ने किया।

# टीएमयू मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर ने की एसीसीएलएमपीकॉन की प्रीकॉन्फ्रेंस की मेजबानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की झोली में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। मेडिकल कॉलेज को एसीसीएलएमपी- एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल केमिस्ट्री एंड लेबोरेटरी मेडिसिन प्रैक्टिशनर्स- 2026 की 13वीं प्रीकॉन्फ्रेंस सीएमई -सह-व्यावहारिक कार्यशाला की मेजबानी का सौभाग्य मिला है। इस सीएमई में फ्यूरस्टिक क्लीनिक्स: माइक्रोफ्लुइडिक्स, बिग डेटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से प्रयोगशाला चिकित्सा को फिर से तैयार करना है पर देश-भर के बायोकेमिस्ट्री एक्सपर्ट्स ने मंथन किया। उल्लेखनीय है, एसीसीएल एमपी, यूरोपियन फेडरेशन ऑफ क्लिनिकल केमिस्ट्री एंड लेबोरेटरी मेडिसिन- ईएफएलएम, इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ क्लिनिकल केमिस्ट्री एंड लेबोरेटरी मेडिसिन- आईएफसीसी का एक संबद्ध सदस्य होने के साथ-साथ वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ सोसाइटीज ऑफ पैथोलॉजी एंड लेबोरेटरी मेडिसिन- डब्ल्यूएएसपीएएलएम का महत्वपूर्ण सदस्य भी है। सीएमई में दोनों संस्थाओं ने भारतीय चिकित्सा पेशेवरों के बीच नैदानिक उत्कृष्टता को उन्नत करने के लिए विचारों, ज्ञान और कौशल के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने हेतु मिलकर काम करने का संकल्प लिया। दूसरी ओर ई-पोस्टर प्रतियोगिता में एचआईएमएस- देहरादून की डॉ. ईशा त्यागी विजेता रहीं। टीएमयू में माइक्रोबायोलॉजी की रेजिडेंट डॉ. शुभी सिंह ने दूसरा, जबकि फार्माकोलॉजी के रेजिडेंट डॉ. अमोल अग्रवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बायोकेमिस्ट्री की फैकल्टी डॉ. सदाफ अली, फार्माकोलॉजी की फैकल्टी डॉ. मीनू थॉमस और जनरल मेडिसिन की रेजिडेंट डॉ. भव्या खत्री ने मौखिक प्रस्तुति में अपने-अपने विभागों के लिए शानदार प्रदर्शन किया। बायोकेमिस्ट्री की एचओडी डॉ. पी. उषा किरण के दूरदर्शी नेतृत्व में डॉ. अर्कजीत दासगुप्ता, डॉ. सुशील यादव और डॉ. प्रेरणा बंथिया ने इस परियोजना का नेतृत्व किया और संकाय सदस्यों, रेजीडेंट और पीएचडी फेलो की टीम ने इन युवा लैब डॉक्टरों के सपने को वास्तविकता में बदल दिया। उत्तर प्रदेश चिकित्सा परिषद की ओर से थ्री क्रेडिट ऑवर्स से मान्यता प्राप्त इस एक दिवसीय सीएमई ने संस्थान की गौरवशाली उपलब्धियों की सूची में एक और उपलब्धि जोड़ दी। इसके साथ ही टीएमएमसी एंड आरसी उत्तर प्रदेश का पहला निजी विश्वविद्यालय और लखनऊ के बाहर दूसरा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय बन गया है, जिसे एसीसीएलएमपी के तत्वावधान में सीएमई आयोजित करने का गौरव प्राप्त हुआ। पीजीआई एमएस रोहतक से बायोकेमिस्ट्री की एमडी और 2017 में युवा वैज्ञानिक के रूप में एसीबीआई-आईएफसीसी टीएफवाईएस पुरस्कार और 2023 में एसीबीआई-यंग साइंटिस्ट पुरस्कार प्राप्त डॉ. अभ्रा घोष प्रयोगशाला चिकित्सा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग पर व्यावहारिक कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में देश भर से 40 से अधिक दिग्गज शामिल हुए, जिनमें टेक्स्टबुक ऑफ मेडिकल बायोकेमिस्ट्री के लेखक डॉ. दिनेश पुरी, ईजेआईएफसीसी के सह-मुख्य संपादक डॉ. कन्नन वैद्यनाथन, एसीसीएलएमपी- यूपी की अध्यक्ष और केजीएमयू- लखनऊ में बायो केमिस्ट्री की विभागाध्यक्ष डॉ. कल्पना सिंह, एएसएमसी- हरदोई के प्राचार्य डॉ. जेबी गोगोई, मिलिट्री हॉस्पिटल- बरेली की डॉ. (कर्नल) दीपिका गुलाटी, अमृता स्कूल ऑफ मेडिसिन- फरीदाबाद के लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अरुण के. हरिथ, वीएमएमसी और सफदरजंग हॉस्पिटल- दिल्ली की प्रो. (डॉ.) सुकन्या गंगोपाध्याय के साथ-साथ उत्तर भारत के लगभग हर प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान के सम्मानित प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष शामिल रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में बतौर अध्यक्ष आरएमएल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज लखनऊ से डॉ. रीना रानी और अमृता स्कूल ऑफ मेडिसिन फरीदाबाद से डॉ. प्रतीप जना बाहरी और टीएमयू में फिजियोलॉजी के एचओडी डॉ. जयबल्लभ कुमार, माइक्रोबायोलॉजी के डॉ. सुधीर सिंह शामिल रहे। टीएमयू में बायोकेमिस्ट्री विभाग की एचओडी डॉ. उषा किरण ने निदेशक प्रशासन श्री अभिषेक कपूर और एसीसीएलएमपी केंद्रीय समिति की अध्यक्ष डॉ. सुश्रुत सेन का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा, टीएमयू के एक दशक से भी अधिक समय में बायोकेमिस्ट्री विभाग की यह पहली बड़ी पहल है। यह सीएमई-सह-कार्यशाला वास्तव में सीखने, सौहार्द और उत्साह का एक शानदार उत्सव है। सीएमई-सह-कार्यशाला में टीएमयू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके सिंह, मेडिकल कॉलेज के डीन प्रो. एसके जैन, उप-प्राचार्य प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, पैथोलॉजी की विभागाध्यक्षा प्रो. सीमा अवस्थी, माइक्रोबायोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. उमर फारूक, प्रो. राजुल रस्तोगी, जीआईएमएस नोएडा के प्रख्यात अतिथि प्रो. इजेन भट्टाचार्य की गरिमामयी मौजूदगी रही।



**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र गुलरेज अहमद पुत्र गुलजार अहमद को गलत संगत/ गलत आचरण, दुर्व्यवहार व कहना ना मानने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में गुलरेज अहमद के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**गुलजार अहमद पुत्र अली हुसैन निवासी मुगलपुरा निकट लाल स्कूल सक्का अव्वल, तहसील व जिला मुरादाबाद**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र अंकुश कुमार व पुत्रवधू श्रीमती रूबी को उनके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **रमेश सिंह पुत्र छुट्टन सिंह निवासी ग्राम गोट थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**संबंध विच्देछ बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र अनिकेत शर्मा व पुत्रवधू श्रीमती खुशबू को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इनके द्वारा किये गए किसी भी कृत्यो/ लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिये वह दोनो स्वंय जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी की सदस्य से वास्ता व ताल्लुक नही होगा।
**मुकेश पुत्र छत्रपाल व गीता शर्मा पत्नी मुकेश शर्मा निवासीगण: ग्राम छज्जुपुरा तह0 कांठ जिला मुरादाबाद।**

**संबंध विच्देछ बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र इमरान खान को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिये वह स्वय जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
**श्रीमति बुशरा पत्नी मरहूम मो0 शफीक निवासी इस्माईल रोड बेकरी वाली गली असालतपुरा थाना गलशहीद, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# गोकशी करने वाले तीन आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना कटघर पुलिस ने गोकशी की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, कारतूस, वध करने के उपकरण और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सलीम पुत्र कलुआ निवासी ग्राम टोडीपुरा थाना टांडा जिला रामपुर, नदीम पुत्र अकरम निवासी ग्राम टोडीपुरा थाना टांडा जिला रामपुर और मोसिम पुत्र मुकीम निवासी सिद्दीकी कॉलोनी बरवाला मजरा थाना कटघर जनपद मुरादाबाद शामिल हैं।जानकारी के अनुसार बीती, 8 नवंबर की रात थाना कटघर क्षेत्रांतर्गत रामगंगा नदी के बीच स्थित खाली क्षेत्र में गोवंशीय पशुओं के अवशेष बरामद हुए थे। इस संबंध में चौकी प्रभारी पीतलबस्ती उपनिरीक्षक अंकुर त्यागी की तहरीर पर थाना कटघर में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।वरिष्ठ पुलिस अधीक्ष के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी कटघर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गो. कशी में शामिल आरोपी इलाके में देखे गए हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना कटघर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की और तीनों को पकड़ लिया।गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने तलाशी ली तो उनके पास से दो अवैध तमंचे 315 बोर, जिनमें दो खोखा कारतूस फंसे हुए थे, दो जिंदा कारतूस, एक प्लास्टिक के कट्टे में पशु वध करने के उपकरण और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है, जिससे अन्य फरार साथियों और गोवंशीय पशुओं की अवैध कटाई से जुड़े गिरोह के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कटघर पुलिस टीम की तत्परता और साहस की सराहना की है।

# ओवरलोड ट्रक का हिच टूटा खंभे से टकराकर पलटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बरेली से धान के बोरे लेकर आ रहा एक ट्रक मंगलवार देर रात बदायूं चुंगी के पास हादसे का शिकार हो गया। जानकारी के अनुसार, जैसे ही ट्रक बदायूं चुंगी पर पहुंचा, उसका पिछला हिस्सा टूटकर अलग हो गया और ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत खंभे से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हाईवे पर लगा भारी विद्युत पोल धराशायी हो गया और ट्रक पलट गया। धमाके जैसी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि सड़क पर धान की बोरियां बिखरी पड़ी थीं। हादसा रेलवे ट्रेनिंग सेंटर गेट से मात्र पांच मीटर की दूरी पर हुआ। ट्रक (हरियाणा नंबर एचआर 74बी 3438) बदायूं दिशा से मुरादाबाद की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक ओवरलोड होने के कारण जैसे ही वक्राकार मार्ग पर मुड़ा, उसका एक हिच टूट गया जिससे वाहन संतुलन खो बैठा और खंभे से टकराकर पलट गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, क्योंकि ट्रक का पिछला हिस्सा अलग हो जाने से चालक सुरक्षित बच गया।

## एक नजर

### दिल्ली धमाके में मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि



**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में लाल किला मेट्रो स्टेशन (दिल्ली) के पास धमाके की चपेट में आने से निर्दोष लोगों की मृत्यु पर सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में शोकसभा कर, मोमबत्ती जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। शोकसभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास एक कार में धमाके के साथ ओर पास चल रहे वाहनों में भी आग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ निर्दोष लोगों की दर्दनाक मौत हो गई कुछ की दिल्ली के अस्पताल में हो गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि इस बम धमाके की घटना के तार आतंकवादियों से जुड़ते हुए दिख रहे हैं। इस घटना का पुलवामा के तारिक आतंकवादी और आतंकी डॉक्टर उमर तथा आमिर और डॉक्टर मुजम्मिल से संबंध दिखने के कारण पाकिस्तान के मसूद अजहर अंतरराष्ट्रीय आतंक वादी के शामिल होने की बात कही जा रही है। दिल्ली में 2011 में बम विस्फोट हुआ था उसके बाद अब 10 नवंबर 2025 में बम धमाका हुआ है। इस घटना से पूरा देश स्तब्ध है। हम सब इस बम धमाके में मारे गए सभी मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजली देते हैं और उनके परिवारजनों को धैर्य और शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। शोकसभा में मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र एवं अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर महेश कुमार गुप्ता, संचालक डॉक्टर अरविन्द कुमार गुप्ता, डॉक्टर नितिन कौशिक, डॉक्टर निशा गुप्ता, अंकित वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय, अनमोल मिश्रा, विकास यादव, अवधेश कुमार, लोकेश यादव, विनोद कुमार, अमित कुमार, साहिल, राजेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, वीरेन्द्र कुमार, सोमवीर, यशवीर, वीरभान, जतिन, समा, कर्मवीर, शिवकुमार, अजय कुमार, बंटू, शोभा यादव, सपना, गीता अंजलि आदि मौजूद रहे।

# फरीदनगर, सुरजननगर और शरीफनगर में बड़े पैमाने पर नदियों और उपजाऊ खेतों से हो रहा अवैध खनन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** खनन विभाग और स्थानीय प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी नगर व देंहात क्षेत्र में नदियों और उपजाऊ खेतों का सीना चीर कर रेत व बालू का अवैध खनन का कारोबार जोरों पर है। पुलिस प्रशासन से सांठ गांठ कर खनन कारोबारी दिन का उजाला हो या रात का अंधेरा , नदियों और उपजाऊ खेतों से अवैध खनन कर प्रति दिन राजस्व विभाग को हजारों की हानि पहुंचा रहे है।

बतादें कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार रात के अंधेरे में अवैध खनन पर पूर्णत: पाबंदी लगी है। जिलाधिकारी के आदेश के बाद भी नगर व देहात क्षेत्र में रात का अंधेरा होते हुए जेसीबी , लोडर से क्षेत्र की ढेला नदी , सुरजननगर क्षेत्र में बहने वाली फीका नदी सहित नदियों और उपजाऊ खेतों से अवैध खनन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। जब कभी मुरादाबाद से खनन अधिकारी इन खनन कारोबा. रियों पर अंकुश लगाने के लिए अपने वाहन से क्षेत्र में पहुंचते है तो पहले ही खनन कारोबारियों की रैंकी करने वाले खनन अधिकारी के आने की सूचना खनन कारोबारियों को दे देते है। इससे खनन कारोबार सर्तक हो जाते हैं और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नही होती है, जबकि खनन कारोबारी स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के वाहन चालको व पुलिस प्रशासन से सांठ गांठ कर बिना किसी अधिकारी के खौफ के नदियों और उपजाऊ खेतों से रेत और मिटटी का अवैध खनन करते रहते है। कई बार एक अधिकारी ने खनन कारोबारियों का खनन करते हुए पकड़ लिया और उन से सुविधा शुल्क वसूल कर बिना कार्रवाई के रात के अंधेरे में छोड़ दिया गया। इस अधिकारियों की मिलीभगत कहे या लापरवाह , यह आप ही अनुमान लगा सकते है। आज भी नगर व देहात क्षेत्र के गांव शरीफनगर, फरीदनगर, रामनगर खागूवाला, पानूवाला , गोपीवाला, पीलकपुर, कमालपुरी खालसा, कालाझांडा, रतूपुरा, करनपुर , मलकपुर सेमली, नाखूनका, कुआखेड़ा खालसा, भायपुर सुरजननगर, रामपुर घोघर, सहित अन्य गांवो में रात का अंधेरा होते ही खनन माफिया मिटटी और रेत का अवैध खनन नदियों और उपजाऊ खेतों का सीना चीर कर खुलेआम कर रहे है। स्थानीय प्रशासन भी इन खनन कारोबारियों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। अगर खनन अधिकारी अंकुश लगाने का प्रयास करे तो उनके आने से पहले ही खनन कारोबारियों का खनन अधिकारी के आने की सूचना मिली जाती है। जिससे खनन कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई नही होती है। यही कारण है कि आज भी नगर व देहात क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मिटटी और रेत का अवैध खनन नदियों और उपजाऊ खेतों से हो रहा है।

# आईएफटीएम में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इना. वेशन काउंसिल (आईसीसी), स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज तथा स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में ''राष्ट्रीय शिक्षा दिवस-2025'' के अवसर पर ''एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) और शिक्षा स्वचालन की दुनिया में मानव एजेंसी का संरक्षण'' थीम पर एक वादविवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन को प्रकाशित करती है, इसलिए हम सभी के जीवन में शिक्षा का एक विशेष महत्व है। वहीं स्कूल ऑफ एजुक. शन एंड ह्यूमैनिटीज के निदेशक डॉ. मोहन लाल 'आर्य' ने भी सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजन सचिव डॉ. नितिन कुमार ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के शिक्षक श्री पुलकित शर्मा समेत शिक्षा विभाग के श्री अरुण कमार एवं श्री जसवंत सिंह आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा

# आईएफटीएम में 'पीएम- अजय योजना' के अंतर्गत कोर्स का हुआ शुभारंभ

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय परिसर में स्थित आईएफटीएम सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट के तहत प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के अंतर्गत "टू एंड थ्री व्हीलर मैकेनिक सर्विस कोर्स" के विद्यार्थियों के बैच का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) सुश्री पंखुरी जैन के सानिध्य में बैच प्रारंभ की रूपरेखा रखी गई, जिसमें सहायक प्रबंधक श्री विपुल कुमार चौहान, कुमारी सारिका एवं लेखाकार श्री सूरज पाल सिंह एवं ने बैच के प्रारंभ होने की प्रक्रिया को पूरा किया। इस मौके पर आईएफटीएम सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट के निदेशक व प्रतिकुलपति-एकेडमिक्स एवं एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव निवेदी ने बैच शुभारंभ के मौके पर पूरी टीम के कार्य की सराहना करते हुए उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, मुरादाबाद के द्वारा पीएम-अजय योजना, जो कि अनुस. ूचित जाति वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए यूपी कॉन और समाज कल्याण विभाग के सहयोग की सराहना की और साथ ही इस योजना को सफलतापूर्वक बनाने के लिए विश्वविद्यालय से हर संभव मदद के लिए आश्वासन दिया। इस दौरान आयुष सक्सेना, मौ0 जावेद, साजन एवं सुश्री विपाशी का विशेष योगदान रहा।

## यातायात माह के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन



**चन्दौसी।** यातायात माह नवंबर-2025 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सम्भलकृकृष्ण कुमार के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक तिवारी के नेतृत्व में जनपद सम्भल में विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को शंकर भूषण इंटर कॉलेज सम्भल में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा संकेतों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित हुआ, जिसमें सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक तिवारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी यातायात दुष्यंत बालियान ने किया। इस अवसर पर छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने, यातायात नियमों का पालन करने एवं समाज में अन्य लोगों को भी यातायात के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया।

# पुलिस ने पोक्सो एक्ट के वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** थाना पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सोमवार को सफलता हासिल की है। अभियुक्त पर पोक्सो एक्ट के तहत गंभीर आरोप लगे है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान विनोद कुमार पुत्र प्रीतम सिंह, निवासी आलमगीरपुर, थाना ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद के रूप में हुई है। उसके खिलाफ मुकदमा नंबर 1721/23, अ.स. 361/2023 दर्ज है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी एक लंबे समय से वारंटी था और पुलिस उसे ट्रैक कर रही थी।

गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे आग की कार्यवाही के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली पुलिस टीम का नेतृत्व एसआई कुलदीप कुमार ने किया। टीम में सचिन कुमार भी शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में जिले में पुलिस तंत्र में कुछ बदलाव हुए हैं। सितंबर 2025 में, एसएसपी सतपाल अंतिल द्वारा की गई समीक्षा के बाद, लापरवाही के आरोपों के चलते पूर्व सीओ ठाकुरद्वारा और थाना प्रभारी को हटाकर अन्य जिम्मेदारियां दी गई थीं । ऐसे में, यह नई गिरफ्तारी पुलिस की सक्रियता का संकेत देती है।

# एनकाउंटर में एसटीएफ और पुलिस ने दो इनामी बदमाश आसिफ टिड्डा और दीनू को मार गिराया

**मुरादाबाद/भोजपुर।** जनपद के भोजपुर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात मेरठ एसटीएफ यूनिट और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो कुख्यात इनामी बदमाशों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया। मारे गए अपराधियों की पहचान मेरठ निवासी आसिफ उर्फ टिड्डा और दीनू पुत्र चन्नू उर्फ इलियास के रूप में हुई है। दोनों पर हत्या, लूट, डकैती और रंगदारी जैसे संगीन अपराधों के दर्जनों मुकदमे दर्ज थे।यह मुठभेड़ भोजपुर थाना क्षेत्र के गोट रेलवे स्टेशन के पास हुई, जहां पुलिस ने सूचना के आधार पर दोनों को घेर लिया। जवाबी कार्रवाई में बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की ओर से की गई जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाश घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद सतपाल अंतिल और मेरठ एसटीएफ के एएसपी की बुलेटप्रूफ जैकेट में गोली धंस गई, जिससे दोनों अधिकारी बाल-बाल बच गए। घटनास्थल से पुलिस ने एक कार, 30 बोर की कार्बाइन, तीन 32 बोर की पिस्टलें और भारी मात्रा में जिंदा कारत. ूस बरामद किए हैं।मेरठ के रसीद नगर निवासी आसिफ उर्फ टिड्डा मूल रूप से गाजियाबाद के कलछीना गांव का रहने वाला था। आठवीं तक पढ़ाई करने के बाद उसने अपराध की राह पकड़ ली और अपना गिरोह बना लिया। उस पर मेरठ, मुजफ्फरनगर, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, मुरादाबाद, सहारनपुर, उत्तराखंड, दिल्ली और हरियाणा में 65 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। 2013 में उसे थाना ब्रहमपुरी पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर घोषित किया था।टिड्डा कई सनसनीखेज वारदातों में शामिल रहा, जिनमें 2020 में मुजफ्फरनगर में अब्दुल बहाव का अपहरण व हत्या, 2022 में अलीगढ़ की प्रतिभा कॉलोनी में 10 लाख की डकैती, 2013 में पानीपत में 40 लाख की डकैती और 2025 में मुरादाबाद के व्यापारी से 1 करोड़ की रंगदारी की मांग शामिल है।दूसरा मारा गया बदमाश दीनू मेरठ के थाना सरूरपुर क्षेत्र के खिवाई गांव का निवासी था। वह हिस्ट्रीशीटर नंबर 2981/2009 था और उस पर 25 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज थे। दीनू रतनपुरी (मुजफ्फरनगर) में 2020 की अपहरण-हत्या और डकैती की वारदात में भी वांछित था।

इस कारण उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था।मुरादाबाद पुलिस और एसटीएफ की इस संयुक्त कार्रवाई को प्रदेश स्तर पर बड़ी सफलता माना जा रहा हैं।

## जायंट्स वूमेन पावर चन्दौसी को बहजोई अधिवेशन में मिले 12 अवॉर्ड



**चन्दौसी।** जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन-05 का वार्षिक अधिवेशन समारोह बहजोई में फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. उमेश अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वूमेन पावर चन्दौसी की अध्यक्षा शुभा अग्रवाल को 'जायंट्सश्री' एवं 'आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट' अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वर्ल्ड चेयरमैन एस.पी. चतुर्वेदी, फेडरेशन-01 ए की अध्यक्षा पूनम रावल तथा फेडरेशन-02 सी के अध्यक्ष प्रशांत माली (मुंबई) उपस्थित रहे। अधिवेशन में छह राज्यों से आए सौ से अधिक ग्रुपों के काउंसिल पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पूरे वर्ष किए गए उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। जायंट्स ग्रुप वूमेन पावर चन्दौसी ने समारोह में 12 अवार्ड प्राप्त कर बहजोई में अपना परचम लहराया।

ग्रुप की अध्यक्षा शुभा अग्रवाल को जायंट्सश्री, आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट, ग्रुप एक्सटेंशन, मेम्बरशिप ग्रोथ, न्यू ग्रुप डेडिकेशन, सर्विस एंड डेडिकेशन वीक एवं समर कैंप सहित कई अवार्ड एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इसी क्रम में ग्रुप को आउटस्टैंडिंग ग्रुप, आउटस्टैंडिंग सहेली ग्रुप और मोस्ट एक्टिव ग्रुप के अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्रुप की सदस्याएँ अलका अंजलि और सारिका भी उपस्थित रहीं।

**बलवन्त सिंह स्मारक इण्टर कॉलिज अदलपुर, डिलारी, मुरादाबाद।**

**आवश्यकता हैं**

**1 से 8 तक पढ़ाये जाने हेतू निम्न विषय के अध्यापक/अध्यापिकाओं की अंग्रेजी-01 पद**
**संस्कृत-01 पद**
**सा0 विषय-01 पद**
**इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी मूल अभिलेखों के साथ विद्यालय में आकर संपर्क करें।**
**Mobile No. 9690400500**
**आज्ञा से-प्रधानाचार्य**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**न्यायालय अपर सिविल जज (जू0 डि०) कोर्ट नं0 2, मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या:** 320 सन् 2015
**तारीख पेशी:** 17.11.2025
**वस्फे इलाही आदि बनाम सुनील कुमार आदि।**
**बनाम**

परवेज आलम पुत्र श्री अहमद हसन निवासी मोहल्ला डिप्टीगंज मख्हनिया मस्जिद, मुरादाबाद। हरगाह वादी ने आपके विरुद्ध निषेधाज्ञा की डिक्री के लिये उपरोक्त वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में तारीख 17.11.25 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजाती (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है । आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गए हों और जो इस वाद से सम्बंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हों जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है, वह इस वाद के अंतिम निवटाने के लिये नियत है इस लिये आपको उस दिन अपने सब साक्ष्यों को या सब दस्तावेजो को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिन पर आप प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज दिनांक 11.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर से व न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**अहलमद**
**न्यायालय अपर सिविल जज (जू०डि०) कोर्ट नम्बर-02, जनपद-मुरादाबाद।**

## कोचिंग के छात्रों का आतंक,फिर मारपीट की वीडियो वायरल

**ठाकुरद्वारा।** नगर स्थित कोचिंग सेंटर अब स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं, यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है, यहां आए दिन छात्रों के गुटों द्वारा मारपीट किए जाने की वीडियो वायरल हो रही हैं, ताजा मामला मंगलवार यानि आज दोपहर लगभग 11.30 बजे पेश आया है जहां रतुपुरा चौराहे पर छात्रों ने जमकर उत्पात मचाया। बता दें कि एक तरफ जहां इस प्रकार की मारपीट के मामले स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। नौकरी की तैयारी करने आए छात्र छात्राओं की तैयारी भी इस कारण से बाधित होती नजर आ रही है।बता दें कि हाल ही मे इस प्रकार की मारपीट की कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अलीपुरा खालसा**
**विकास खण्ड-छजलैट (मुरादाबाद)।**

पत्रांक मीमो/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025-26 दिनांक: 07.10.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत अलीपुरा खालसा विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार दिनांक 14.11.2025 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 14.11.2025 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की माप | अनुमानित लागत (लाख में) | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नजाकत के घर से कलुवा के घर तक मिट्टी/नाली/सीसी टाईल्स नि. कार्य। | 92.50x 3.5 मी. | 399382.00 | 7988 | 200/- | 3 माह |
| 2 | विभिन्न स्थानों पर मिट्टी/नाली/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | 84.70x 3.00 मी. | 247211.00 | 4949 | 200/- | 3 माह |
| 3 | होरी के प्लॉट से रूप किशोर के प्लॉट तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | 42x 3.20 मी. | 134120.00 | 2682 | 200/- | 3 माह |

**शर्तें-**
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अलीपुरा खालसा**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद।**

## एसएम कॉलेज चन्दौसी प्रकरण की सुनवाई अब गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद में होगी


**चन्दौसी।** लंबे समय से विवादों में चल रहे एस.एम. कॉलेज चंदौसी प्रकरण में अब स्थिति स्पष्ट हो गई है। उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश ने पत्र जारी कर यह सुनिश्चित किया है कि इस मामले की सुनवाई गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद द्वारा की जाएगी। विभाग द्वारा 30 अक्तूबर 2025 को दोनों विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को भेजे गए पत्र में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के गठन के बाद जनपद अमरोहा, बिजनौर, रामपुर, मुरादाबाद एवं सम्भल के महाविद्यालयों के सभी कार्य अब महात्मा ज्योति. बा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के स्थान पर गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद द्वारा संचालित किए जाएंगे।

इस आदेश के तहत एस.एम. कॉलेज, चंदौसी से संबंधित आयोग चयनित नियमित प्राचार्य प्रो. डॉ. दानवीर सिंह यादव, आयोग चयनित प्राध्यापक डॉ. प्रवीण कुमार, एवं स्ववित्त पोषित योजना में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. गीता शर्मा की बर्खास्तगी के प्रकरण की सुनवाई अब केवल गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के अधिकार क्षेत्र में होगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व में यह प्रकरण दोनों विश्वविद्यालयों रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली और गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद में एक साथ विचाराधीन था। मुरादाबाद विश्वविद्यालय ने 16 अप्रैल 2025 को जांच प्रारंभ कर 30 अप्रैल 2025 को तीनों शिक्षकों की बहाली के आदेश जारी किए थे, जबकि बरेली विश्वविद्यालय ने 13 जून 2025 को जांच सुनवाई के लिए पत्र भेजा था। अब उच्च शिक्षा विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि बरेली विश्वविद्यालय इस प्रकरण में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई नहीं करेगा। उसे निर्देश दिया गया है कि मामले से संबंधित सभी अभिलेख गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद को हस्तांतरित किए जाएं। इस बीच यह भी पाया गया कि आइजीआरएस पोर्टल पर गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद का नाम प्रदर्शित न होने के कारण इस विश्वविद्यालय से संबंधित कॉलेजों की शिकायतें गलत स्थानों पर प्रेषित हो रही थीं। वाणिज्य विभाग के प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार द्वारा 12 जुलाई 2025 को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस समस्या की जानकारी दी गई थी, जिसके बाद शासन ने कार्रवाई कर पोर्टल पर विश्वविद्यालय का नाम प्रदर्शित करवाया।

ज्ञात हो कि प्रबंध तंत्र ने एक महिला असिस्टेंट प्रोफेसर की शिकायत पर कॉलेज के सचिव संजय कुमार को जांच अधिकारी बनाकर आंतरिक जांच कराई थी, जिसके आधार पर तीनों शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया गया था। इसके बाद विश्वविद्यालय द्वारा बहाली के आदेश दिए जाने पर भी प्रबंध तंत्र ने उन्हें कॉलेज में प्रवेश नहीं दिया और वेतन-भत्तों का भुगतान रोक दिया। अब उच्च शिक्षा विभाग के इस स्पष्ट आदेश से क्षेत्राधिकार का विवाद समाप्त हो गया है। शासन के निर्णय से उम्मीद की जा रही है कि एस.एम. कॉलेज, चंदौसी में लम्बे समय से चल रहा विवाद समाप्त होगा और कॉलेज में शैक्षणिक वातावरण और शांति बहाल होगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर हुई बैठक

**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में प्रास्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत (13 दिसंबर 2025) के आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ विदुषी सिंह के आदेशानुसार मंगलवार को नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश सम्भल स्थित चन्दौसी अवेधश कुमार सिंह के विश्राम कक्ष में एक बैठक समस्त तहसीलदार, समस्त नगर पंचायत एवं नगरपालिका परिषद के



अधिशासी अधिकारी एवं परिवहन विभाग से सम्बन्धित अधिकारी के साथ आयोजित की गयी जिसमें नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश सम्भल स्थित चन्दौसी द्वारा आगामी लोक अदालत में संपत्ति अधिग्रहण, वित्तीय विवाद, वैवाहिक मुद्दों जैसे पारिवारिक विवाद, धन वसूली से संबंधित मामले, श्रम विवाद से संबंधिक मुद्दे तथा सार्वजिनक उपयोगिता बिलों जैसे बिजली या पानी से संबंधित मामलों को अधिक से अधिक संख्या में सुलह-समझौतों के माध्यम से निस्तारण के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये। उपरोक्त बैठक के अवसर पर विभांशु सुधीर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सम्भल स्थित चन्दौसी, तहसीलदार चन्दौसी रवि सोनकर, रविन्द्र विक्रम तहस. ीलदार गुन्नौर, योगेन्द्र यादव पी.टी.ओ. सम्भल, अनरेश तिवारी अधिशासी अधिकारी बबराला गुन्नौर, अमन वर्मा जूनियर इंजिनियर सिविल, सुमित कुमार एस.एफ.आई. सम्भल, विभांशु सिंह इजीनियर जिला पंचायत, चेतांक सारस्वत अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गवां आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश सन्भल स्थित चन्दौसी अवेधश कुमार सिंह द्वारा दी गयी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मुख्यमंत्री योगी आज करेंगे जूनियर हॉकी विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरई की मेजबानी में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप की ट्रॉफी का बुधवार को यहां अनावरण करेंगे। जूनियर हॉकी विश्वकप की यह ट्रॉफी अपने प्रमोशनल टूर के तहत देश के अलग-अलग शहरों में घूमते हुए कल यहां पहुंच रही है और लखनऊ में रुकने के बाद यह उदयपुर जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास में आयोजित एक खास समारोह में इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी का अनावरण करेंगे। अनावरण समारोह में खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, हॉकी इंडिया के डायरेक्टर जनरल आरके श्रीवास्तव, खेल सचिव सुहास, खेल निदेशक डॉ. आरपी व यूपी हॉकी के महासचिव रजनीश शामिल होंगे।

### वीनस 2026 सीजन से पहले प्रदर्शनी टेनिस मैच में मैडिसन कीज का सामना करेंगी

**वॉशिंगटन, वार्ता।** अमेरिका की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स 2026 सीजन से पहले एक प्रदर्शनी टेनिस मैच में ऑस्ट्रेलियन ओपन की विजेता हमवतन मैडिसन कीज का सामना करेंगी। शार्लोट स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह मुकाबला नॉर्थ कैरोलिना के स्पेक्ट्रम सेंटर में खेला जायेगा। चार बार की ओलंपिक चैंपियन वीनस विलियम्स चार दिसंबर को इस प्रदर्शनी मुकाबले में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 की विजेता मैडिसन कीज के खिलाफ खेलेंगी।

# भारत में 15 साल से टेस्ट नहीं जीता द. अफ्रीका



● **स्पिन-फ्रेंडली पिचों पर रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे स्पिन ऑलराउंडर भारत की सबसे बड़ी ताकत साबित होंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन साउथ अफ्रीका भारत दौरे पर है, जहां उसे दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। अफ्रीकी टीम के लिए यह दौरा आसान नहीं होगा, क्योंकि वह 15 साल से भारत में एक भी टेस्ट मैच नहीं जीत सकी है।

हालांकि, साउथ अफ्रीका जून 2025 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीतने के बाद एक भी सीरीज नहीं हारा है। दोनों टेस्ट मैच कोलकाता और गुवाहाटी में होंगे। यहां की स्पिन-फ्रेंडली पिचों पर रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे स्पिन ऑलराउंडर भारत की सबसे बड़ी ताकत साबित होंगे। इन तीनों के साथ चाइनामैन कुलदीप यादव साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों के लिए बड़ी परेशानी साबित हो सकते हैं। साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा टीम के साथ सोमवार को कोलकाता पहुंचे। पाकिस्तान में ड्रा खेला साउथ अफ्रीका ने 11 से 14 जून के बीच लंदन के लाड्र्स स्टेडियम में आस्ट्रेलिया को हराकर डब्ल्यूटीएपफ का खिताब जीता था। इसके बाद अफ्रीकी टीम ने जिम्बाब्वे दौरे पर 2-0 से क्लीन स्वीप किया, जबकि पाकिस्तान दौरे पर खेली गई दो मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रा रही। साउथ अफ्रीका के इस अजेय अभियान को शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम रोक सकती है। ऐसा क्यों हो सकता है, इसे हम यहां 6 फैक्टर्स में बता रहे हैं। पिछले 15 साल से भारत में नहीं जीता साउथ अफ्रीका साउथ अफ्रीका पिछले 15 साल से भारतीय सरजमीं पर कोई टेस्ट मैच नहीं जीत सका है। टीम को आखिरी जीत 2010 में नागपुर में ग्रीम स्मिथ की कप्तानी में मिली थी। तब अफ्रीका ने भारत को पारी और 6 रन से हराया था।

उस मैच में हाशिम अमला ने नाबाद 253 रनों की शानदार पारी खेली थी और 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए थे। उस मुकाबले के बाद दोनों टीमों के बीच भारत में 8 टेस्ट खेले गए हैं, जिनमें अफ्रीका को 7 में हार मिली है और एक ड्रा रहा है। साउथ अफ्रीका ने 1996 में पहली बार भारत का दौरा किया था। उसने भारत में 1999 में अपनी पहली और अब तक की एकमात्र टेस्ट सीरीज जीत हासिल की थी। अब तक भारत में दोनों टीमों के बीच 7 टेस्ट सीरीज हुई हैं। भारत ने 4 जीती हैं, साउथ अफ्रीका ने 1 जीती, जबकि 2 सीरीज ड्रा रही हैं। धीमे विकेट पर बल्लेबाजी भी आसान नहीं होगी भारतीय पिचें साउथ अफ्रीकी टीम के बैटर्स के लिए बड़ा सिरदर्द बन सकती हैं। सीरीज का पहला मैच कोलकाता और दूसरा गुवाहाटी में खेला जाएगा। आमतौर पर भारतीय पिचें धीमी और स्पिन फ्रेंडली होती हैं। ऐसे में यहां बल्लेबाजी करना अफ्रीकी बैटर्स के लिए आसान नहीं होगा। केशव महाराज के अलावा किसी के पास अनुभव नहीं 15 दिन पहले भारतीय दौरे के लिए घोषित साउथ अफ्रीकी टीम में 3 स्पेशलिस्ट स्पिनर चुने गए हैं। इनमें केशव महाराज के अलावा, कोई अन्य अनुभवी स्पिनर नहीं है। केशव महाराज ने अब तक 60 टेस्ट मैच खेले हैं, इनमें उन्हें 212 विकेट मिले हैं।

# वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के बीच होगी टी-20 सीरीज

● **दोंनों टीमों के बीच 19 जनवरी से 3 टी-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के बीच अगले साल शारजाह में 19 जनवरी से तीन टी-20 मैचों में सीरीज खेली जाएगी। भारत और श्रीलंका में अगले वर्ष फरवरी में होने वाले टी-20 विश्वकप के मद्देनजर 19 से 22 जनवरी तक शारजाह में होने वाली यह द्विपक्षीय सीरीज दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड निदेशक माइल्स बास्कोम्बे ने इस सीरीज के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यह सीरीज हमारी तैयारी के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करती है। उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में मजबूत प्रतिद्वंदियों का सामना करने से हमें अपने संयोजन और रणनीति को निखारने तथा उनके खिलाड़ियों को भारत और श्रीलंका जैसी पिचों पर आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि वेस्टइंडीज ने पिछला टी-20 विश्वकप की मेजबानी की थी, जहां वे सुपर एट स्टेज तक पहुंचे थे लेकिन नॉकआउट में नहीं पहुंच पाए थे। अफगा उस स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचा था। दोनों टीमों ने एक- दूसरे के खिलाफ आठ अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें विंडीज ने पांच और अफगानों ने तीन मैच जीते है।

# आयरलैंड टेस्ट मैच के पहले दिन बनाए आठ विकेट पर 270 रन

● **पॉल ने 60 रन और माइकल ने 59 और कैम्फर ने 44 रनों की पारी खेली**

**बांग्लादेश, वार्ता।** पॉल स्टर्लिंग (60) और कैड कारमाइकल (59), कर्टिस कैम्फर (44) और लोर्कन टकर (41) के योगदान से आयरलैंड ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन मंगलवार को स्टंप के समय आठ विकेट पर 270 रन बना लिए है। यहां आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड को हसन महमूद ने पहले ही ओवर में कप्तान एंडी बालबर्नी (शून्य) को आउटकर पहला झटका दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कैड कारमाइकल ने पॉल स्टर्लिंग के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिए 95 रनों की साझेदारी हुई। 27वें ओवर में नाहिद राणा ने पॉल स्टर्लिंग को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। पॉल स्टर्लिंग ने 76 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में मेहदी हसन मिस्राज ने हैरी टेक्टर (एक) को अपना शिकार बना लिया। 44वें ओवर में मेहदी हसन मिराज ने कैड कारमाइकल को आउटकर बंगलादेश को चौथी सफलता दिलाई। कैड कारमाइकल ने 129 गेंदों में सात चौकों की मदद से 59 रनों की जूझारू पारी खेली। पांचवें विकेट के रूप में कर्टिस कैम्फर 44 रन बनाकर आउट हुए।

उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। इसके बाद हसन मुराद ने लोर्कन टकर को विकेटकीपर लिटन दास के हाथों स्टंप कराकर पवेलियन भेज दिया। लोर्कन टकर ने 80 गेंदों में तीन चैके और दो छक्के लगाते हुए 41 रन बनाए। एंडी मैकब्राइन (पांच) और जॉर्डन नील 30 रन बनाकर आउट हुए।

दिन का खेल समाप्त होने के समय आयरलैंड ने 90 ओवरों में आठ विकेट पर 270 रन बना लिए है और बैरी मैकार्थी (नाबाद 21) क्रीज पर मौजूद है। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने तीन विकेट लिए।

# जम्मू-कश्मीर ने दिल्ली को हराया

● **कामरान इकबाल ने नाबाद 133 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में भागेदारी निभाई**



**नई दिल्ली, वार्ता।** कामरान इकबाल (नाबाद 133) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में दिल्ली को सात विकेट से हराया। जम्मू-कश्मीर ने कल के 55 रन पर दो विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कामरान इकबाल ने तेजी के साथ रन बटोरे। उन्होंने वंशराज शर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 82 रन जोड़े। जम्मू-कश्मीर का तीसरा विकेट 38वें ओवर में 134 के स्कोर पर वंशराज शर्मा (आठ) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान पारस डोगरा ने कामरान इकबाल के साथ पारी को संभाला और टीम को जीत दिलाई। जम्मू-कश्मीर ने 43-3 ओवर में तीन विकेट पर 179 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम कर लिया। इस दौरान कामरान इकबाल ने अपना शतक पूरा किया। कामरान इकबाल ने 147 गेंदों में 20 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 133 रनों की नाबाद पारी खेली। पारस डोगरा 12 गेंदों में 10 रन बनाकर नाबाद रहे। 35 रन देकर पांच विकेट लेने वाले जम्मू-कश्मीर के गेंदबाज अकीब नबी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। दिल्ली के लिए )तिक शौकीन ने दो और मनन भारद्वाज ने एक विकेट लिया। सोमवार को जम्मू-कश्मीर के वंशराज शर्मा ने दिल्ली को दूसरी पारी में 277 के स्कोर पर समेट दिया था। इसके अलावा दिल्ली ने पहली पारी में 211 रन बनाए थे। जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में कप्तान पारस डोगरा (106) और अब्दुल समद (85) के योगदान से 310 रनों का स्कोर बनाया था। इसके अलावा मुम्बई ने शम्स मुलानी (पांच विकेट) और मुशीर खान (दो विकेट) के प्रदर्शन के दम पर हिमाचल प्रदेश को पारी और 120 रनों से हराया। मुशीर खान को 112 रन, 1/9 और 2/23 के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।


**द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय एवं फैक्टरी:** द्वारिकेश नगर-246 762 जिला बिजनौर (उ.प्र.)
**फोन:** 01343 - 267057-64
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 511 मेकर चेंबर्स वी, 221, नरीमन पॉइंट, मुंबई-400021
**फोन:** 2283 2486, 2204 2945
**ईमेल:** investors@dwarikesh.com **वेबसाइट:** www.dwarikesh.com
**सीआयएन:** L15421UP1993PLC018642

**पोस्टल बैलेट और ई-वोटिंग की जानकारी के बारे में सूचना**

एतद्वारा सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 108 के साथ पठित धारा 110 के प्रावधान और अन्य सभी लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, को कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 (नियम) के नियम 20 और 22 के साथ पठित, सेक्रेटरियल स्टैंडर्ड ऑन जनरल मिटिंग (एसएस-2) और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशंस और डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट) विनियम, 2015 (एलओडीआर) (वैधानिक संशोधन और पुन: अधिनियमन सहित जो वर्तमान में लागू हो,) का विनियम 44, भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग (रिमोट ई-वोटिंग) के माध्यम से जनरल मिटिंग का आयोजन करने/पोस्टल बैलट प्रक्रिया को संचालित करने के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों और अन्य लागू कानूनों एवं विनियमों के अनुसार कंपनी ने इस प्रक्रिया की जानकारी के साथ दिनांक 31 अक्टुबर 2025 का पोस्टल बैलेट नोटिस मंगलवार 11 नवंबर 2025 पर उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड से भेजा है जिनका ईमेल पता कंपनी या मे. एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्रायवेट लिमिटेड (आरटीए) या उनके संबंधित डिपॉझिटरी/डिपॉझिटरी पार्टिसिपंट्स के पास पंजीकृत है और जिनका नाम कट-ऑफ दिनांक यानी 7 नवंबर 2025 पर सदस्यों /लाभार्थी मालिकों की सूची में दर्ज है जिसका उद्देश्य उक्त पोस्टल बैलेट सूचना में तय किए गए प्रस्तावों को सदस्यों की मंजूरी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग (रिमोट ई-वोटिंग) द्वारा पाना है:

**विशेष कारोबार-विशेष प्रस्ताव:**

1. **श्री. गोपाल बी होसूर (डीआयएन: 08884883) की नॉन-एग्जक्यूटिव इंडिपेंडंट डिरेक्टर के पद पर दोबारा नियुक्ती को मंजूरी देना**
2. **श्री. राजन के मेढेकर (डीआयएन: 07940253) की नॉन-एग्जक्यूटिव इंडिपेंडंट डिरेक्टर के पद पर दोबारा नियुक्ती को मंजूरी देना**

पोस्टल बैलट को सूचना सदस्यों की पंजीकृत ईमेल आईडी पर भेजी गई है और वो कंपनी की वेबसाइट www.dwarikesh.com, रिमोट ई-वोटिंग सेवा प्रदाता यानी सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com, और बीएसई की वेबसाइट और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया की वेबसाइट www.bseindia.com और www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है. कृपया ध्यान दीजिए:

1. सूचना में तय किए गए विषयों पर कारोबार इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग के द्वारा किया जाएगा.
2. सूचना भेजने की प्रक्रिया पूरी करने की तिथि: 11 नवंबर 2025
3. ई-वोटिंग अवधि मंगलवार 13 नवंबर 2025, सुबह 9:00 (भाप्रवेळ) बजे से शुरू होकर शुक्रवार 12 दिसंबर 2025 शाम 5:00 बजे (भाप्रवेळ) तक होगा.
4. इस तिथि और समय के बाद वोटिंग की अनुमति नहीं होगी क्योंकि उसके बाद पोर्टल वोटिंग के लिए डिसेबल किया जाएगा.
5. जिनका नाम कट-ऑफ तिथि यानी शुक्रवार 7 नवंबर 2025 पर सदस्यों की सूची में दर्ज है केवल उन्ही सदस्यों को वोटिंग करने का अधिकार होगा. जो व्यक्ति कट-ऑफ तिथि पर कंपनी के सदस्य नहीं है उनके लिए पोस्टल बैलट सूचना केवल जानकारी देने के लिए है.
6. पोस्टल बैलट के परिणाम रविवार , 14 दिसंबर 2025 पर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में घोषित किए जाएंगे और कंपनी की वेबसाइटwww.dwarikesh.com, और सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com और बीएसई लिमिटेड और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया की वेबसाइट क्रमश: www.bseindia.com और www.nseindia.com पर दर्शाए जाएंगे

वोटिंग से संबंधित शिकायतों का समाधान करने के लिए नियुक्त व्यक्ति:

| पोस्टल बैलट: | ई-वोटिंग |
|---|---|
| नाव: मे.एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्रा.लि.(आरटीए)<br>सी-101, एम्बसी 247 , एलबीए मार्ग, विक्रोली (प.), मुंबई-400083<br>टोल-फ्री नंबर: 1800 1020 878<br>संपर्क:+91 22 49186000-79<br>ईमेल: Investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com | नाम: सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेस (इंडिया) लि.<br>श्री.राकेश दलवी-वरिष्ठ प्रबंधक, (सीडीएसएल), सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेस (इंडिया) लि., ए विंग, 25 वीं मंजिल, मैरेथॉन फ्यूच्यूरैक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड, एन.एम.जोशी मार्ग, लोअर परेल (पू.), मुंबई-400013<br>टोल फ्री नं.:1800 21 09911<br>ईमेल: helpdesk.evoting@cdslindia.com |

**बोर्ड की आदेशानुसार,**
**द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए**
**हस्ताक्षर/-**
**बी.जे.माहेश्वरी**
**मैनेजिंग डाइरेक्टर और सीएस कम सीसीओ**
**(डीआयएन: 00002075)**

**स्थान: द्वारिकेश नगर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश**
**दिनांक: 11 नवंबर 2025**


### मेलबर्न रेनेगेड्स ने सिडनी थंडर को रौंदा

**एडिलेड, वार्ता।** कप्तान जॉर्जिया वेयरहम (दो विकेट/ 58 रन) के शानदार प्रदर्शन के दम पर मेलबर्न रेनेगेड्स ने बिग बैश लीग (बीबीएल) टूर्नामेंट में सिडनी थंडर के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की और लगातार दूसरी बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता।

चोटिल सोफी मोलिनक्स की जगह खेलते हुए वेयरहम ने 149 रनों के लक्ष्य का पीछा किए जाने के दौरान 32 गेंदों में 58 रन बनाए और इससे पहले लेग स्पिन गेंदबाज वेयरहम ने 25 रन देकर 2 विकेट भी लिए। वेयरहम ने सिर्फ दो दिन पहले ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था और इस मैच में उन्होंने अपने प्रदर्शन को दोहराया। मैच के दौरान कई बार बारिश हुई, लेकिन खिलाड़ी खेलते रहे। थंडर ने अपने 20 ओवर में सात विकेट पर 148 रन बनाए, जिसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेनेगेड्स एक समय 73 रन पर 5 विकेट खोकर मुश्किल में थी।

# सम्राट ने आईएसएसएफ में जीता सोना

**मिस्र, वार्ता।** भारतीय निशानेबाज सम्राट राणा और वरुण तोमर ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में क्रमश: स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। मिस्र के काहिरा में सोमवार को हुई प्रतियोगिता की पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सम्राट राणा 586-27गग के स्कोर के साथ क्वालीफाइंग राउंड में शीर्ष पर रहे और हमवतन वरुण तोमर (586-26ग) दूसरे स्थान पर रहे। फाइनल राउंड में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिस्रली, लेकिन 20 वर्षीय सम्राट राणा ने 243-7 अंकों के साथ चीन के हू काई को 0-4 अंकों से पीछे छोड़ दिया। वहीं वरुण तोमर 221-7 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। यह राणा का किसी अंतरराष्ट्रीय सीनियर प्रतियोगिता में पहला पदक है। इससे पहले उन्होंने 2022 जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में पुरुष और मिस्रश्रित टीम एयर पिस्टल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किए थे। सम्राट राणा, वरुण तोमर और श्रवण कुमार, जो क्वालीफायर में 582-16ग के स्कोर के साथ 12वें स्थान पर रहे, ने भी कुल 1754 अंक बनाकर भारत को टीम स्टैंडिंग में शीर्ष पर पहुंचाया और स्वर्ण पदक जिताया। इटली और जर्मनी ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। इससे पहले, मनु भाकर (580-20ग) और ईशा सिह (583-25ग) महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल क्वालीफायर में क्रमशः छठे और चौथे स्थान पर रहीं और पदक राउंड में जगह पक्की की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने महिला टीम स्पर्धा का रजत पदक हासिल किया। वहीं व्यक्तिगत पदक नहीं जीत पाई। सुरुचि सिह (577-17ग) 14वें स्थान पर रहीं और जगह बनाने से चूक गईं, लेकिन उन्होंने टीम इवेंट में 1740-62ग के स्कोर के साथ भारत को रजत पदक दिलाने के लिए योगदान दिया। चीन की टीम ने 1752-76ग के वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि दक्षिण कोरिया ने 1729-58ग के साथ कांस्य पदक जीता। हालांकि, व्यक्तिगत फाइनल में मनु और ईशा सिह दोनों ही पदक जीतने में सफल नहीं हो सकीं। मनु 139.5 अंक बनाकर सातवें स्थान पर रहीं, जबकि ईशा 159-2 अंकों के साथ अपनी सीनियर हमवतन साथी से एक स्थान ऊपर रहीं। मनु भाकर और ईशा सिह के पास महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पदक जीतने का एक और मौका होगा। ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा की एंट्री लिस्ट में भी शामिल हैं।

### सीएबी ने ईडन गार्डन्स में सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**कोलकाता, वार्ता।** बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने रविवार से ईडन गार्डन्स में होने वाली भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच के मद्देनजर कोलकाता पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी करने का आग्रह किया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को हुए विस्फोट के मद्देनजर शहर हाई अलर्ट पर है। दिल्ली विस्फोट के बाद ईडन गार्डन्स और शहर के सभी महत्वपूर्ण मार्गों और सभी प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है।अतिरिक्त पुलिस व्यवस्था और व्यापक सुरक्षा घेरा लागू करने की मांग मुख्य रूप से दिल्ली में लाल किले के पास घातक कार बम विस्फोट को देखते हुए की गई है। कोलकाता पुलिस आयुक्त ने सोमवार को एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिग में सभी पुलिस थानों के अधिकारियों को आगामी टेस्ट मैच के मद्देनजर सुरक्षा-व्यवस्था सही करने को कहा।

### पचुका ने मुख्य कोच जैमे लोजानो को हटाया

**मेक्सिको सिटी, वार्ता।** मेक्सिको के शीर्ष क्लब पचुका ने टीम के मैनेजर और मुख्य कोच जैमे लोजानो को पद से हटा दिया है। मेक्सिको के फुटबॉल पचुका ने सोमवार को यह घोषणा लीगा एमएक्स रेगुलर सीजन के आखिरी मैचडे पर सैंटोस लगुना से 1-0 से हारने के बाद की। इस हार के साथ पचुका तालिका में नौवें स्थान पर आ गया, जिससे हिडाल्गो-बेस्ड क्लब को सडन-डेथ प्ले-इन राउंड में खेलना पड़ा। पचुका की आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में कहा गया है कि खुली बातचीत और आपसी सहमति के बाद, जैमे लोजानो और हमारे संस्थान ने हटाने का फैसला किया है। पचुका 19 नवम्बर को पुमास यूएनएएम की मेजबानी करेगा, जिसमें जीतने वाली टीम को अंतिम आठ में जगह बनाने के लिए क्लब तिजुआना और जुआरेज के बीच दूसरे प्ले-इन मुकाबले में हारने वाली टीम से भिड़ना होगा।

# 24 नवम्बर से होगा खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स

● **राज्य के साथ शहरों अजमेर जयपुर, भरतपुर, उदयपुर और कोटा और जोधपुर में यह गेम्स होंगे**




**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान में युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने तथा युवा खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का 24 नवम्बर से पांच दिसम्बर तक आयोजन किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पांचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) का आयोजन पहली बार राजस्थान में होगा। राज्य के सात शहरों अजमेर, जयपुर, भरतपुर, उदयपुर, कोटा एवं जोधपुर में ए गेम्स खेले जाएंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राज्य सरकार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के सफल आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित कर रही है। सभी संभागों में इस संबंध में जिला प्रशासनों द्वारा विभिन्न समिस्रतियों का गठन कर दिया गया है। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद में भी इस संबंध में समिस्रतियों का गठन कर गेम्स के भव्य आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। यूनिवर्सिटी गेम्स का सीधा प्रसार भारती द्वारा कराया जाएगा। मुख्यमंत्री स्तर पर यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निरंतर निर्देशित किया जा रहा है। सभी खेल अधिकारियों द्वारा स्थानीय प्रशासन से समन्वय कर खेलों के सुनियोजित आयोजन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जयपुर सहित सभी संभागीय मुख्यालयों पर खेल मैदान तैयार किए जा चुके हैं। सभी संबंधित विभाग भी आपसी समन्वय से इन खेलों की तैयारियों को लेकर काम कर रहे हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में देशभर से लगभग 200 विश्वविद्यालय भाग लेंगे। बारह दिनों तक चलने वाले खेलों के इस महाकुंभ में 24 खेलों में सात हजार से ज्यादा एथलीट हिस्सा लेंगे। केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित होने वाले इन खेलों का आयोजन संभागवार किया जाएगा, जिसके तहत जयपुर में 11, उदयपुर में तीन, अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जोधपुर एवं कोटा में दो-दो खेलों का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को केआईयूजी के लोगो, मैस्काट, एंथम, टॉर्च और जर्सी का आमेर किला के जलेब चौक पर अनावरण किया जाना प्रस्तावित है। केआईयूजी 2025 में 23 पदक विजेता खेल और एक प्रदर्शन खेल शामिस्रल होंगे। पदक विजेता खेलों में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिस्रटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, तलवारबाजी, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, मल्लखंभ, रग्बी, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती, योगासन, साइकिलिग, बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग और कयाकिग शामिस्रल हैं। खो-खो एक प्रदर्शन कार्यक्रम होगा। पहली बार, केआईयूजी में बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग, कयाकिग और साइकिलिंग को शामिस्रल किया जा रहा है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के माध्यम से जहां एक तरफ युवाओं में खेलों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा। देश को नई-नई खेल प्रतिभाएं भी मिलेंगी, जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश-प्रदेश के खिलाड़ी खेलों में नए आयाम स्थापित करेंगे। इस आयोजन से राज्य में भी खेलों के परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव आएंगे।


**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय सम्भल स्थान चन्दौसी।**

प्रकीर्ण वाद संख्या:- 08 / 2025
विष्णुपुरी जी महाराज पुत्र श्री महन्त सुन्दरपुरी जी महाराज आयु लगभग 29 वर्ष निवासी ग्राम उमरपुर सारिपुर चकसुन्दर संतरविदास नगर हाल निवासी ग्राम राजपुर बहजोई तहसील चन्दौसी जनपद सम्भल। ....**याची**

**बनाम**

जनता आम .......**प्रतिवादी**

अर्न्तगत धारा-372 उत्तराधिकार अधिनियम तहसील-चन्दौसी जनपद सम्भल।

चूंकि उपरोक्त याचीकर्ता ने न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय सम्भल स्थान चन्दौसी के सम्मुख प्रकीर्ण वाद संख्या-08/2025 विष्णुपुरी जी महाराज बनाम जनता आम प्रस्तुत किया है। अतएव जनता आम को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि दिनांक: 26.11.2025 को प्रात: 10:00 बजे स्वंय या अपने अधिकृत पैरोकार द्वारा न्यायालय के सम्मुख अपना कथन साक्ष्य हेतु प्रस्तुत करें। यदि आप उक्त दिनांक को समय पर अपना पक्ष प्रस्तुत नही करेंगे तो उक्त शिकायत को एक पक्षीय सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 07.11.2025 को जारी किया गया।

आज्ञा से
मुन्सरिम
न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)
सम्भल चन्दौसी।

# लच्छमपुर में सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाए

## पंचायत घर, प्राथमिक विद्यालय, श्मशान भूमि, चकरोड़, नाली, रास्ते व कब्रिस्तान की भूमि को कराया कब्जा मुक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव लच्छमपुर में मंगलवार को सरकारी भूमि पर ग्रामीणों द्वारा किये गये अवैध कब्जों को प्रशासन ने जेसीबी से हटवा कर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया। लच्छमपुर में श्मशान भूमि, चकरोड, नाली, तालाब, पंचायत घर, प्राथमिक स्कूल एवं कब्रिस्तान की भूमि से अवैध कब्जे हटवाने के लिए तहसील प्रशासन एवं थाना कुढफतेहगढ पुलिस तथा पीएसी बल के जवान गांव पहुंचे और नायब तहसीलदार एवं पुलिस की मौजूदगी में राजस्वकर्मियों ने सबसे पहले शमशान भूमि गाटा संख्या 509 एवं चकरोड की गाटा संख्या 525, नाली की गाटा संख्या 510 भूमि की नाप-तोल कर कब्जामुक्त कराया और मनरेगा मजदूरों से हाथ के हाथ मिट्टी डलवाकर चकरोड पर बनवाया। उसके बाद गांव में रास्ते की गाटा संख्या 180 की साढ़े नौ वर्ग मीटर भूमि पर बने ओमवीर सिंह के मकान का कुछ हिस्सा को जेसीबी चलाकर तुडवाया।

वहीं निकट में कब्रिस्तान की गाटा संख्या 171 की 80 वर्ग मीटर जमीन पर रमेश पुत्र छत्रपाल सिंह के मकान को तुड़वा कर कब्जा मुक्त कराया। उसके बाद प्राथमिक विद्यालय की गाटा संख्या 482 एवं पंचायत घर के पीछे खाली पड़ी गाटा संख्या 483 की दो बीघा जमीन पर ग्रामीणों ने टैक्टर-ट्राली एवं उपकरण तथा उपले रखकर तथा घूरे आदि डालकर अवैध कब्जा कर लिया था जिसे जेसीबी से तहस नहस कराकर कब्जा मुक्त कराया। इस दौरान नायब तहसीलदार सतेन्द्र कुमार, रजत कुमार, लेखपाल संजीव कुमार सिंह, सुनील बाबू, प्रदीप कुमार तथा थाना कुढफतेहगढ पुलिस एवं भारी संख्या में पीएसी के जवान मौजूद रहे।

# सीएचसी में दिया जानलेवा बीमारियों की जांच का प्रशिक्षण



**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी के सभागार में एक एएफपी वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन जिला समन्वयक डॉ ईशान कांगड़ा द्वारा पीपीटी दिखाकर समस्त चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्स फार्मासिस्ट एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मीजल्स रूबेला, काली खांसी, बुखार के साथ चकत्ते, डिप्थीरिया, आदि के केस की जांच कर रिपोर्ट करने एवं उनकी पहचान करने के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजपाल सिंह, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद, मॉनिटर तुषार सानू विकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### 'अध्यापक शिक्षा' पुस्तक का हुआ विमोचन



**सुरजन नगर ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज में दुष्यंत कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर बी एड विभाग ने पुस्तक में रुचि रखते हुए अपनी पुस्तक का लेखन किया जिसमें अध्यापक शिक्षा नामक पुस्तक का उल्लेखनीय वर्णन किया गया बता दें कि डॉक्टर दुष्यंत कुमार गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं वहीं दूसरी और कॉलेज के समस्त अध्यापक गणों ने दुष्यंत कुमार के रिसर्च पेपर के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डॉ0 धीरेंद्र कुमार डॉ0 दुष्यंत कुमार, दिनेश कुमार, एसपी शर्मा आदि समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### संकुल खेल प्रतियोगिता में कबड्डी में छात्राओ ने दिखाया दमखम



**मूढ़ापांडे।** मूंढापांडे की न्यायपंचायत संकुल खेल प्रतियोगिता में छात्रो अपने अंदर छिपी प्रतिभाओं को प्रदर्शित कर मेडल जीते। पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय दौलारी के मैदान में मंगलवार आयोजित खेल प्रतियोगिता में कबड्डी बालिका वर्ग में पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय दौलारी की टीम ने बाजी मारी। प्राथमिक स्तर पर 50मी बालिका वर्ग दौड़ में गनेशघाट की अंशिका प्रथम, दौलरी की रहनुमा द्वितीय, बालक वर्ग में दौलारी के समीर प्रथम, विनावाला के जितेन्द्र द्वितीय 100मी बालिका दौड़ में गनेशघाट की गोसिया प्रथम, मंझरा की अंशिका द्वितीय, 100मी बालक वर्ग में टहानायक के समीर प्रथम, विनावाला के प्रेम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लम्बीकूद बालिका वर्ग में टहानायक की दीपिका प्रथम, गनेशघाट की आंनदी द्वितीय, बालक वर्ग में टहानायक के अर्जुन प्रथम, मूंढापांडे के सौरभ द्वितीय रहे। जूनियर स्तर 100मी बालिका दौड़ में मुंडिया मलूकपुर की सिदरा प्रथम, दौलरी की साजिया द्वितीय, बालक वर्ग में वरबाला खास के अनमोल प्रथम, दौलरी के प्रताप द्वितीय 200 बालिका में हसनगंज की अर्चना प्रथम मुंडिया मलूकपुर की सिदरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।विजेता छात्रों को मेडल पहनाकर स्वागत कर उत्साहवर्धन किया गया। इसमे सुरेन्द्र सिंह, राजेश कुमार सिंह, योगराज सिंह, सतेन्द्र सिंह, कुलदीप कुमार, जयप्रकाश सिंह, रीना, सुनीता, अनीता, सुमन देवी आदि उपस्थित रहे।

### 150वीं जयंती और जनजातीय गौरव दिवस पर प्रेसवार्ता का आयोजन



**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार में संसदीय व औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि बिरसा मुंडा एक महान स्वतंत्रता सेनानी और धार्मिक सुधारक थे।

जिन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ मुंडा जनजाति के विद्रोह का नेतृत्व किया था।उन्होंने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी भूमि अधिकारों, संस्कृति और पहचान की रक्षा के लिए संघर्ष किया और उनके संघर्ष की वजह से उनकी जयंती 15 नवंबर को केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया गया है।इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी गोपाल अंजान, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता और अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहे।

### दुकानदार ने पुलिसकर्मियों पर लगाया फ्री में सामान मांगने और मारपीट करने का आरोप, वीडियो वायरल

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना सिविल लाइन क्षेत्र में एक दुकानदार ने पुलिसकर्मियों पर फ्री में सामान मांगने और विरोध करने पर मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है। यह मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रामगंगा विहार फेस-2 स्थित चटोरी गली का बताया जा रहा है, जहां दुकानदार नरेंद्र कुमार के साथ यह घटना बीती 10 नवम्बर की रात लगभग 10 बजे हुई।पीड़ित दुकानदार नरेंद्र कुमार के अनुसार, दो पुलिसकर्मी उनकी दुकान पर पहुंचे और दाल मंगवाई। जब दुकानदार ने पैसे मांगे तो पुलिसकर्मियों ने विरोध कर दिया और गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू कर दी। दुकानदार



का आरोप है कि कुछ देर बाद चार अन्य पुलिसकर्मी भी वहां पहुंच गए और दुकान में तोड़फोड़ की, जिससे उसे आर्थिक नुकसान भी हुआ।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दुकानदार को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि "अगर चौकी के लिए मंगवाई है तो क्या करें, हम भी तो यहां कमाने के लिए बैठे हैं।" वीडियो में वह यह भी कहता नजर आता है कि "क्या सरकार इन पुलिसवालों को तनख्वाह नहीं देती।घटना के बाद क्षेत्र में लोगों में आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पुलिस प्रशासन इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। वहीं, पुलिस विभाग की ओर से अभी तक इस प्रकरण पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है।सिविल लाइन थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और वीडियो की सत्यता की भी पड़ताल की जाएगी। वायरल वीडियो के बाद पूरे इलाके में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि पीड़ित दुकानदार न्याय की गुहार लगा रहा है।

### कुतुबपुर अज्जू के श्मशान घाट की भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया

**कुंदरकी।** ब्लॉक के ग्राम कुतुबपुर अज्जू के शमशान घाट को कब्जा मुक्त कराया गया जिसमें हल्का लेखपाल फहीम अहमद अपनी टीम के साथ पहुंचे और भूमि की नापतोलकर भूमि शमशान घाट की भूमि को कब्जा मुक्त कर दिया गया है गांव के ही राजपाल ने जो समतल जमीन जोत रखी थी उसे पर राजपाल सिंह का कोई कब्जा नहीं पाया गया और ना वहां राजपाल का पट्टा है नपत के दौरान हल्का दरोगा दुलीचंद अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे जमीन नपत में अरविंद ठाकुर, राजेश सिंह, इंद्रजीत सिंह ,पप्पू पाल, दिनेश सिंह, सतीश, सुदीश सिंह, राम सिंह, रामावतार सिंह, टीकम सिंह, खेमपाल सिंह ,राजू सिंह, रनवीर सिंह, रामजीमल सागर, आकाश ठाकुर, सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# दिल्ली की घटना को लेकर व्यापारियों ने श्रद्धांजलि सभा की आयोजित



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल की एक आपात बैठक दीवान बाजार कार्यालय पर दिल्ली लाल किला के पास क्रूरतम घटना के विरोध में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी तथा संचालन प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ने किया प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी ने कहा जिस तरह से दिल्ली लाल किला मेट्रो के पास आतंकवादी एवं राष्ट्र विरोधी विचारधारा के लोगों द्वारा कार बम ब्लास्ट के द्वारा निर्दोष लोगों की हत्या की गई अत्यंत दुखद एवं निंदनीय हैं जिन लोगों के द्वारा भी इस घटना को अंजाम दिया गया है उनको इसका परिणाम भुगतना ही होगा प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ने कहा कि संयुक्त व्यापार मंडल प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मांग करता है कि इन राष्ट्र विरोधी तत्वों और जेहादी मानसिकता वाले तत्वों से कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का काम करें जो भारत की प्रतिष्ठा और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं।बैठक में 2 मिनट का मौन रखकर तथा कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई।बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी ,प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ,सुनील अग्रवाल ,अर्पित अग्रवाल ,आयुष अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता ,कुन्नू शर्मा ,मोंटू दिवाकर ,हिमांशु अग्रवाल ,मोहम्मद फैजल, मोहम्मद अजीम ,संजय अग्रवाल, सनी दिवाकर ,मनी आनंद, विशाल शुक्ला आदि व्यापारी शामिल रहे।

# पंचायत भवन में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ मुरादाबाद में पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। केंद्र और राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन शहर के सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित पंचायत भवन में किया गया, जहां शहर के गणमान्य नागरिकों, भाजपा पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम स्थल पर देशभक्ति के रंग में सराबोर माहौल दिखाई दिया।समारोह की शुरुआत 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन से हुई, जिसने पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम की भावना से भर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। इस मौके पर वक्ताओं ने 'वंदे मातरम' के ऐतिहासिक महत्व और स्वतंत्रता संग्राम में इसके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि इस गीत ने देश को स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक सूत्र में बाँधने का कार्य किया था और आज यह भारत की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है।

छात्रों को गीत के भावार्थ और उसमें निहित राष्ट्रीय एकता के संदेश के बारे में जानकारी दी गई ताकि नई पीढ़ी भारतीय संस्कृति और राष्ट्रप्रेम से गहराई से जुड़ सके।इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही हैं कि 'वंदे मातरम' केवल स्कूलों तक सीमित न रह जाए, बल्कि समाज के हर वर्ग तक पहुँचे। उन्होंने बताया कि अब सभी स्कूलों और मदरसों में 'वंदे मातरम' का गायन अनिवार्य किया गया है।

यह कदम राष्ट्र चेतना और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय ध्वज वंदन और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ हुआ। उपस्थित जनसमूह ने एक स्वर में देशभक्ति की शपथ ली। समारोह ने मुरादाबादवासियों के हृदय में नई ऊर्जा और गौरव का संचार किया, जिससे शहर देशभक्ति के उत्सव में डूब गया।

# गन्ना पर्ची प्राप्त करने को किसान चालू रखें मोबाइल: उप गन्ना आयुक्त

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** उप गन्ना आयुक्त हरपाल सिंह ने मंगलवार को बताया कि चालू पेराई सत्र 2025-26 में परिक्षेत्र के गन्ना कृषकों को गन्ना पर्चियां केवल एसएमएस पर्ची के रूप में उनके मोबाइल फोन पर प्रेषित की जा रही हैं इसलिए यह आवश्यक है कि एस.जी.के. पर गन्ना कृषकों का सही मोबाइल नंबर पंजीकृत हो। अत: कृषक बन्धुओं से अपील है कि वे स्मार्ट गन्ना किसान पर पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर की जांच कर ले, यदि नम्बर गलत है तो अपने गन्ना पर्यवेक्षक के माध्यम से सही मोबाइल नंबर अपडेट करा ले। उन्होंने यह भी बताया कि कभी- कभी विभाग द्वारा किसानों को गन्ना आपूर्ति हेतु उनके मोबाइल पर प्रेषित की जाने वाली एस.एम.एस. गन्ना पर्चियों की डिलीवरी नही हो पाती है, जिसका प्रमुख कारण पंजीकृत मोबाइल नेटवर्क क्षेत्र में उपलब्ध न होने, मोबाइल रिचार्ज न होने, मोबाइल स्विच ऑफ होने, डीएनडी एक्टिवेट होने एवं काल बार्ड लगे होने की स्थिति में एसएमएस पर्ची का संदेश दो घंटे के पश्चात स्वत: निरस्त हो जाता है जिसके कारण किसानों को अपनी पर्ची की जानकारी प्राप्त नहीं हो पाती है। इस तकनीकी समस्या के निवारण के लिये अनिवार्य है कि सभी किसान भाई एसएमएस पर्ची प्राप्त करने के लिये अपने मोबाइल नेटवर्क क्षेत्र में रहे, मोबाइल को रिचार्ज रखे, काल वार्ड का विकल्प न चुनें, अपने मोबाइल का एस.एम.एस. इनबॉक्स खाली रखें, मोबाइल को चार्ज करके सदैव चालू दशा में रखें तथा डी.एन.डी. सर्विस को एक्टिवेट न करें ताकि सर्वर द्वारा प्रेषित एसएमएस गन्ना पर्ची उनके मोबाइल पर उन्हें रियल टाइम में प्राप्त हो जाए। पर्ची निर्गमन की यह व्यवस्था पूर्णतया पारदर्शी है। इस व्यवस्था में किसानों के मोबाइल नंबर पर एसएमएस पर्ची भेजे जाने से किसान को तत्काल पर्ची प्राप्त होगी और समय से पर्ची मिल जाने के कारण ताजे गन्ने की आपूर्ति के साथ-साथ किसान गन्ने की सूख से होने वाली हानि से भी बच पाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि आयुक्त, गन्ना एवं चीनी, उ.प्र. ने सभी परिक्षेत्रीय अधिकारियों एवं जिला गन्ना अधिकारियो को भी निर्देशित किया है कि वह इसका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करते हुए एक अभियान चलाकर सभी गन्ना किसानों के सही मोबाइल नंबर अपडेट कराने के साथ ही लगातार कृषकों को जागरूक करें ताकि कृषकों को गन्ना आपूर्ति में कोई असुविधा न हो।

# हर वर्ष ठंड आते ही दिव्यांगों को याद आते हैं 'मैटल मास्टर्स' के मंसूर आलम



**कुंदरकी।** नानपुर ठंड का मौसम शुरू होते ही शहर और आसपास के इलाकों में गरीब, दिव्यांग और बेसहारा लोग 'मैटल मास्टर्स' के संचालक मंसूर आलम को याद करने लगे हैं। मंसूर आलम को लोग दिव्यांगों का मसीहा कहते हैं, क्योंकि हर साल वह जरूरतमंदों के बीच गर्म कंबलों और सर्दी से बचाव के सामान का वितरण करते हैं। मंसूर आलम पिछले कई वर्षों से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे सर्द मौसम में गरीब और दिव्यांग लोगों को न सिर्फ राहत सामग्री पहुँचाते हैं, बल्कि उनकी अन्य जरूरतों का भी ध्यान रखते हैं। यही वजह है कि जैसे ही ठंड का मौसम दस्तक देता है, लोग उनकी ओर उम्मीद भरी नजरों से देखने लगते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंसूर आलम ने हमेशा अपने कर्मों से साबित किया है कि इंसानियत सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने अपने निजी संसाधनों से जरूरतमंदों की मदद का जो सिलसिला शुरू किया, वह अब एक परंपरा बन चुका है। दिव्यांग समाज और बुजुर्गों ने कहा कि इस साल भी उम्मीद है कि मंसूर आलम पहले की तरह फिर से गर्म कंबलों और सहायता सामग्री के साथ मैदान में उतरेंगे और ठंड से राहत पहुँचाएँगे।

# सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष में निकाली पदयात्रा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में भारत के प्रथम गृहमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती के उपलक्ष्य में दूसरी जनपद स्तरीय पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा के.एस. डिग्री कॉलेज मनोहरपुर सुबह 7 बजे इस यात्रा को हरी झंडी दिखाई गई ।इसके पश्चात जाडस संस्थान अंबेडकर पार्क गागन चौराहा से गुजरकर पदयात्रा ने चरणसिंह चौक पर अपनी यात्रा समाप्त की पदयात्रा को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली सिंह एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया एवं पदयात्रा में सैकड़ो युवाओं व कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया लगभग 10 किलोमीटर की। इस यात्रा में समाज के विभिन्न संगठन राजनीतिक प्रतिनिधि एवं खिलाड़ी शामिल हुए इस पदयात्रा को सभी लोगों ने आशीर्वाद दिया पदयात्रा का नेतृत्व उपनिदेशक अंकित कुमार गौर ने स्वयं किया । उप निदेशक अंकित कुमार गौर ने बताया कि पदयात्रा के माध्यम से जनप्रतिनिधि को सुनिश्चित करना हमारा उद्देश्य था हमने हजारों लोगों को सरदार वल्लभभाई पटेल के पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया इस दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस एवं पीएसी के जवान सुरक्षा में उपलब्ध रहे साथ-साथ बड़े स्तर पर प्रशासनिक एवं गैर सरकारी संस्थान का भी सहयोग रहा इस पदयात्रा के सफल आयोजन में रंजीत कुमार सैनी ,संदीप कुमार, चंद्रसिंह चंचल दीपक मेंहदी रतताका विशेष योगदान रहा उनके द्वारा युवाओं के लिए बस की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

# टिमिट की छात्रा श्रद्धा रस्तोगी ने शूटिंग में किया कमाल, राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलिज ऑफ मैनेजमेंट की होनहार छात्रा और 10 मीटर एयर राइफल शूटर श्रद्धा रस्तोगी ने अल्प समय में अपनी अद्वितीय प्रतिभा व अनुशासन के बल पर राज्य, जोनल और राष्ट्रीय स्तर की कई प्रमुख प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान और मुरादाबाद शहर का नाम गौरवान्वित किया है। जनवरी 2025 में शूटिंग की शुरुआत करने के बाद श्रद्धा ने अनेक महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में लगातार पदक जीतकर अपने खेल कौशल को सिद्ध किया है। श्रद्धा ने 26वीं एवं 28वीं प्री-अप राज्य शूटिंग प्रतियोगिताओं में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इसके बाद 48वीं यूपी स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता, 34वीं ऑल इंडिया जी.वी. मावलंकर प्री-नेशनल चौंपियनशिप (जहाँ उन्होंने दो सिल्वर मेडल जीते) तथा 44वीं नॉर्थ जोन शूटिंग चौंपियनशिप में सिल्वर मेडल प्राप्त कर निरंतर प्रगति का शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही, उन्होंने ऑल इंडिया ओपन प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज और एक निजी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर अपनी श्रेष्ठता और मेहनत को और मजबूत किया है। अब श्रद्धा दिसंबर 2025 में भोपाल में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता (10 मीटर एअर राईफल वूमेन) में भाग लेने जा रही हैं, जो उनके उज्ज्वल भविष्य और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। श्रद्धा की इन अद्वितीय उपलब्धियों पर टिमिट के डीन, प्रोफेसर विपिन जैन ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि श्रद्धा रस्तोगी ने जिस तरह कम समय में अपने खेल कौशल और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया है, वह टिमिट परिवार के लिए गर्व का विषय है। वह हमारे युवा छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत हैं और हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। श्रद्धा की सफलता ने न केवल टिमिट का गौरव बढ़ाया है, बल्कि यह भी सिद्ध किया है कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।

## परिषदीय विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का 28 नवम्बर से आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा 28 नवंबर से आयोजित की जाएगी। कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों की परीक्षा तीन दिसंबर तक दो पालियों में आयोजित की जाएगी।बेसिक शिक्षा विभाग ने परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम व दिशा-निर्देश जारी किए। इसके अनुसार कक्षा एक की परीक्षा मौखिक होगी। कक्षा दो से पांच की परीक्षा लिखित व मौखिक दोनों रूप में होगी। कक्षा दो व तीन में लिखित व मौखिक परीक्षा का अधिभार 50-50% होगा। 4 व 5 में लिखित अधिभार 70 और मौखिक का 30% होगा। कक्षा 6 से 8 की पूरी परीक्षा लिखित होगी। लिखित परीक्षा दो घंटे की होगी और मौखिक के लिए प्रधानाध्यापक समय तय करेंगे।

बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल के मुताबिक परीक्षा के लिए मॉडल प्रश्न पत्र जिला स्तर पर संबंधित जिले की डायट द्वारा तैयार कराते हुए बीएसए को उपलब्ध कराया जाएगा।

# लाल किला विस्फोट में मृतकों को वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन ने दी श्रद्धांजलि

**चन्दौसी।** वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन जिला संभल की इकाई ने जिला महामंत्री विवेक त्रिपाठी के नेतृत्व में नगर चंदौसी देश की राजधानी दिल्ली में लाल किला के निकट कार विस्फोट में निर्दोष मृत लोगों के लिए स्टेशन रोड स्थित भगत सिंह की मूर्ति पर कैंडल जलाकर और 01 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और घायल लोगों के लिए जल्द से जल्द स्वस्थ लाभ की कामना ईश्वर से की। इस दौरान जिलाध्यक्ष आकाश कुमार ने कहा कि हम इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में हताहत हुए नागरिकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य की कामना करने के साथ-साथ इस कठिन समय में पीडिघ्त परिवारों के साथ पूर्ण एकजुटता प्रकट करते हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष संभल आकाश कुमार, डॉ डी.के. अग्निहोत्री, दिनेश पाल सिंह दिलकश, शगुन ठाकुर, रोहित सैंजनी, अभिषेक शर्मा, विजय, अभिषेक शर्मा, विजय हरेंद्र, अक्षय, सूरज, रूपेश, कमल, अर्पित, सचिन, रिंकू, मनीष गोस्वामी, अभय, लक्षण, सुमित, अनमोल, अरुण आदि मौजूद रहे।

# धमाके के बाद उथल-पुथल

10 नवंबर की शाम 6.52 बजे दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार धमाके के बाद हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार समेत 11 राज्यों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई और चेकिंग बढ़ा दी है। यह जरूरी भी है क्योंकि आम चर्चा है कि आतंकी किसी भी तरह पुलवामा हमले के बाद हुई कार्रवाई का बदला लेना चाहते हैं। हालांकि हमारा खुफिया तंत्र एक बार फिर नाकाम हुआ और एक कार में हुए विस्फोट और लोगों के मरने की बात ने सभी को झकझोर दिया है। अगर समय रहते दिल्ली में घुसने से पहले बॉर्डर पर वाहनों की सघन चेकिंग होती, तो शायद इस कार को पकड़ा जा सकता था। हालांकि यह अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ कि ब्लास्ट किस मारक क्षमता का था, लेकिन फिर भी जरूरी है कि किसी भी राज्य में घुसने से पहले दूसरे राज्यों से आए वाहनों की तलाशी लेना हमारे देश की पुलिस का काम है। इस धमाके के बाद 11 राज्यों में उथल-पुथल सी है और इनमें सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, बिहार, केरल, तमिलनाडु, उत्तराखंड, पंजाब और गुजरात समेत 11 जिलों में पुलिस अलर्ट पर है। सख्त चेकिंग और पुलिस फोर्स दोगुनी कर दी गई है।यह बात उस कहावत को चरितार्थ कर रही है कि मुद्दई सुस्त और गवाह चुस्त। सुरक्षा एजेंसियों ने एहतियातन मेट्रो स्टेशन के 2 गेट बंद कर दिए हैं। लाल किले को भी 13 नवंबर तक लोगों के लिए बंद कर दिया गया है। शवों की जांच करने वाले एलएनजेपी अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि आमतौर पर आईईडी विस्फोट में मृतकों के शरीर काले पड़ जाते हैं, लेकिन इस धमाके में ऐसा नहीं दिखा है। इसलिए अभी यह कहना मुश्किल है कि ये आतंकी हमला था या फिर कार के सिलेंडर में विस्फोट हुआ। अभी इस मामले पर जांच जारी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि विस्फोट में अमोनियम नाइट्रेट, फ्यूल और डेटोनेटर का इस्तेमाल किया गया है। दिल्ली से सटे प्रदेशों में हाई अलर्ट जारी किया है और कई राज्यों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली धमाके को फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल से जोड़कर देखा जा रहा है। 11 राज्यों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है और सभी बड़े धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जब सांप निकल गया, तो लाठी पीटने से क्या फायदा। ऐसे मामलों को लेकर देश के खुफिया तंत्र को और मजबूत करने की जरूरत है। पुलिसकर्मियों को खास ट्रेनिंग देने की जरूरत है, ताकि भविष्य में होने वाली घटनाओं को रोका जा सके। इस धमाके के बाद दहशतगर्दी से जुड़े मॉड्यूल्स पर कार्रवाई तेज हो गई है, जिसमें छापेमारी, गिरफ्तारियां और विस्फोटक बरामदगी शामिल है। गाड़ियों की चेंकिंग, रेल्वे स्टेशन और एयरपोर्ट पर भी सुरक्षा बढ़ाई है। धार्मिक स्थलों पर बैरिकेड्स लगाए गए हैं। दिल्ली भारत का दिल है। देश को चलाने वाले सभी बड़े मंत्रालय और कार्यालय स्थापित हैं। यहां की सुरक्षा इसलिए भी जरूरी है कि यदि इनमें से किसी को क्षति पहुंची, तो देश का भविष्य बर्बाद हो जाएगा। इसलिए पहली जिम्मेदारी खुफिया विभाग की बनती है, इसके बाद पुलिसबल का नंबर आता है। दिल्ली कार ब्लास्ट के तार अल-फलाह ट्रस्ट से जुड़ गए हैं.। 11 नवंबर को एनआईए ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी (फरीदाबाद) में छापेमारी की। आरोप है कि जैश जैसे आतंकी संगठन फंड जुटाने और कट्टरपंथ के लिए कैंपस का इस्तेमाल कर रहे थे। ट्रस्ट और यूनिवर्सिटी दोनों के प्रमुख जव्वाद सिद्दीकी हैं, जो एक बड़े कारोबारी नेटवर्क के मालिक हैं। अल-फलाह का नाम, जो अब तक हरियाणा के नूंह में अपने चेरिटेबल ट्रस्ट और एक उलझे हुए कारोबारी नेटवर्क के लिए जाना जाता था।

## बिहार में चुनाव हार रही भाजपा




बिहार विधानसभा चुनाव पहले चरण के मतदान से ही यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा बिहार में चुनाव हार रही है, पहले चरण में लगभग आधा मतदान हुआ था, जिसमें जनता ने अपना रुख साफ कर दिया है, बिहार की जनता बदलाव चाहती है और महागठबंधन बहुमत से आगे निकल जाएगा,सपा विभाजन की राजनीति के खिलाफ है और वह एकजुटता, विकास और समावेशी सोच की राजनीति करती है, पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दे रही है ताकि वे अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची में पात्र लोगों के नाम जुड़वाने और संगठन को मजबूत करने का काम करें, यह केवल राजनीतिक संघर्ष नहीं, बल्कि विचार और विजन की लड़ाई है, दिल्ली विस्फोट पर प्रधानमंत्री ने जांच का भरोसा दिया है, अब पूरे देश को इंतजार है कि सच्चाई सामने आए और दोषियों पर कार्रवाई हो। **-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# बिहार में चुनाव और दिल्ली में विस्फोट



**अमरेंद्र राय**



बिहार में मंगलवार को 11 नवम्बर को दूसरे और आखिरी दौर का मतदान है। इससे एक दिन पहले सोमवार को दिल्ली में लाल किले के पास एक चलती कार में बम विस्फोट हुआ जिसमें नौ लोगों की मृत्यु की खबर है। देश की राजधानी नई दिल्ली से बिहार की राजधानी पटना की दूरी करीब एक हजार किलो मीटर है। क्या इन दोनों घटनाओं का आपस में कोई रिश्ता है?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद देश में बहुत कुछ नया हो रहा है। सबसे खास बात यह है कि यह सरकार घटनाओं या कार्यक्रमों को आयोजन के रूप में पेश करती है। कुछ इस अंदाज में कि इससे पहले न तो देश में ऐसा कुछ हुआ न भविष्य में ऐसा कुछ हो सकता है। बात-बात में कहा जाता है कि पिछले सत्तर सालों में ऐसा कभी नहीं हुआ। हालांकि यह सब बेकार की मनगढ़ंत और झूठी बातें होती हैं, लेकिन दावा जरूर किया जाता है। इसे आप वर्तमान शासक वर्ग की कुंठा कह सकते हैं। ए हर मामले में अपनी तुलना उस क्षेत्र के ताकतवर व्यक्ति से करते हैं। जैसे देश में आम धारणा है कि पंडित जवाहर लाल नेहरू देश के सबसे सुयोग्य और विद्वान प्रधानमंत्री रहे हैं। उन्होंने तीन बार आम चुनाव जीते और प्रधानमंत्री बने। देश में अभी तक सबसे ज्यादा समय तक वही प्रधानमंत्री रहे। अब यहां दो काम किया जा रहा है। एक, हर मामले में नेहरू से अपनी तुलना और दो नेहरू जैसा जो काम नहीं कर सकते वहां उनकी बनाई लकीर को छोटा करना। आजकल आप आम तौर पर सुनते रहते होंगे कि नेहरू ने कितनी बड़ी-बड़ी गलतियां कीं। यहां तक कि अगर नेहरू नहीं प्रधानमंत्री बने होते तो देश का वंटवारा भी नहीं हुआ होता। हालांकि इन बातों में कोई सच्चाई नहीं है। इन बातों को वही लोग मानते हैं जिनका इतिहास का ज्ञान शून्य है। किताबों से दूर-दूर तक वास्ता नहीं है। इसी तरह देश की सबसे ताकतवर प्रधानमंत्री इंदि. रा गांधी को माना जाता है। उन्होंने पाकिस्तान को दो टुकड़ों में बांट दिया था। तो ताकतवर प्रधानमंत्री की बात होती है तो अब का शासक वर्ग अपनी तुलना इंदिरा गांधी से करता है। वे बताते हैं कि देश अब आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा। घर में घुसकर मारेगा। 2019 में पुलवामा की घटना के बाद घर में घुसकर मारा। अभी पीछे भी पहलगाम की घटना के बाद ऑपरेशन सिंदूर चलाया। कुल मिलाकर यह बताने की कोशिश की जाती है कि पिछले सत्तर सालों में इतना सुयोग्य और ताकतवर प्रधानमंत्री दूसरा नहीं हुआ। जबकि सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है। जो व्यक्ति डर कर संसद का सामना न कर पाता हो, देश का एक राज्य मणिपुर जल रहा हो और वहां जाने की हिम्मत न जुटा पा रहा हो, विदेशों में लगातार अपमानित हो रहा हो, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार दावा कर रहे हैं कि व्यापार की धौंस जमाकर हमने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया और अपने प्रधानमंत्री में इतना भी साहस नहीं है कि वो कह सकें कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं, वो नेहरू और इंदिरा गांधी की योग्यता और साहस का मुकाबला कहां से करेंगे?

सचमुच इससे पहले देश में चुनाव और आतंकवादी घटनाओं का जुड़ाव नहीं होता था। आतंकवादी घटनाएं होती थीं, खूब होती थीं लेकिन शासक वर्ग की मंशा पर संदेह नहीं होता था कि किसी लाभ के लिए शासक वर्ग खुद इस तरह की घटनाएं करा रहा है या इन घटनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन जब से पुलवामा की घटना घटी है तब से लोगों के मन में यह संदेह है कि इन घटनाओं के पीछे सरकार की कुछ न कुछ मंशा अवश्य है। यह सरकार अपने आप को बहुत ज्यादा ताकतवर बताती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब विपक्ष में थे और गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो सवाल उठाते थे कि सेना केंद्र के अधीन है। सीमाओं पर केंद्रीय बल तैनात हैं। फिर आतंकवादी भारत में घुस कैसे जाते हैं? लेकिन वही मोदी जी अब जब खुद केंद्र में हैं यह नहीं बताते कि आतंकवादी कैसे भारत में घुस जाते हैं और आतंकवादी हरकत करके वापस भी चले जाते हैं। पुलवामा की घटना जहां हुई वह हाई सिक्योरिटी जोन है। वहां बिना चेकिंग के आम आदमी नहीं जा सकता। उस घटना को हुए छह साल हो चुके लेकिन आजतक यह पता नहीं चला कि वे आतंकवादी पाकिस्तान से भारत में कैसे घुसे? उतने हाई सिक्योरिटी जोन में कैसे पहुंचे? जिन जवानों को वायुयान के जरिए भेजा जाना चाहिए था, उन्हें सड़क के रास्ते क्यों भेजा गया? इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री कहां से आई? कुछ लोग शक जताते हैं कि मोदी जी की लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से गिर रहा था। 2016 की नोटबंदी और 2017 में जीएसटी कानून लगाने के बाद मोदी जी से देश की जनता निराश थी और 2019 में इनके चुनाव जीतने की उम्मीद बिलकुल भी नहीं थी। चुनाव जीतने के लिए ही पुलवामा की साजिश रची गई। नतीजा यह हुआ कि चुनाव में इसका बखूबी लाभ उठाया गया और जहां बीज. पी और नरेंद्र मोदी के हारने की आशंका थी वहां पुलवामा के जरिए माहौल बनाकर पहले से भी ज्यादा सीटें जीती गईं। इसी तरह 2024 के चुनाव में चार सौ सीटें जीतने का दावा किया गया। लेकिन जनता ने मोदी जी को बहुमत भी नहीं दिया। सरकार बैसाखी पर आ गई। कुछ लोगों का कहना है कि तब जनता का ध्यान देश की समस्याओं से हटाने और लोकप्रियता बढ़ाने के लिए पहलगाम की घटना का उपयोग किया गया।

> **सचमुच इससे पहले देश में चुनाव और आतंकवादी घटनाओं का जुड़ाव नहीं होता था। आतंकवादी घटनाएं होती थीं, खूब होती थीं लेकिन शासक वर्ग की मंशा पर संदेह नहीं होता था कि किसी लाभ के लिए शासक वर्ग खुद इस तरह की घटनाएं करा रहा है या इन घटनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने की को. शिश कर रहा है। लेकिन जब से पुलवामा की घटना घटी है तब से लोगों के मन में यह संदेह है कि इन घटनाओं के पीछे सरकार की कुछ न कुछ मंशा अवश्य है। यह सरकार अपने आप को बहुत ज्यादा ताकतवर बताती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब विपक्ष में थे और गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो सवाल उठाते थे कि सेना केंद्र के अधीन है। सीमाओं पर केंद्रीय बल तैनात हैं। फिर आतंकवादी भारत में घुस कैसे जाते हैं लेकिन वही मोदी जी अब जब खुद केंद्र में हैं यह नहीं बताते कि आतंकवादी कैसे भारत में घुस जाते हैं।**

ऐसे भी बहुत सारे लोग हैं जो मानते हैं कि पहलगाम की घटना भी राजनीतिक लाभ के लिए कराई गई। उस घटना के बाद मोदी जी ने पूरे देश में सिंदूर बंटवाने का अभियान छेड़ने की घोषणा की। पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाली गई। मतलब ए कि उस आतंकवादी घटना का राजनीतिक लाभ लेने की पूरी कोशिश की गई। अब जब बिहार में दूसरे चरण का मतदान है और उससे ठीक एक दिन पहले जब दिल्ली में बम विस्फोट हुआ है तो बहुत सारे लोगों के मन में ए सवाल खड़ा हो गया है कि क्या पुलवामा और पहलगाम की घटना की तरह यह घटना भी राजनीतिक लाभ के लिए कराई गई है? क्या बिहार में मतदान को प्रभावित करने या अपने पक्ष में वोटों के ध्रुवीकरण के लिए इस घटना का उपयोग किया जाएगा? बिहार के नतीजे दो दिन बाद 14 नवंबर को आएंगे। शायद तब इस सवाल का जवाब मिल पाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण, जिम्मेदारी की नई पहल



**मौ. सुलेमान**

मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण इस समय पूरे देश में चर्चा और बहस का विषय बना हुआ है। सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर आरोप और प्रत्यारोप लगा रहे हैं मगर भारतीय लो. कतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी जागरूक जनता है और जब यही जागरूक जनता अपने मताधिकार का सही प्रयोग करती है, तब लोकतंत्र वास्तव में मजबूत होता है। लेकिन यह तभी संभव है जब मतदाता सूची न केवल व्यापक हो, बल्कि सटीक, पारदर्शी और भरोसेमंद हो। लोकतंत्र में इसी भरोसे को बनाए रखने के लिए भारतीय चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण अर्थात स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान की शुरुआत की गई है। जिसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एक भी सच्चे भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची से न हटे लेकिन एक भी गलत प्रविष्टि नहीं होनी चाहिए।

मतदाता सूची का यह गहन पुनरीक्षण अभियान सिर्फ एक औपचारिक प्रशासनिक कार्य नहीं है बल्कि यह लोकतंत्र की आत्मा में सुधार का यज्ञ है। भारतीय चुनाव आयोग का तर्क है कि प्रवासन, मृत्यु, दोहरी प्रविष्टियों, और अपूर्ण रिकॉर्ड्स के कारण जो असंगतियां वर्षों से बढ़ती गई हैं उन्हें अब व्यवस्थित करने का कार्य किया जा रहा है। संविधान के अनुच्छेद 324 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के अंतर्गत चुनाव आयोग को यह अधिकार प्राप्त है कि वह समय समय पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कर सके ताकि हर पात्र भारतीय नागरिक का नाम सूची में बना रहे और कोई भी अपात्र प्रविष्टि लोकतंत्र की पवित्रता को क्षति न पहुंचा सके।

हाल ही में इस पहल की शुरुआत सबसे बिहार से हुई, जहां 2003 की सूची को आधार बनाकर एक व्यापक सत्यापन अभियान चलाया गया। अब यही प्रक्रिया देश के 9 राज्यों और 3 केंद्रशासित प्रदेशों में 4 नवम्बर से आरंभ हो चुकी है जिनमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, गुजरात, केरल, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, गोवा, पुडुचेरी, अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप शामिल हैं। भारतीय चुनाव आयोग द्वारा 28 अक्टूबर 2025 को इन राज्यों की मतदाता सूचियों को फीज कर दिया गया है ताकि बिना गहन पुनरीक्षण किए कोई प्रविष्टि शामिल की जाए और न ही हटाई जाए। 4 नवम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक गहन पुनरीक्षण की यह प्रक्रिया चलेगी, जिसके उपरांत नई मतदाता सूची 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी।




कई जगहों पर यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि मतदाता सूची का यह गहन पुनरीक्षण ह्वैप्ट ऋ का उद्देश्य नाम हटाना या मताधिकार सीमित करना है। या यह किसी एक समुदाय विशेष के लोगों के नाम हटाने के लिए किया जा रहा है। यह धारणा पूरी तरह गलत है। यह कार्रवाई किसी को निशाना बनाने के लिए नहीं की जा रही है बल्कि यह सभी के लिए समान और पारदर्शी प्रक्रिया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी व्यक्ति या उसके माता-पिता का नाम 2003 की सूची में दर्ज है, तो उसे किसी अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं। जिनके नाम नहीं हैं, उन्हें भी किसी प्रकार घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें बस अपनी पहचान, जन्म या निवास के प्रमाण देने होंगे ताकि उनकी सही पहचान कर उन्हें नई मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। और जो मूल रूप से सच्चे भारतीय हैं उन्हें किसी भी प्रकार से डरने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रक्रिया में बूथ लेवल अधिकारी BLO घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य करेंगे आयोग ने यह भी सुनिश्चित किया है कि बूथ लेवल अधिकारी अधिकतम तीन बार घरों का दौरा करेंगे, ताकि किसी का नाम केवल अनुपस्थिति के कारण न हटे। और जिन नागरिकों से संपर्क न हो सके, उन्हें भी घबराने की जरूरत नहीं है उनके लिए ऑनलाइन माध्यम से विवरण अपडेट करने की सुविधा भी दी गई है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# 25 वर्षों में सुधरी राज्य की सेहत, सुलभ हुई स्वास्थ्य सुविधाएं

## सुदूरवर्ती अस्पतालों में पहुंचे डॉक्टर, आम लोगों को मिला उपचार, 2182 पंचायतें हुई टीबी मुक्त, चार धाम यात्रियों का भी रखा ख्याल



**एस. आलम अंसारी**

उत्तराखंड का गठन जिन उद्देश्यों को लेकर हुआ था, उसके मूल में जनसुलभ एवं गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार भी शामिल था। विगत 25 वर्षों में राज्य सरकार ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद स्वास्थ्य सुविधाओं का जाल प्रदेश के कोने-कोने तक फैला। राज्य सरकार ने सुदूरवर्ती एवं दुर्गम क्षेत्रों में चिकित्सकों की नियुक्ति कर आम जनता को स्थानीय स्तर पर उपचार मुहैया कराया। स्वास्थ्य उपकेन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों को आधुनिक संसाधनों से लैस किया गया, जिससे ग्रामीण अंचलों में भी बेहतर चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित हो सकी है।

**स्वास्थ्य सेवाओं को मिला विस्तार**

राज्य में चिकित्सा सुविधाओं की गुणवत्ता सुधारने तथा चिकित्सा इकाईयों में एकरूपता स्थापित करने के लिए आईपीएचएस मानकों को लागू किया गया। उक्त मानकानुसार वर्तमान में 13 जिला चिकित्सालय, 21 उप जिला चिकित्सालय, 80 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 525 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टाईप-ए, 52 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टाईप-बी, 25 अन्य चिकित्सा इकाईयां तथा 1998 मातृ शिशु कल्याण केन्द्र द्धउपकेन्द्रऋ स्थापित हैं। जहां पर आम जनमानस को सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त 6 उप जिला चिकित्सालय, 6 साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 9 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के उच्चीकरण को सरकार ने स्वीकृति प्रदान की है, जिनके निर्माण एवं संचालन की कार्यवाही गतिमान है। इसके अलावा 100 शैय्यायुक्त मानसिक चिकित्सालय क्रमशः सेलाकुई देहरादून व गेठिया नैनीताल में निर्माणाधीन हैं। आईपीएचएस मानकों के अनुरूप चिकित्सा इकाईयों में एलोपैथिक चिकित्साधिकारी, फार्मासिस्ट, डीआरए/फिजियोथैरेपिस्ट एवं नेत्र सहायक संवर्गों का चिन्हिकरण किया जा चुका है। शेष संवर्गों की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जबकि भारत सरकार के सहयोग से जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी, गोपेश्वर, बागेश्वर तथा उप जिला चिकित्सालय रूड़की में 200 शैय्यायुक्त जबकि उप जिला चिकित्सालय मोतीनगर, हल्द्वानी, नैनीताल में 50-50 शैय्यायुक्त क्रीटीकल केयर ब्लॉक का निर्माण गतिमान है। देश में पहली बार हेली एम्बुलेंस सेवा का संचालन एम्स ऋषिकेश के सहयोग से किया जा रहा है।

**साधन सम्पन्न बनी चिकित्सा इकाईयां**

राज्यभर की चिकित्सा इकाईयों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं ताकि मरीजों की सटीक जांच हो सके। वर्तमान में सभी जिला अस्पतालों में प्रमुख रूप से सीटी स्कैन मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन व एक्स-रे मशीन स्थापित की गई है। जबकि समस्त उप जिला चिकित्सालयों में अल्ट्रासाउण्ड मशीन व एक्स-रे मशीन उपलब्ध है। इसके अलवा जिला चिकित्सालय हरिद्वार व पौड़ी के बेस चिकित्सालय, कोटद्वार में एमआरआई मशीन स्थापित की गई है। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय देहरादून व बेस चिकित्सालय, हल्द्वानी में मैमो ग्राफी मशीन भी स्थापित है।

**दुर्गम क्षेत्रों में हुई डॉक्टरों की तैनाती**

विगत 25 वर्षों में सरकार ने चिकित्सकों की कमी को दूर कर सुदूरवर्ती चिकित्सा इकाईयों में भी चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टॉफ की तैनाती की। जिससे आम लोगों को स्थानीय स्तर पर उपचार सुलभ हो पाया। राज्य गठन के समय स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत पीएमएचएस संवर्ग में चिकित्सा अधिकारियों के 1621 पद स्वीकृत थे, सरकार ने 1264 और पदों को स्वीकृत कर प्रदेश के चिकित्सालयों में डॉक्टरों की संख्या में इजाफा किया। वर्तमान में चिकित्सकों के कुल 2885 पद सृजित हैं। समय-समय पर सरकार ने रिक्त पदों को भर कर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया। वर्तमान में चिकित्सकों के बैकलॉग के 220 पदों को भर कर दुर्गम चिकित्सा इकाईयों में चिकित्सकों को तैनाती दी गई। इसके अलावा विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को देखते हुए चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 से 65 वर्ष कर दी गई है। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से सरकार ने कड़ा रूख अपनाकर लम्बे समय से गायब 56 चिकित्सकों को बर्खास्तगी का रास्ता भी दिखाया।

**नर्सिंग अधिकारियों की बम्पर भर्ती**

राज्य सरकार ने 1399 नर्सिंग अधिकारियों की बम्पर भर्ती कर अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत किया। राज्य गठन के दौरान एएनएम के 1933 पद स्वीकृत थे, जिनमें 362 पदों की वृद्धि की गई। वर्तमान में एएनएम के स्वीकृत पदों की संख्या 2295 है। विगत 25 वर्षों में सरकार द्वारा एएनएम के 1918 पदों पर भर्ती की जा चुकी है। इसके अलावा चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से 34 एक्स-रे टेक्नीशियन सहित अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ की भर्ती भी की गई।

**संकटमोचक बनी 108 आपातकालीन सेवा**

सूबे के स्वास्थ्य क्षेत्र में 108 आपातकालीन सेवा ने नया मोड़ लाया। आपात स्थिति में लोगों को तत्काल एम्बुलेंस उपलब्ध होने से यह सेवा आम लोगों के लिए संकटमोचक साबित हुई। वर्ष 2008 से संचालित 108 आपातकालीन सेवा में वर्तमान में 272 एम्बुलेंस का बेड़ा है। जिसमें 217 बीएलएस, 54 एएलएस व एक बोट एम्बुलेंस शामिल है। वर्ष 2019 से अगस्त 2025 तक कुल 879105 लाभार्थियों को 108 आपातकालीन सेवा प्रदान की गई, जो कि एक रिकॉर्ड है।

**लोक निजी सहभागिता का आम लोगों को मिला लाभ**

प्रदेश में लोक निजी सहभागिता के माध्यम से आम लोगों को कई स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही है। जिसमें डायलिसिस, कार्डिक केयर, टीबी टेस्टिंग आदि शामिल है। राज्य में लोक निजी सहभागिता के तहत नेफ्रो डायलिसिस यूनिट क्रमशः जिला चिकित्सालय देहरादून, सोबन सिंह जीना बसे चिकित्सालय हल्द्वानी में स्थापित की गई है।



राज्य सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिकों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो। आने वाले समय में स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सुविधाओं की दिशा में और ठोस कदम उठाए जाएंगे।

**-डॉ. धन सिंह रावत, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को अस्थाई रूप से हटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने, क्षेत्रीय शांति और अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर चर्चा की। अरब मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ट्रंप ने बैठक के बाद सीरियाई राष्ट्रपति की प्रशंसा की और कहा कि मैं सीरियाई राष्ट्रपति को पसंद करता हूं और हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि सीरिया कामयाब हो, क्योंकि यह मध्य पूर्व का हिस्सा है।

### अमेरिकी सैन्य हमलों में पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में छह लोग मारे गए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि रविवार को पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में कथित तौर पर मादक पदार्थ ले जा रही दो नौकाओं को निशाना बनाकर किए गए दो अमेरिकी हमलों में छह आतंकवादी मारे गए। हेगसेथ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के निर्देश पर आतंकवादी संगठनों द्वारा संचा. लित दो नौकाओं पर दो घातक हमले किए गए। उन्होंने कहा कि दोनों हमले अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में किए गए। और प्रत्एक नौका पर मादक पदार्थों को ले जा रहे तीन आतंकवादी सवार थे। इन हमलों में सभी छह आतंकवादी मारे गए।

### हमास ने 11 साल बाद इजरायली सैनिक का शव सौंपा

**गाजा।** इजरायल को 11 साल बाद अपने सैनिक लेफ्टिनेंट हदार गोल्डिन का शव वापस मिला है। हदार गोल्डिन की उम्र उस समय 23 साल थी, जब वे 2014 में गाजा में हमास के हमले में मारे गए थे। इजरायली सेना (आईडीएफ) ने पुष्टि की कि गोल्डिन के शव की पहचान हो गई है और अब उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ दफनाया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। हमास के मिलिट्री विंग ने रविवार को घोषणा की थी कि वह सीजफायर डील के पहले चरण के तहत गोल्डिन का शव सौंप देगा।

### पाक की प्रख्यात विद्वान व साहित्यकार डा. आरिफा सैयदा ज़हरा का निधन

**लाहौर।** पाकिस्तान महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष, शिक्षाविद्, बुद्धिजीवी और प्रख्यात मानवाधिकार कार्यकर्ता डा. आरिफा सैयदा ज़हरा (83) का यहां सोमवार देर शाम निधन हो गया। डा. आरिफा एक प्रख्यात शिक्षाविद्, विचारक और मानवाधिकारों की पैरोकार थीं। उन्होंने सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में विशिष्ट ख्याति हासिल की। वह उर्दू साहित्य और भाषा के अपने विशद ज्ञान के लिए जानी जाती थीं। वह 50 से अधिक वर्षों तक शिक्षण के क्षेत्र से जुड़ी रहीं।



जम्मू। नगरोटा विधानसभा उपचुनाव के दौरान वोट डालने के बाद मतदाता स्याही लगी उंगली दिखाते हुए।

## पाक के खैबर पख्तूनख्वा में आईईडी विस्फोट, 16 सुरक्षाकर्मी घायल

**इस्लामाबाद।** पेशावर (पाकिस्तान) पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के काफिले को निशाना बनाकर किए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में कम से कम 16 जवान घायल हो गए। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना और फंटियर कोर के जवानों का यह काफिला डेरा इस्माइल खान जिले की लोनी चौकी से लौट रहा था तभी सोमवार देर रात लोनी गांव में आईईडी विस्फोट हुआ। इस बीच, सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को अफगानिस्तान की सीमा से लगे दक्षिण वजीरिस्तान जिले में कैडेट कॉलेज के मुख्य द्वार पर एक आत्मघाती हमलावर द्वारा किए गए विस्फोट में छह लोग घायल हो गए। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, कैडेट कॉलेज वाना पर हमला कथित तौर पर प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने किया था।

# इस्लामाबाद कोर्ट कैंपस ब्लॉस्ट में 12 की मौत

## 36 घायल, हमलावर ने खुद को उड़ाया



■ प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का आरोप: भारत ने इस्लामाबाद में धमाके करवाए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के पास मंगलवार को दोपहर 1 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) जोरदार धमाका हुआ। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें 12 लोगों की मौत हुई, जबकि 36 घायल हुए हैं।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने मंगलवार को हुए इस्लामाबाद कोर्ट में हुए सुसाइड अटैक के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने दावा किया कि यह हमला और अफगान सीमा के पास कैडेट कालेज पर हुआ हमला, दोनों ही इंडिया स्पांसर्ड आतंकवादी घटनाएं हैं। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि यह पुलिस लाइन्स हेडक्वार्टर तक सुनी गई, जिससे आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई। हादसे के तुरंत बाद रेस्क्यू टीम और सुरक्षाबल मौके पर पहुंचे और पूरे क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू की। पीएम शहबाज ने बयान जारी कर कहा, भारतीय आतंकियों के आतंकी हमलों की मैंने कड़ी निंदा की है। मैंने घटना की तुरंत जांच करने का आदेश दिया है। जो भी दोषी पाया जाएगा उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। पीएम शहबाज ने आगे कहा-हम बेग. ुनाह पाकिस्तानियों का खून बर्बाद नहीं होने देंगे। हम आतंकवाद को मिटाने तक संघर्ष जारी रखेंगे। शहबाज ने आगे कहा कि अब समय आ गया है कि दुनिया भारत की इन साजिशों की निंदा करे। भारत का यह चेहरा अब पूरे दुनिया के सामने बेनकाब हो चुका है। पाकिस्तानी जियो न्यूज के मुताबिक, यह विस्फोट एक सुसाइड अटैक था। अधिकारियों ने बताया कि हमलावर का सिर घटनास्थल पर मिला है, जिससे आत्मघाती हमले की पुष्टि हुई है। वहीं, इस हमले को लेकर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि देश अब 'जंग की स्थिति' में है। उन्होंने इस हमले के लिए अफगान सरकार को जिम्मेदार ठहराया। आसिफ ने कहा कि यह हमला दिखाता है कि अब यह लड़ाई सिर्फ सीमा इलाकों तक सीमित नहीं रही, बल्कि पूरे देश में फैली हुई है। धमाके के समय कोर्ट हाउस इलाके में भारी ट्रैफिक था, जिसके कारण आसपास खड़े कई लोग भी घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत पीआईएमएस अस्पताल ले जाया गया। धमाके के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई और सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र को सील कर दिया। अदालत परिसर को खाली करा लिया गया, वकीलों, न्यायाधीशों और अन्य नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। न्यायिक परिसर के पीछे से लोगों को बाहर जाने की अनुमति दी गई, जबकि न्यायाधीशों को भी वहां से सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया। इस्लामाबाद धमाके से एक दिन पहले पाकिस्तानी आर्मी ने खैबर पख्तूनख्वा के वाना शहर में एक आर्मी कालेज पर आतंकी हमले की साजिश को नाकाम किया था। एजेंसी एपी के मुता. बिक, 6 पाकिस्तानी तालिबान लड़ाके इस कालेज पर हमला करने पहुंचे थे।

# दुनियाभर में लाल किला विस्फोट की कड़ी निंदा

## विश्व नेताओं और विदेशी दूतों ने घातक विस्फोट पर दुख जताया, भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की



■ इस घटना से 'स्तब्ध' हैं व विश्वास व्यक्त किया कि चल रही जांच से घटना के कारणों का पता चल जाएगा: डेनिस
■ पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं

**नई दिल्ली।** विश्व नेताओं और विद. ेशी दूतों ने सोमवार शाम दिल्ली के लाल किले के पास हुए घातक विस्फोट पर दुख जताया और भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की है। भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा कि वह इस घटना से 'स्तब्ध' हैं और विश्वास व्यक्त किया कि चल रही जांच से घटना के कारणों का पता चल जाएगा।

अलीपोव ने एक्स पर लिखा कि लाल किले में हुए विस्फोट से स्तब्ध हूं। मुझे विश्वास है कि चल रही गहन जांच से घटना के कारणों का पता चल जाएगा। पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भारत में चीनी राजदूत जू फेइहोंग ने भी अपनी संवेदना और एकजुटता व्यक्त की और एक्स पर लिखा कि दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट से दुखी हूं। पीड़ितों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है, और मेरी संवे. दनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। इजरायली विदेश मंत्री गिदोन सार ने भारत के लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मैं भारत के लोगों और विशेष रूप से दिल्ली के बीच में हुए विस्फोट में मारे गए निर्दोष पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी और इज़राइल की गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। भारत में इजरायली राज. दूत रूवेन अज़ार ने इस घटना को 'हृदयविदारक' बताया और बचाव दल की त्वरित प्रतिक्रिया की प्रशंसा की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार यह विस्फोट सुभाष मार्ग ट्रैफिक सिग्नल के पास हुआ और इसमें एक कार शामिल थी जिससे आस-पास के वाहनों को नुकसान पहुंचा। शाह ने कहा कि कई एजेंसियां सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही हैं। दिल्ली पुलिस ने यूएपीए, विस्फोटक अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। दिल्ली के सबसे व्यस्त हेरिटेज क्षेत्रों में से एक में हुए इस विस्फोट के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और 'देशव्यापी अलर्ट' जारी कर दिया गया है क्योंकि जांचकर्ता इसके कारणों का पता लगाने और जिम्मेदार लोगों की पहचान करने में लगे हैं। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और विपक्ष के नेता साजिथ प्रेमदासा ने भी हमले की निंदा की। प्रेमदासा ने इसे 'आतंकवादी हमला' करार दिया और आतंकवाद से निपटने के लिए वैश्विक एकता का आह्वान किया। दिल्ली स्थित कनाडा और अमेरिकी दूतावासों ने भी शोक संदेश जारी किए हैं। अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों को लाल किले और चांदनी चौक के आसपास के इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी है। गौरतलब है कि दिल्ली में हुए विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए।

## दिल्ली धमाके पर पाकिस्तानी मीडिया ने लिखा: ब्लॉस्ट ने भारत को हिला दिया

नई दिल्ली। दिल्ली में सोमवार शाम को लाल किले के पास कार ब्लॉस्ट मामले को वर्ल्ड मीडिया प्रमुखता से कवर कर रहा है। पाकिस्तानी मीडिया डान ने लिखा कि दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार शाम एक भीषण धमाका हुआ, जिसमें कम से कम 8 लोगों की मौत और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। लाल किला, जो 17वीं सदी का मुगलकालीन किला है, भारत का ऐतिहासिक स्थल है। इस इलाके में सुरक्षा हमेशा कड़ी रहती है, इसलिए इस धमाके ने पूरे देश को हिला दिया है। बीबीसी ने इस घटना को कवर करते हुए लिखा कि भारत की राजधानी दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार शाम एक कार में हुए धमाके से राजधानी दहल उठी। द गार्डियन ने लिखा कि दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार को एक कार में हुए जोरदार धमाके में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। धमाके से आसपास खड़ी कई गाड़ियां जलकर खाक हो गईं।

## सीमा पार से आतंकवाद व अवैध हथियार की तस्करी जारी

■ भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद म बिना नाम लिए पाकिस्तान को घेरा

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सख्त लहजे में कहा कि देश लंबे समय से सीमा पार से आने वाले आतंकवाद और अवैध हथियारों की तस्करी का शिकार रहा है। भारत ने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर हमला करते हुए कहा कि अब ड्रोन के जरिए भी हथियार भारत में भेजे जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वथानेनी हरीश ने 'स्मॉल आर्म्स' पर खुले विचार-विमर्श के दौरान कहा कि यूएनएससी को ऐसे हथियारों की आवाजाही और इस्तेमाल को बढ़ावा देने वालों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनानी चाहिए।

हरीश ने कहा भारत ने कई दशकों तक आतंकवाद की भयावहता झेली है। छोटे हथियारों और गोला-बारूद की अवैध तस्करी और आतंकवादी संगठनों तक इसकी पहुंच बेहद चिंता का विषय है। भारत का यह बयान उस समय आया जब दिल्ली के लाल किले के पास एक कार में जोरदार धमाका हुआ, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। हरीश ने कहा कि ऐसे हमलों के पीछे सीमा पार से तस्करी कर लाए गए हथियारों का हाथ होता है। हरीश ने कहा भारत ने सीमा पार से आने वाले आतंकवाद का सामना किया है, जहां अवैध हथियारों की तस्करी अब ड्रोन के माध्यम से भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन आतंकी समूहों के पास इतने आधुनिक हथियार तभी संभव हैं जब उन्हें बाहर से वित्तीय और तकनीकी सहायता मिल रही हो। भारत ने यूएनएससी से आग्रह किया कि वह आतंकवादियों और सशस्त्र समूहों को हथियार पहुंचाने वालों के खिलाफ कठोर और समन्वित कदम उठाए। हरीश ने कहा सुरक्षा परिषद को आतंकवाद के किसी भी रूप या उसे समर्थन देने वालों के प्रति सहिष्णुता नहीं दिखानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हथियार प्रतिबंध संघर्ष क्षेत्रों में हथियारों के प्रवाह को रो. कने का एक प्रभावी तरीका है, लेकिन इसे निष्पक्ष और सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। भारत ने कहा कि छोटे हथियारों और हल्के हथियारों की तस्करी न केवल सुरक्षा बल्कि विकास और मानवीय पहलुओं को भी प्रभावित करती है।

# सीमा बंदी से पाक को रोज करोड़ों का नुकसान

## पाक और अफगान के बीच सीमा व्यापार पूरी तरह ठप



■ दोनों देशों की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा व्यापार पूरी तरह ठप हो गया है। इससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ रहा है। बलूचिस्तान के कारोबारी संगठनों ने चेतावनी दी है कि सीमा बंदी के कारण पाकिस्तान को हर दिन करीब 200 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का नुकसान हो रहा है।

इससे सीमावर्ती इलाकों में हजारों व्यापारी और मजदूर बेरा. ेजगारी के संकट में फंस गए हैं। चमन चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (सीसीसीआई) के अध्यक्ष हाजी अब्दुल नफाय जान अचकजई ने मंगलवार को कराची में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सैकड़ों पाकिस्तानी व्यापारी और कामगार अफगानिस्तान में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान-अफगान सीमा के सभी प्रमुख बार्डर पाइंट चमन, तोरखम और अंगूर अढा पर व्यापार पूरी तरह रुका हुआ है। इससे पाकिस्तान का मध्य एशियाई देशों से व्यापार भी प्रभावित हुआ है। अचकजई ने बताया कि दोनों देशों के बीच होने वाले अधिकांश निर्यात और आयात नाशवान वस्तुओं से संबंधित हैं। लंबे समय तक बंदी रहने से फलों, दवाओं, कपड़ों और अन्य सामान का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई व्यापारियों के पासपोर्ट पर लगी वीज़ा अवधि खत्म हो चुकी है और वे अफगानिस्तान में फंसे हुए हैं। सीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा कि सीमा बंदी से आपूर्ति श्रृंखला पर गहरा प्रभाव पड़ा है और यदि स्थिति लंबी चली तो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका लग सकता है। उन्होंने कहा कि इस बंदी से पाकिस्तान के आयात-निर्यात को रोज़ाना करीब 850 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का अनुमानित नुकसान हो रहा है।

# मोदी और भूटान नरेश ने किया बड़ी परियोजना का उद्घाटन

■ हमने ऊर्जा, क्षमता निर्माण, संपर्क, प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की

**थिम्फू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान ऊर्जा, क्षमता निर्माण, कनेक्टिविटी, तकनीकी, रक्षा और सुरक्षा विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

दोनों देशों के बीच प्रतिनिधियों के स्तर की बातचीत के बाद पीएम मोदी और भूटान के राजा ने संयुक्त रूप से 1020 मेगावाट पुनात्सांगछू- आईआई जल-विद्युत परियोजना का उद्घाटन किया। पुनातसंग. चू-आईआई जलविद्युत परियोजना का निर्माण भारत और भूटान ने संयुक्त रूप से किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमने भारत-भूटान के संबंधों के हर पहलू पर चर्चा की। हमने ऊर्जा, क्षमता निर्माण, संपर्क, प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। भारत को भूटान की विकास यात्रा में एक प्रमुख भागीदार होने पर गर्व है। विदेश मंत्रालय ने इस परियोजना के उद्घाटन पर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जानकारी दी. विदेश मंत्रालय ने कहा कि भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भूटान के राजा महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने संयुक्त रूप से 1020 मेगावाट की पुनात्सांगछू-आईआई जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन किया। यह जलविद्युत परियोजना, जो भूटान की बिजली उत्पादन क्षमता को 40 प्रतिशत तक बढ़ाएगी, दोनों देशों को बिजली की आपूर्ति करेगी। परियोजना के पूरा होने के साथ गतिशील और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-भूटान ऊर्जा साझेदारी में एक और मील का पत्थर हासिल हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर भूटान पहुंचे। भारत और भूटान के बीच रिश्ते काफी मजबूत होते जा रहे हैं।

## भूटान नरेश ने दिल्ली विस्फोट पीड़ितों के लिए की प्रार्थना

थिम्फू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर भूटान पहुंचे हैं। भूटान की राजधानी थिम्फू के एयरपोर्ट पर पीएम मोदी भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भूटान सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री और शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। पीएम मोदी 11-12 नवम्बर को भूटान दौरे पर रहेंगे। इस दौरे से द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री मोदी भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के 70वें जन्मदिन समारोह में भी शामिल होंगे। भूटान नरेश ने दिल्ली विस्फोट पीड़ितों के लिए की प्रार्थना की। पीएम मोदी ने भूटान में दिल्ली विस्फोट पर दुख व्यक्त किया।

# ट्रम्प की बीबीसी पर 8400 करोड़ के मुकदमे की धमकी

## मानहानी का आरोप, वकील बोले: चैनल ने बयान तोड़ा-मरोड़, इससे ट्रम्प की इमेज खराब हुई



■ ट्रम्प की कानूनी टीम का कहना है कि इसे जानबूझकर इस तरह एडिट किया गया था जिससे ट्रम्प की इमेज को नुकसान पहुंचा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ब्रिटेन के प्रमुख मीडिया संगठन बीबीसी पर 1 अरब डालर (करीब 8400 करोड़) का मुकदमा करने की धमकी दी है। ट्रम्प के वकीलों ने बीबीसी को कानूनी नोटिस भेजा है, जिसमें कहा गया है कि अगर संस्था ने अपने 'पैनोरमा डाक्यूमेंट्री' पर माफी नहीं मांगी, तो उस पर मुकदमा किया जाएगा।

वकीलों ने न सिर्फ माफी की मांग की है, बल्कि आर्थिक मुआवजे की भी बात कही है। दरअसल, अक्टूबर 2024 में रिलीज बीबीसी की इस डाक्यूमेंट्री में 6 जनवरी 2021 की ट्रम्प की दो अलग-अलग स्पीच के हिस्सों को जोड़कर एक साथ दिखाया गया, जिससे ऐसा लगा कि उन्होंने यह सब एक ही बार में कहा था। ट्रम्प की कानूनी टीम का कहना है कि इसे जानबूझकर इस तरह एडिट किया गया था, जिससे ट्रम्प की इमेज को नुकसान पहुंचा। उन्होंने बताया कि यह केस फ्लोरिडा में दाखिल किया जाएगा, जहां कानून के मुताबिक पीड़ित इंसान दो साल के भीतर मुकदमा दर्ज कर सकता है। इस विवाद के बाद बीबीसी के डायरेक्टर जनरल टिम डेवी और न्यूज सीईओ डेबोरा टर्नेस ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। बीबीसी के चेयरमैन समीर शाह ने इस गलत फैसले के लिए माफी मांगी है और कहा है कि संगठन ने सुधार के लिए कदम उठाए हैं। 6 जनवरी 2021 को जब अमेरिकी कांग्रेस जो बाइडेन की जीत की पुष्टि करने वाली थी उसके पहले ट्रम्प ने अपने समर्थकों से कहा था कि हम शांति से और देशभक्ति के साथ अपनी आवाज बुलंद करेंगे। इसके बाद अगले बयान में उन्होंने यह भी कहा था अगर तुम जमकर लड़ाई नहीं करोगे तो तुम्हारा देश नहीं बचेगा। बीबीसी की डाक्यूमेंट्री ने ट्रम्प के बयान के इन दोनों अलग-अलग हिस्सों को ऐसे जोड़ा, जैसे ये एक ही लाइन में बोले गए हों। इससे ऐसा लगा कि ट्रम्प सीधे तौर पर अपने समर्थकों को हिंसा के लिए उकसा रहे थे। इस 'कट-एंड-जाइन एडिटिंग' से यह धारणा बनी कि ट्रम्प ने जानबूझकर कैपिटल हिल हमले को उकसाया, जबकि असली स्पीच में उन्होंने शांति से विरोध की बात भी कही थी।

# फलस्तीनी राजदूत ने की भारत को यूएनएससी में शामिल करने की मांग

■ अब्दुल्ला अबू शावेश बोले: हमारी सुरक्षा के लिए यह जरूरी भारतीय नेताओं ने फलस्तीन की हिमायत की है

**नई दिल्ली।** फलस्तीन के राजदूत को उम्मीद है कि स्वतंत्र फलस्तीन राष्ट्र के गठन और खाड़ी क्षेत्र में स्थाई शांति में भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। फलस्तीनी राज. दूत अब्दुल्ला अबू शावेश के मुताबिक भारत हमारा बड़ा भाई है और 1930 में महात्मा गांधी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक हर भारतीय नेताओं ने फलस्तीन की हिमायत की है।

शावेश ने यह बातें अमर उजाला से विशेष बातचीत में कहीं। शावेश ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका इजरायल के पक्ष में वीटो करता है इसलिए भारत का वहां होना जरूरी है और अगर भारत सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बन जाए तो सौ फीसदी फैसला फलस्तीन के पक्ष में होगा, ऐसा हमें विश्वास है। उन्होंने कहा कि शर्मलशेख में हुए शांति प्रस्तावों के बाद भी अभी गाजा में हालात जस के तस बने हुए हैं। हम पर ये प्रस्ताव थोपे गए हैं लेकिन हम निराश नहीं हैं और हम राख के ढेर से भी उठ खड़े होंगे। अब्दुल्ला अबू शावेश ने कहा कि हालांकि गाजा में जंग नहीं चल रही है बल्कि इजरायल न हमला किया है। यह एकतरफा कार्रवाई है जो दो साल से जारी है। इसमें 67 हजार से ज्यादा निर्दोष फलस्तीनियों की मौत हुई है, जिसमें बच्चे, बूढ़े, महिलाएं और मरीज तक शामिल हैं। शावेश के मुताबिक अभी भी गाजा में सात हजार टन विस्फोटक पड़ा हुआ है जो वहां के जनजीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा है। बच्चे भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। स्कूल अस्पताल नष्ट हो चुके हैं।

